RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 75
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नडाल आसान जीत के साथ तीसरे दौर में
स्पोर्ट्स-12

# चरम की ओर तीसरी लहर, संक्रमण में फिर तेज उछाल

● एक दिन में 2,82,970 नए मामले आए, 441 लोगों की हुई मौत

● देश में 23 जनवरी को लगभग चार लाख मरीज आने की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में तीसरी लहर चरम की ओर बढ़ रही है। बुधवार को कोरोना मामलों में तेज उछाल आया और बीते 24 घंटों में 2,82,970 नए केस दर्ज किए गए, जो एक दिन पहले आए मरीजों से 44 हजार ज्यादा हैं। इस तरह सक्रिय मरीज बढ़कर 18,31,000 हो गए हैं, जो 232 दिनों में सबसे अधिक है। इनमें 8,961 ओमीक्रोन के मरीज भी हैं। भारत में आगामी 23 जनवरी तक और बढ़ने की संभावना है, उस दिन सबसे अधिक चार लाख केस आ सकते हैं। विशेषज्ञ इसे तीसरी लहर का चरम बता रहे हैं।

यह आकलन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर के वैज्ञानिक और सूत्र कोविड मॉडल से जुड़े शोधकर्ताओं में से एक मनिंद्र अग्रवाल का है। उन्होंने कहा कि दिल्ली, मुंबई और कोलकाता पिछले सात दिनों में कोरोना की लहर के चरम पर पहुंच चुके हैं। अग्रवाल के अनुसार, इस सप्ताह महाराष्ट्र, कर्नाटक, यूपी, गुजरात और हरियाणा में कोविड-19 मामले चरम पर होंगे, जबकि आंध्र प्रदेश, असम और तमिलनाडु जैसे राज्यों में अगले सप्ताह सबसे अधिक केस आ सकते हैं। पूरे देश की बात करें तो 23 जनवरी को देश में महामारी की तीसरी लहर का चरम हो सकता है जब देश में लगभग चार लाख केस आने की संभावना है। अग्रवाल ने पहले भविष्यवाणी की थी कि कोविड-19 की तीसरी लहर जनवरी के अंत तक चरम पर होगी। उन्होंने कहा कि देश भर में कोरोना संक्रमण की स्थिति तेजी से बदल रही है।

कई जगहों पर कोरोना को लेकर दिशानिर्देश अभी तक लागू नहीं हुए हैं, फिर भी संक्रमण की स्थिति बदल रही है। जाता सरकारी परामर्श के अनुसार अंतरराज्यीय घरेलू यात्रा करने वाले व्यक्तियों और कोविड मरीज के संपर्कों को तब तक टेस्ट करने की आवश्यकता नहीं है जब तक कि उन्हें उम्र या सहरोग के आधार पर उच्च जोखिम के रूप में चिन्हित नहीं कर लिया जाता। उनके विचार में भारत में ओमीक्रोन संक्रमण की स्थिति में बदलाव के दो प्रमुख कारण हैं। आबादी में दो समूह बने हुए हैं, एक ओमीक्रोन के खिलाफ कम प्रतिरक्षा वाला और दूसरा अधिक प्रतिरक्षा वाला। संक्रमण पहले कम प्रतिरक्षा वाले लोगों को पकड़ता है और फिर यह फैलता जाता है। अब पहला समूह समाप्त हो गया है और इसलिए इस वैरिएंट का प्रसार धीमा हो गया है। भारत में बुधवार को कोरोना से मरने वालों की संख्या 441 रही और इस तरह अब तक इस महामारी से 4,87,202 लोग जान गंवा चुके हैं। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार से ओमीक्रोन के मामलों में 0.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



कोलकाता में बुधवार को किशोरों को कोरोनारोधी टीका लगाते स्वास्थ्यकर्मी

## भ्रम में नहीं रहें, बहुत घातक है ओमीक्रोनः डब्ल्यूएचओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** भर में फिर कोविड मामलों में बढ़ोतरी के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो घेब्रेसिएसस ने चेतावनी दी है कि कोरोन वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट से दुनिया भर में अस्पतालों में मरीज बढ़ रहे हैं और मौतें हो रही हैं। इसलिए इस वैरिएंट को बिल्कुल हल्के में न लें, जैसा कि भ्रम फैलाया जा रहा है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार, दुनिया भर में कोरोना मामलों के बढ़ने के बीच डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानो ने बताया कि वैश्विक कोरोना वायरस केस लोड 333.5 मिलियन से ऊपर है, जबकि मौतें 5.55 मिलियन से अधिक हो गई हैं और इसके साथ ही टीकाकरण 9.68 बिलियन से अधिक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमीक्रोन औसतन कम गंभीर हो सकता है, लेकिन इसे कम संक्रामक और हल्का बताना भ्रामक है। इसके परिणामस्वरूप अधिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही बहुत अधिक लोगों की मौत हो सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध 28 फरवरी तक बढ़ाया गया

● एयर बबल समझौते के तहत प्रभावित नहीं होंगी उड़ानें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड** के ओमीक्रोन वैरिएंट मामलों की बढ़ोतरी के बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) ने निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों का निलंबन 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि एयर बबल समझौते के तहत उड़ानें प्रभावित नहीं होंगी। डीजीसीए के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि प्राधिकरण ने भारत से आने व जाने वाले अनुसूचित अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं के निलंबन को 28 फरवरी को रात 23.59 बजे तक बढ़ाने का फैसला किया है। यह निर्णय तब आया है जब दुनिया कोविड-19 महामारी की नई लहर का सामना कर रही है।

भारत का अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, भूटान, कनाडा, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, कजाकिस्तान, केन्या, कुवैत, मालदीव, मॉरीशस, नेपाल, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, कतर, रूस, रवांडा, सऊदी अरब, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, स्विटजरलैंड, तंजानिया, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और उजबेकिस्तान के साथ हवाई एयर बबल हैं।

समझौते के अनुसार कुछ नियमों और शर्तों के तहत दोनों तरफ से हवाई यात्रा की अनुमति देते हैं। एयर बबल समझौते के तहत उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया था लेकिन भारत ने कुछ देशों को जोखिम वाले देशों के रूप में के रूप में पहचाना। इस सूची में ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, घाना, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, तंजानिया, हांगकांग, इज़राइल, कांगो, इथियोपिया, कजाकिस्तान, केन्या, नाइजीरिया, ट्यूनीशिया और जाम्बिया सहित यूरोप के सभी देश शामिल हैं।

## कमरे में अंगीठी से घुटा दम महिला व चार बच्चों की मौत

● रात में सर्दी से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो गया था परिवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली समेत उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। शाहदरा के सीमापुरी इलाके में बुधवार को महिला और उसके चार बच्चों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला कि परिवार रात में सर्दी से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहा था। जहरीले धुएं की चपेट में आने से सभी की मौत हो गई। कमरे में ताजी हवा आने-जाने का कोई प्रबंध नहीं था। पुलिस के अनुसार, बुधवार दोपहर डेढ़ बजे पीसीआर कॉल आई थी, जिसमें पुरानी सीमापुरी इलाके के एक मकान की पांचवीं मंजिल पर स्थित कमरे में चार से पांच लोगों के बेहोश पड़े होने की जानकारी दी गई थी। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो कमरे का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। कमरे में एक महिला और उसके तीन बच्चे मृत मिले, जबकि सबसे छोटे बच्चे की सांसें चलती महसूस हो रही थीं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) आर सत्यसुंदरम के अनुसार, 35 वर्षीय मोहित कालिया अपनी पत्नी ( शेष पेज 9 )

## लोगों का सामना नहीं कर पाते मायावती और अखिलेशः योगी

● नोएडा नहीं आने को लेकर मुख्यमंत्री ने कसा दोनों विपक्षी नेताओं पर तंज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उनके पूर्ववर्ती यहां आने से इसलिए हिचकिचाते हैं, क्योंकि उनके पास लोगों के विकास और कल्याण के लिए कोई एजेंडा नहीं है। योगी ने कहा कि वह कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गौतमबुद्ध नगर के दौरे पर आये थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में दिल्ली से सटे नोएडा का दौरा करना अतीत में राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच 'अशुभ' माना जाता था, जो मानते थे कि इस क्षेत्र का दौरा करना एक मुख्यमंत्री के लिए अपशगुन है। मायावती ने गौतमबुद्ध नगर का दौरा किया और उनकी पार्टी 2012 में चुनाव हार गई, जबकि यादव ने 2012 से 2017 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जिले का कोई दौरा नहीं किया था।

हालांकि उनकी पार्टी भी चुनाव हार गई थी। हालांकि, 2017 में एक मजबूत जनादेश के साथ मुख्यमंत्री बने योगी ने नोएडा का दौरा किया और अंधविश्वास को लेकर अपने पूर्ववर्तियों पर निशाना साधा। योगी ने ग्रेटर नोएडा में स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गौतमबुद्ध नगर आना मेरे लिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि मुझसे पहले के मुख्यमंत्री हमेशा जिले का दौरा करने से हिचकिचाते थे। उन्होंने कहा कि वे डरते थे। उनका अपना जीवन और राजनीतिक शक्ति ही उनके लिए महत्वपूर्ण चीजें थीं। उनके पास राज्य ( शेष पेज 9 )

## सपा को झटका, मुलायम की पुत्रवधु अपर्णा भाजपा में



नई दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपर्णा यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक और वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार की बहू को इसके लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में अपर्णा यादव ने भाजपा का दामन थामा। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा, अपर्णा जी का भाजपा परिवार में स्वागत हैं। मुख्यमंत्री ने अपर्णा के ( शेष पेज 9 )

### भाजपा का अपना दल (एस), निषाद पार्टी से गठबंधन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपने सहयोगियों, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के साथ मिलकर राज्य की 403 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। नड्डा ने अपना दल (एस) की नेता व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद की मौजूदगी में भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन सा दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। नड्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी साथ मिलकर राज्य की 403 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के साथ विस्तार से चर्चा हुई और उसके बाद सीटों के तालमेल पर फैसला हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने विकास में एक नई छलांग लगाई है और प्रदेश के विकास को तेज गति दी है। नड्डा ने कहा कि संपर्क, शिक्षा और निवेश के क्षेत्र में पिछले पांच साल के दौरान उत्तर प्रदेश में बहुत काम हुआ है और कानून व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में पांच साल पहले पलायन हो रहा था, गुंडागर्दी हो रही थी, अपहरण हो रहे थे, सरकार के सहयोग से माफिया पनप रहे थे। पिछले पांच साल में सभी अराजक चीजें समाप्त हो गई हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

## कोविड से मौतों पर मुआवजा न देने पर बिहार व आंध्र प्रदेश तलब

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 से मृत्यु के मामलों में मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं दिए जाने को लेकर बुधवार को राज्य सरकारों पर अप्रसन्नता जताई और आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना कार्वाई शुरू की जाए। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश और बिहार सरकार के मुख्य सचिवों को बुधवार अपराह्न दो बजे ऑनलाइन पेश होने और यह स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया कि कोविड-19 से मृत्यु के मामलों में परिजनों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि का वितरण उनके राज्यों में कम क्यों हुआ है।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि वह अपराह्न दो बजे आदेश सुनाएगी। पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों से कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से संपर्क करने तथा मुआवजा दावों का पंजीकरण और वितरण उसी तरह करने के लिए कहा, जैसा 2001 में गुजरात में आए भूकंप के दौरान किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह कोविड-19 से मृत्यु के बिहार द्वारा दिए गए आंकड़ों को खारिज करती है और ए आंकड़े वास्तविक नहीं बल्कि सरकारी हैं। पीठ ने बिहार सरकार की तरफ से पेश हुए वकील से कहा, हमें भरोसा नहीं हो रहा कि बिहार राज्य में कोविड के कारण केवल 12,000 लोगों की मृत्यु हुई।

हम चाहते हैं कि आपके मुख्य सचिव दो बजे डिजिटल तरीके से यहां पेश हों। शीर्ष अदालत वकील गौरव कुमार बंसल और अन्य लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें कोविड-19 से मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कोविड-19 से मृत्यु के मामलों में अनुग्रह राशि के वितरण के लिए बनाए गए पोर्टल के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होने पर भी पिछले साल 13 दिसंबर को अप्रसन्नता व्यक्त ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,098 | ↓ | 656 | |
| निफ्टी | 17,938 | ↓ | 174 | |
| सोना | 47,878 | ↑ | 16 | /10g |
| चांदी | 63,435 | ↑ | 1603 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनावों में सबसे आगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसमें भारतीय जनता पार्टी 1,649 सीटों में से 384 सीटों पर विजय प्राप्त कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप मे उभरी है। इससे पहले आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने दावा किया था कि उनकी पार्टी राज्य में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है और 24 नगर पंचायत का नेतृत्व कर सकती है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने बुधवार शाम को नतीजों की घोषणा की जिसमें भाजपा को 384 और राकांपा को 344 सीटों पर जीत मिली है। एसईसी के आंकड़ों के अनुसार, कांग्रेस ने 316 सीटें जीती है जबकि शिवसेना को केवल 284 सीटों पर जीत हासिल हुई है। हाल में हुए पंचायत चुनाव में 206 निर्दलीय उम्मीदवार विजई हुए है।

## चीन की सेना ने अरुणाचल से किशोर का अपहरण कियाः सांसद

**भाषा।** नई दिल्ली

**अरुणाचल** प्रदेश से सांसद तापिर गाओ ने बुधवार को कहा कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने राज्य में भारतीय क्षेत्र के अपर सियांग जिले से 17 वर्षीय एक किशोर का अपहरण कर लिया है। गाओ ने कहा कि अपहृत किशोर की पहचान मिराम तरोन के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि चीनी सेना ने सियुंगला क्षेत्र के लुंगता जोर इलाके से किशोर का अपहरण किया। सांसद ने लोअर सुबनसिरी जिले के जिला मुख्यालय जिरो से फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा कि पीएलए से बचकर भागने में कामयाब रहे तरोन के मित्र जॉनी यइयिंग ने स्थानीय अधिकारियों को अपहरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों किशोर जिडो गांव के रहनेवाले हैं। सांसद ने कहा कि यह घटना उस स्थान के पास हुई, जहां शियांग ( शेष पेज 9 )

## 5जी से बाधा का अंदेशा, अमेरिका की 8 उड़ानें रद्द

● एयर इंडिया ने कहा, 5जी इंटरनेट लागू होने से विमानों के सिस्टम आ सकती है दिक्कत

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**अमेरिका** के एयरपोर्ट पर 5जी इंटरनेट सेवा लागू के चलते एयर इंडिया ने वहां जाने वाली आठ उड़ानों को रद्द कर दिया है। भारतीय एयरलाइंस का कहना है कि इंटरनेट की नई व्यवस्था के कारण उसके विमानों का नेवीगेशन सिस्टम गड़बड़ा सकता है। मालूम हो कि अमेरिका के एयरपोर्ट पर बुधवार से 5 जी सेवाएं सेवाएं शुरू की गई हैं। भारत-अमेरिकी रूट पर एयर इंडिया के बोइंग 777 विमान न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो जाते हैं। नई इंटरनेट तकनीक के चलते भारतीय विमानों पर वहां के एयरपोर्ट पर उतरते समय कोई दिक्कत न आए, इसके मद्देनजर दिल्ली-न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क-दिल्ली, दिल्ली-शिकागो, शिकागो-दिल्ली, दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को, सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली जैसी आठ फ्लाइटों को तत्काल रूप से रोक दिया है। मामले की जानकारी देते हुए एयर इंडिया ने बताया कि अमेरिकी में 5जी तकनीक का प्रयोग शुरू हो गया है। 19 जनवरी से कुल आठ फ्लाइटों को रोका गया है। हालांकि इस दौरान तीन भारतीय मालवाहक जहाज अमेरिका के लिए उड़ान भरते रहेंगे। अमेरिकी एयरलाइंस, डेल्टा एयरलाइंस और एयर इंडिया तीनों वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच सीधी उड़ानें संचालित करते हैं। वहीं दूसरे देशों की बात करें तो 5जी के चलते जापान, यूएई आदि की एयरलाइंस ने कुछ उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। एयर इंडिया के अधिकारी के अनुसार अमेरिकी एयरपोर्ट पर 5जी इंटरनेट में जो तकनीक प्रयोग हो रही है, उसकी वजह से हवाई जहाज की ऊंचाई मापने में गड़बड़ी हो सकती है। जानकारी मिली है कि इंटरनेट का पांचवा जनरेशन पुरानी तकनीक रेडियो सिग्नल से ज्यादा ताकतवर है। हवाई जहाज के उतरने और उड़ने के दौरान सिग्नल समस्या आ सकती है, इसलिए यात्रियों ( शेष पेज 9 )




प्रतीकात्मक चित्र

### आकाश में टकराने से बचे यात्रियों से भरे दो जहाज

● बेंगलुरु एयरपोर्ट से सैंकड़ों यात्रियों को लेकर पांच मिनट के अंतराल में उड़े थे दोनों विमान, जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सैकड़ों** यात्रियों के साथ इंडिगो के दो विमान 7 जनवरी को बेंगलुरु के ऊपर 3000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर हवा में एक-दूसरे से टकराने से बच गए। यह घटना केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से उड़ान भरने के तुरंत बाद हुई। यह घटना तब हुई जब इंडिगो की फ्लाइट 6ई 455 को कोलकाता के लिए और 6ई 246 को भुवनेश्वर के लिए एक ही समय लगभग पांच मिनट के अंतराल पर प्रस्थान करने की अनुमति दी गई। मामले की जांच कर रहे नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा है कि वह घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा।

घटना किसी भी लॉगबुक में दर्ज नहीं की गई थी और हवाई अड्डा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट भी नहीं की गई। डीजीसीए के अधिकारियों ने कहा कि इंडिगो के दो विमान 6ई455 (बेंगलुरु से कोलकाता) और 6ई246 (बेंगलुरु से भुवनेश्वर) को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर ब्रीच ऑफ सेपरेशन में शामिल थे। ब्रीच ऑफ सेपरेशन यानी अलगाव का उल्लंघन तब होता है जब दो विमान हवाई क्षेत्र में न्यूनतम अनिवार्य ऊर्ध्वाधर या क्षैतिज दूरी को पार करते हैं। अधिकारियों ने कहा कि घटना की सुबह, उत्तरी रनवे का उपयोग प्रस्थान के लिए और दक्षिण रनवे का उपयोग आगमन के लिए किया जा रहा था। बाद में, शिफ्ट इंचार्ज ( शेष पेज 9 )

# सीएम ने परखीं कोविड प्रबंधन की तैयारियां

## प्रदेश में चल रहे 521 ऑक्सीजन प्लांट, नोएडा और ग्रेनो में 11 प्लांट लगाए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बुधवार को ग्रेनो स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह। फोटो : दीपक यादव

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को ग्रेटर नोएडा आए। यहां उन्होंने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रेस वार्ता की, इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 लेकर तैयारियों के बारे में लोगों को अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस समय की सबसे बड़ी महामारी कोरोना को रोकने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में प्रबंधन का कार्य जिस बेहतरीन तरीके से चल रहा है, पूरी दुनिया ने इसकी तारीफ की है। कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर आ चुकी है। उत्तर प्रदेश में भी इसके मामले मिल रहे हैं। हम सभी इस बात को बखूबी से जानते हैं कि पहली लहर को काबू करने के बाद दूसरी लहर के दौरान उत्तर प्रदेश या देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में ऑक्सीजन की कमी देखने को मिली थी। उस समय भारत सरकार ने ऑक्सीजन स्पेशल ट्रेन चलवाई थी, जिससे पूरे देश में ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई। इस बड़ी समस्या के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पर कार्य किया और आज पूरे उत्तर प्रदेश में 521 ऑक्सीजन प्लांट हैं।

इसमें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 11 ऑक्सीजन प्लांट बनाए गए हैं, जो फिलहाल क्रियाशील है। कोरोना वैक्सीनेशन ड्राइव का कार्यक्रम एक साल पहले 16 जनवरी 2021 से शुरू हुआ। एक वर्ष के दौरान पूरे भारत देश में 157 करोड़ वैक्सीन की डोज उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि आज मुझे यह बताते हुए खुशी महसूस हो रही है कि 23 करोड 75 लाख वैक्सीन डोज लोगों को उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

सीएम ने कहा उत्तर प्रदेश इस समय एक अच्छी स्थिति में है। हमने प्रदेश के अंदर 95 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन उपलब्ध करवाई है। उत्तर प्रदेश में 15 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों को एक करोड 40 लाख डोज दी जानी है इनमें से उत्तर प्रदेश सरकार ने 62 लाख बच्चों को डोज उपलब्ध करवा दी गई है।

### ओमिक्रोन से भागने या डरने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में नया वेरिएंट ओमिक्रोन आया है। अगर हम देखें तो ओमिक्रोन के मरीज उत्तर प्रदेश में एक प्रतिशत से भी कम है। आज उत्तर प्रदेश में जितने कोरोना संक्रमण के एक्टिव मामले हैं, उनमें से केवल 0.5 प्रतिशत ही अस्पताल में मौजूद हैं। ऐसे ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इस समय 9 हजार से भी ज्यादा लोग कोरोना वायरस से संक्रमित है। जिसमें से केवल 200 लोग ही अस्पताल में मौजूद हैं। अस्पताल में भर्ती मरीज वह है, जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। इसलिए कोरोना की थर्डवेव में भागने या डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन यह बीमारी है इसलिए सावधानी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए हमको 2 गज की दूरी और मास्क के जरूरी नियमों का पालन करना होगा। यह इस समय सबसे जरूरी मंत्र है। जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं ली है, वह लोग जल्द से जल्द वैक्सीन लगवा लें।

# प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच किया नामांकन

## गाजियाबाद से राज्यमंत्री अतुल गर्ग, मुरादनगर से अजीतपाल, लोनी से मदन भैया, हाजी आकिल समेत कई उम्मीदवारों ने भरा परचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री अतुल गर्ग समेत अन्य पार्टियों के कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इससे पहले ज्यादातर प्रत्याशियों ने अपने चुनाव कार्यालयों का भी शुभारंभ किया।

गाजियाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश के राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने बुधवार को पहले नवयुग मार्किट में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल के अलावा पवन गोयल, वेद प्रकाश गर्ग, देवेंद्र हितकारी समेत अनेक भाजपाई मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। मुरादनगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी व विधायक अजीतपाल त्यागी अपने आवास से सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मेयर आशा शर्मा व पूर्व मेयर आशु वर्मा, भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता समेत अनेक भाजपाई रहे।

गाजियाबाद विधानसभा से सपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी विशाल शर्मा ने कलक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ रालोद के महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वहीं मुरादनगर से सपा-राष्ट्रीय लोकदल प्रत्याशी पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी अपने आवास से कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ सपा के जिलाध्यक्ष राशिद मालिक, महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, रालोद के अमरजीत विडडी, दिनेश शर्मा आदि रहे। मुरादनगर से कांग्रेस के प्रत्याशी बिजेंद्र यादव ने पहले पुराना बस अड्डे पर अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर गाजियाबाद विधानसभा से कांग्रेस् प्रत्याशी सुशांत गोयल, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, सतीश त्यागी,हाजी लियाकत,नसीम खान, राजाराम भारती उपस्थित रहे। मुरादनगर से बसपा प्रत्याशी हाजी अयूब इदरीसी ने नामांकन पत्र भरा।

लोनी विधानसभा से सपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व विधायक मदन भैया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं बसपा प्रत्याशी हाजी आकिल लोनी से कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ बसपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र जाटव भी उपस्थित रहे। लोनी से कांग्रेस प्रत्याशी यामीन मालिक ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसके अलावा कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन दाखिल किए।

किसान समिति का ऐलान

# समस्याओं का निस्तारण कराने वाले प्रत्याशी को देंगे समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद विधानसभा क्षेद्ध के मकनपुर, कनावनी, पहलाद घड़ी अर्थला, झंडापुर के किसानों ने वसुंधरा के मदर्स प्राइड स्कूल में बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव में उसी प्रत्याशी का समर्थन देने का ऐलान किया है जो प्रत्याशी किसानों की समस्याओं को हल कराने में मदद करेगा और किसानों की आवाज को उठाएगा।

किसान समिति के उपाध्यक्ष आशीष कौशिक ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का प्रयोग इन सभी गांवो के किसान बहुत लंबे समय से करते आ रहे हैं। मगर जब से इन गांवों की जमीन का अधिग्रहण कर यहां कॉलोनी वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम बनाई गई है तब से राजनीतिक पार्टी द्वारा इन गांवों की अपेक्षा की जाने लगी है।

# नागर समेत सभी प्रत्याशियों के खिलाफ निवासियों में रोष

## लोगों ने सोसाइटी गेट पर लगाए पोस्टर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही अब उम्मीदवार लोगों से घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इस समय भाजपा उम्मीदवार तेजपाल नागर समेत सभी पार्टियों के प्रत्याशियों का विरोध देखने को मिल रहा है। गौर सिटी में स्थित 5 एवेन्यू के गेट पर निवासियों ने पोस्टर लगा दिया है। जिसमें निवासियों ने लिखा है कि बिना समस्या समाधान वोट मांग कर शर्मिंदा ना हो।

यह पोस्टर सिर्फ मेन गेट पर ही नहीं बल्कि सोसायटी के अंदर भी काफी स्थानों पर लगे हुए हैं। लोगों ने अपने अपार्टमेंट के गेट के अलावा, पार्किंग स्थल, बालकनी और टावर के द्वार पर इस तरीके के पोस्टर लगाए हुए हैं।

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी की हालत काफी खस्ता है। निवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए काफी परेशान हैं। इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की गई, लेकिन 5 साल हो गए हैं परंतु कोई भी उनकी मदद करने के लिए तैयार नहीं है।

# बीएसएफ के साथ निकाला फ्लैग मार्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में बुधवार को आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा पुलिस बल व केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों के साथ अपने-अपने जोन क्षेत्र के अंतर्गत क्रिटिकल व वल्नेरेबल एरिया व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

नोएडा जोन के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नवादा, बिशनपुरा, बी ब्लॉक, शाप्रिक्स मॉल, खोडा रोड में फ्लैग मार्च निकाला गया तथा पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को शांतिपूर्वक अधिक से अधिक संख्या में निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने व ऐसे व्यक्ति जो चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी कर सकते हैं उनकी जानकारी देने के लिए भी कहा गया।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों को आसपास के हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# आज निर्दलीय नामांकन करेगी रंजीता धामा

**गाजियाबाद।** विधायक नंदकिशोर गूर्जर से चैयरपर्सन रंजीता मनोज धामा ग्रुप की अदावत के चलते रंजीता धामा बागी हो गईं हैं । उन्होंने इसके संकेत पूर्व में हुई बेहटा की महापंचायत में दे दिये थे।

उन्होने सोशल मीडिया के जरिये अपना व अपने पति मनोज धामा कर इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष स्वंतंत्र देव सिंह संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष को भेजा है। आज 11 बजकर 11 मिनिट पर वे अपना नामांकन दाखिल करेगी। सूत्रों से यह भी पता चल रहा है कि मनोज धामा भी नामांकन करेगें हलांकि इस समय वे जेल में हैं।

# पंकज फिर बने नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बुधवार को हुए नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव में एक बार फिर वरिष्ठ पत्रकार पंकज पाराशर अध्यक्ष बने हैं। पंकज पाराशर पैनल ने 100 वोटों अपनी जीत दर्ज कराई है।

चुनाव बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक करवाया गया है। बड़ी बात यह है कि 91.04 प्रतिशत वोट डाले गए है। बता दें कि इसमें पंकज पाराशर और दानिश अजीज का पैनल चुनाव लड़ रहे थे। जिसमें दानिश अजीज पैनल को हार का सामना करना पड़ा।

चुनाव अधिकारी एलबी सिंह ने बताया कि 324 पत्रकार वोटर लिस्ट में शामिल थे। इनमें से 295 वोटरों ने मतदान किया है। 243 वोटरों ने नोएडा मीडिया क्लब में बनाए गए मतदान केंद्र पर वोटिंग की और 45 पत्रकारों ने पोस्टल बैलट का उपयोग किया है। चुनाव अधिकारी एलबी सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह 10:00 बजे नोएडा मीडिया क्लब के मतदान केंद्र में वोटिंग शुरू करवाई गई जो निर्धारित समय 4:00 बजे तक निर्बाध रूप से चलती रही। चुनाव में कुल 91.04 प्रतिशत वोटिंग हुई। आपको बता दें कि शहर के सेक्टर-29 गंगा शॉपिंग काम्प्लेक्स में नोएडा मीडिया क्लब का कार्यालय स्थित है।

पंकज पाराशर के पैनल से उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र चौधरी महासचिव पद पर विनोद राजपूत कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार भाटी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आंचल यादव राजकुमार और सौरव कुमार राय हैं। दूसरे पैनल में अध्यक्ष पद पर दानिश अजीज उपाध्यक्ष पद पर जयप्रकाश सिंह महासचिव पद पर अमित कुमार चौधरी कोषाध्यक्ष पद पर कुलदीप सिंह कार्यकारणी पद पर हिमांशु शुक्ला मनोज वत्स और पवन त्रिपाठी चुनाव लड रहे थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक ने भरा परचा

**नोएडा।** नोएडा विधानसभा 61 से कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक ने नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के साथ सूरजरपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक ने नवादा गांव स्थित प्राचीन मंदिर में पूजा की।

इस मौके पर उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुध नगर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार तंवर, युवा कांग्रेस गौतमनगर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम नागर, किसान कांग्रेस गौतमबु नगर जिला अध्यक्ष गौतम अवाना समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार



सड़क पर सोए एक शख्स को कंबल ओढ़ाते संस्था के सदस्य।

### संस्था ने सर्दी में ठिठुरते लोगों को बांटे गरम कपड़े

**नोएडा।** प्रदेश में दिन प्रतिदिन कडकडाती ठंड को देखकर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं के जोश से स्थापित संस्था चैलेंजर्स ग्रुप ने ऐसे लोगों का सर्दी से बचाव हेतु संकल्प लिया। जिसके अंतगर्त सदस्यों द्वारा जगह-जगह जरूरतमंद लोगों को रजाई, कम्बल, जैकेट, लोई, इत्यादी प्रदान कर हर मदद पहुंचाई जा रही है। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि एक अच्छे समाज के अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा ये दायित्व बनता है कि हमारे आसपास कोई भी व्यक्ति इस कड़कड़ाती सर्दी से ठिठुरते हुआ न दिखाई पड़े और अगर दिखाई पड़े तो हम उसकी आगे आकर मदद कर सकें।



कार्याशाला में भाग लेते अध्यापकगण।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**साहिबाबाद।** राजेंद्र नगर विद्या भारती द्वारा विद्यालयों में संचालित एनईपी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही है। इस योजना के अंतर्गत बुधवार को एनईपी के महत्वपूर्ण विषय एक्सपीरियंसल लर्निंग को लेकर स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ । इसमें विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश गुप्ता समस्त विद्यालय परिवार के आचार्यगण सम्मिलित रहे। जिसमें एक्सपीरियंशियल लर्निंग अर्थात अनुभव से स्वयं करके सीखना इसके विषय में आचार्य दीपक वर्मा ने बहुत ही अच्छे ढंग से सभी को समझाया। कार्याशाला में आचार्य मोहित वर्मा द्वारा लेसन प्लान के माध्यम से एक्सपीरियंशियल लर्निंग को किस तरह से कक्षा कक्ष तक पहुंचाया जाए और कक्षा कक्ष से बाहर समाज में या अपने दैनिक व्यवहार में एक्सपीरियंसल लर्निंग का प्रयोग छात्र-छात्राएं कैसे करें ,इसको बहुत ही अच्छे और प्रभावी तरीके से सभी आचार्यों के सामने रखा। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप कौशिक, रमा, प्रदीप गुप्ता रहे।

### कूड़े के ढेर पर पड़ा मिला नवजात

**नोएडा।** मंगलवार रात सेक्टर 49 थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के हनुमान मूर्ति के पास एक कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु पड़ा मिला पुलिस ने तत्काल शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात सेक्टर 49 थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम थाना क्षेत्र में बनी हनुमान मूर्ति के पास पहुंची, तो पुलिस टीम को किसी नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी।

# कोरोना काल में मरीजों में बढ़े डिप्रेशन और एंजायटी के मामले

## नकारात्मकता से दूर रहें, अच्छा सोचें, सावधान रहें संक्रमित मरीज : डा. साकेतनाथ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोविड की तीसरी लहर के चलते जैसे-जैसे संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे डिप्रेशन और एंजायटी के मामले भी बढ़ रहे हैं, हालांकि स्थिति कोविड की पहली और दूसरी लहर से बेहतर है। उसका कारण है कि कोरोना को लेकर अब लोगों को काफी जानकारी हो चुकी है। बचाव के तरीके भी सबको पता लग चुके हैं और साथ ही कोविडरोधी टीकाकरण ने भी लोगों को कोविड के स्टिग्मा से उबरने में मदद की है। यह बातें बुधवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के साइकेट्रिस्ट कंसलटेंट डा. साकेतनाथ तिवारी ने कही।

उन्होंने कहा कोविड से डरने की जरूरत नहीं है। सावधानी और सतर्कता रखेंगे तो कोरोना संक्रमण से उबरने में दिक्कत नहीं होगी। वैसे भी विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में फैला संक्रमण उतना खतरनाक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोविड मामले में ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत इसलिए पड़ती है क्योंकि संक्रमण के दौरान पीड़ित को एकांतवास में रहना पड़ता है और ऐसे में निगेटिव सोच हावी होने का खतरा हो जाता है। इसलिए पीड़ित परिजन शारीरिक रूप से सुरक्षित दूरी पर रहते हुए भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखें।

# किसान मोर्चा व ओबीसी मोर्चा ने संयुक्त रूप से किया प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विधानसभा चुनाव के अंतर्गत किसान मोर्चा नोएडा महानगर और ओबीसी मोर्चा के द्वारा संयुक्त चुनाव प्रचार किया गया। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम बसई में रामनिवास के निवास पर बैठक भाजपा से उम्मीदवार पंकज सिंह के लिए घर-घर जाकर वोट मांग कर भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया ।

जिला प्रभारी बसंत त्यागी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश और केंद्र में बनी है तब से अब तक सरकार ने किसानों के लिए कई काम किया है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए लाई योजनाओं में किसान सम्मान निधि, किसानों के बिजली बिल माफ किया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी बसंत त्यागी, भाजपा के जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा सरकार बनने पर अधूरे काम होंगे पूरे : सुनील

**नोएडा।** सपा नोएडा से विधानसभा के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने बुधवार को सपा नोएडा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव की टीम के साथ कच्ची कॉलोनी में शामिल गढ़ी चौखंडी गांव बेहलोलपुर गांव चोटपुर गांव का दौरा किया और कच्ची कॉलोनी और गांव के विकास का मुद्दा उठाया। सपा सरकार बनने पर कच्ची कॉलोनी के विकास की बात कही।


**शुद्धिपत्र**

कृपया इस समाचार पत्र के दिल्ली संस्करण के शनिवार, 27 नवम्बर, 2021 अंक में पृष्ठ सं. 2 पर प्रकाशित पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस शीर्षक के विज्ञापन में मुकेश जैन (कर्जदार) दर्शना देवी (सह-कर्जदार 1) जय भगवान जैन (सह-कर्जदार 2) के संबंध में दिल्ली - पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर 00000380 के स्थान पर 00041961 के रूप में पढ़ें। शेष विषयवस्तु यथावत रहेगी। यह शुद्धिपत्र उपरोक्त विज्ञापन का अंश एवं खंड माना जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

मैं, इमरान अली पुत्र श्री फुरकान अली, जे-47, गली नम्बर 12, जे -एक्सटेंशन, लक्ष्मी नगर, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली - 110092 का रहने वाला, घोषणा करता हुँ कि मेरे दोनो बेटो (मोहम्मद कामरान अली और मोहम्मद फरहान) के शैक्षिक दस्तावेजों में गलती से मेरा नाम इमरान खान लिखा हुआ है जबकि मेरा वास्तविक नाम इमरान अली है जिसके अनुसार संशोधन मान्य होगा !

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. R.K. Ahuja & Mrs. Meena Ahuja were joint owners of Plot No. 1, area measuring 624 sq. mtrs., Block-A, Sector-19, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P (the said property) by virtue Transfer deed dated 14.01.1993 registration No. 47/48, and after demise of Mr. R. K. Ahuja his wife Mrs.Meena Ahuja is claiming ownership of remaining ½ share of the said property which was owned by Mr. R. K. Ahuja by virtue of Mutation Letter dated 01.01.2018 in the record of Noida Authority, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, to Mr. Dhruv Mahendru who is taking Loan from ICICI Bank Ltd., for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Meena Ahuja upon the above property its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

यह सामान्य जनता को सूचित किया जाता है की आई सी आई सी आई दवारा जारी किये गए पहचान पत्र जो की श्री मुकेश कुमार और राजेश बाबू के है, जिनके पहचान पत्रों के न. 2109994 और 2112014 है, दिनाक 25/12/2021 को खो गए है। यदि किसी ब्यक्ति को यह पहचान पत्र मिलते है तो अनुरोध है की आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड एसडी टावर, द्वितिये तल, रोहिणी सेक्टर 8, दिल्ली 110085 में जमा करा दे।
इसलिए, आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है की वे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को आईडी कार्ड नंबर के पास कोई भुगतान न करे। यदि भविष्य में कोई भी ग्राहक उपरोक्त पहचान पत्रों के धारक को भुगतान करता है। वह अपनी लागत, जोखिम के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा और आई सी आई सी आई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।
**आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड के लिए**
**दिनाक 19.01.2022** **स्थान : एसडी टावर रोहिणी सेक्टर 8 दिल्ली 110085**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तनु तिवारी/ सचिन कौशिक- LBKOT00003042474 | प्लॉट नंबर 530, वेव ड्रीम होम्स टॉवर 8, 5वीं मंजिल ग्रुप हाउसिंग जीएच 6ए, सेक्टर 5 वेव सिटी एनएच 24, गाजियाबाद- 201001/ 18 जनवरी, 2022 | जून 25, 2021 ₹ 7,82,056.14/- | कोटा/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: जनवरी 20, 2022
स्थान: गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Harjit Singh Dua (H.S.Dua) S/o Dr. Sant Singh Dua ( Shri S.S.Dua) R/o Flat No. 1085, Sector- A, Pocket- B&C, Vasant Kunj, New Delhi - 110070 am the Owner of Flat No. 1085, Sector- A, Pocket- B&C, Second Floor with Scooter Garage Vasant Kunj New Delhi -70, vide DDA's File F.96(206)87/KG-II. The Original Documents viz (1) Allocation Letter (2) Demand cum Allotment Letter (3) Possession Slip (4) NOC for Water & Electricity Connection (5) Bank Challans and other of the said property have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.1127939/2021 on 31.12.2021
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 8800616507 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023 .

**PUBLIC NOTICE**

My client, Sh. RAKESH S/o Sh. NARAYAN SINGH R/o 30, VILLAGE GHONDLI KRISHNA NAGAR DELHI is registered owner of property address prop. No. 1/2627-A AND PLOT NO. 60, RAM NAGAR, LONI ROAD, SHAHDARA, DELHI. My client has lost the one chain documents i.e. GPA, ATS, WILL, POSSESSION LETTER and AFFIDAVIT dated 04/05/2016 executed by Sh. Girraj in favour of Sh. Nepal Singh. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
**Vishal Mehan (Advocate)**
**Ch. No. E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**

**सार्वजनिक सूचना**

हम, मैसर्स ट्रांस ओवरसीज सर्विसेज, जिनका श्रमशक्ति निर्यात हेतु उत्प्रवासन अधिनियम, 1983 के अधीन पंजीकरण प्रमाणपत्र सं. B-0035/DEL/PER/1000+/5/7766/2006 दिनांक 07.12.2006 है, आगामी 07.12.2021 से अपना व्यापार बंद करने जा रहे हैं। हमारे विरुद्ध यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो उस स्थिति में इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सम्पर्क स्थापित करें। शिकायत की प्रतियां प्रोटेक्टर जनरल अरफ एमिग्रैंट्स, विदेश मंत्रालय, 9वां तल, अकबर भवन, सत्य मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 को भेजी जा सकती है।
कृते मैसर्स ट्रांस ओवरसीज सर्विसेज
हस्ता/-
(प्रोपराइटर श्री उज्ज्वल शर्मा)
पताः एल-4, मेजेनाइन फ्लोर, पहली मंजिल और दूसरी मंजिल, कनॉट प्लेस, हल्दीराम मिठाई के बगल में, नई दिल्ली-110001



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोरोना केस घटे, प्रतिबंधों में ढील के संकेत

## स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा- हालात की समीक्षा कर शीघ्र लिया जाएगा फैसला

## पिछले सप्ताह 20,000 से अधिक मामले सामने आ रहे थे, जो अब घटकर 13 हजार के आसपास





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से कोविड-19 के मामलों में गिरावट दर्ज की जा रही है।

मुंबई और कोलकाता के बाद दिल्ली में भी कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी से कमी आ रही है। पिछले सप्ताह दिल्ली में रोजाना 20,000 से अधिक मामले सामने आ रहे थे, जो अब घटकर 11 हजार के आसपास पहुंच गए हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में दिल्ली वालों को प्रतिबंधों से छूट का ऐलान भी हो सकता है, इसका इशारा स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र ने किया है। हालांकि, उन्होंने तत्काल राहत से इनकार किया है। मंत्री ने कहा कि गत दिनों के दौरान सकारात्मकता दर 30 प्रतिशत से गिरकर 22.5 प्रतिशत हो गई है।

इसके साथ ही कोरोना के कुल मामलों की संख्या में भी कमी आई है। बावजूद इसके सकारात्मकता दर इतनी कम नहीं है कि कोरोना के कारण लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दे सकें। सत्येंद्र जैन ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पाबंदियां कम करने से पहले संक्रमण दर की प्रवृत्ति की पुष्टि के लिए तीन से चार दिन तक कोविड-19 संबंधी स्थिति की समीक्षा करेंगे। बुधवार को कोविड-19 के 13 हजार के करीब मामले सामने आ सकते हैं और संक्रमण दर 24 प्रतिशत रह सकती है। मंत्री ने शहर में पाबंदियां हटाने के सवाल पर कहा कोविड-19 की संक्रमण दर 30 प्रतिशत से घट कर 22.5 प्रतिशत पर आ गई है। संक्रमण दर इसकी आधी होनी चाहिए। आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को कोविड-19 के 11,684 नए मामले समाने आए थे और संक्रमण दर 22.47 प्रतिशत थी।

वहीं, सोमवार को कोविड-19 के 12,527 नए मामले सामने आए थे और संक्रमण से 24 लोगों की मौत हुई थी, जबकि संक्रमण दर 27.99 प्रतिशत थी। जांच दर कम होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी को कोविड-19 संबंधी जांच से इनकार नहीं किया जा रहा है और अधिकारी केन्द्र से जारी दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं। कोविड-19 के अधिक लक्षण वाले मरीजों के सम्पर्क में आए लोग और जिनमें संक्रमण के लक्षण हैं, वे जांच कराएं। मंगलवार को उन्होंने स्पष्ट किया कि सामुदायिक स्तर पर सभी स्थानों पर जांच की जाए, जो वह कर रहे हैं। पिछले छह महीने से रोजाना 50 से 60 हजार जांच की जा रही है।

## कोरोना के 13785 नए मामले, 35 की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बुधवार को कोविड-19 के म13785 नए संक्रमित मरीज मिले। संक्रमण दर 23.86 फीसदी दर्ज की गई है। चिंताजनक बात यह है कि पिछले चौबीस घंटे में 35 मरीजों की संक्रमण से जान चली गई है।

अच्छी बात है कि इस दौरान 16,580 मरीज बीमारी को मात देकर ठीक भी हुए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 75,282 हो गई है। अस्पतालों में 2734 मरीज भर्ती है. जिसमें से 147 मरीज वेंटीलेटर और 855 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इसके अलावा 761 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में 57,776 टेस्ट किए गए हैं। जिसमें 44,737 आरटीपीसीआर और 13,039 रैपिड एंटीजन टेस्ट शामिल है। इसके अलावा होम आइसोलेशन में मरीजों की संख्या 58,501 हो गई है। वहीं कंटेनमेंट जोन की संख्या अब 39,489 पहुंच गई है।

केंद्र सरकार की कोविड जांच बढ़ाने को लेकर लिखे पत्र के बाद दिल्ली में कोविड जांच फिर बढ़ाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की बुधवार को हुई एक बैठक में सभी जिसे को अपने यहां ट्रांजिट प्वाइंट (बसअड्डा, मेट्रो स्टेशन व अन्य), कंटेनमेंट जोन व उसके बाहर बफर जोन में जांच बढ़ाने को कहा गया है।

# त्रिलोकपुरी में मिले 2 लावारिस बैग, हड़कंप



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह से पहले पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में बुधवार को दो लावारिस बैग मिले। हालांकि, बैग में लैपटॉप और निजी उपयोग की वस्तुएं मिलीं तथा कोई संदिग्ध सामग्री नहीं पाई गई।

अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें दोपहर एक बजे त्रिलोकपुरी ब्लॉक-15 के मेट्रो खंभा संख्या 59 के पास बैग पड़े होने की फोन पर सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) प्रियंका कश्यप ने बताया कि त्रिलोकपुरी में मेट्रो खंभा संख्या 59 के पास दो लावारिस बैग पड़े होने के बारे में कल्याणपुरी पुलिस थाने को एक पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) कॉल आई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने ही हमारे कर्मी मौके पर पहुंचे और जगह को खाली कराया। मौके पर दो बैग पाये गए। एक बम रोधी दस्ता वहां पहुंचा और जांच के बाद बैग में कुछ भी संदिग्ध सामग्री नहीं पाई गई। उन्होंने बताया कि बैग से प्राप्त हुए दस्तावेज सोमेश गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के हैं। डीसीपी ने बताया कि बैग में लैपटॉप, मोबाइल फोन, निजी उपयोग की वस्तुएं और कुछ दस्तावेज थे। उन्होने कहा कि आगे की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह गाजीपुर फूल मंडी के मुख्य द्वार के पास आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट भरा एक आईईडी मिला था। वह भी लावारिस पड़े एक बैग में रखा था।

यह विस्फोटक सामग्री लोहे के बक्से के अंदर रखी हुई थी, जिसे काले रंग के बैग में रखा गया था। आईईडी को बाद में बम रोधी दस्ते ने नियंत्रित विस्फोट तकनीक की मदद से नष्ट कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर राजधानी क्षेत्र में हाई अलर्ट है क्योंकि पुलिस को खुफिया एजेंसियों से संभावित आतंकी हमले के बारे में सूचना मिली है।

## गणतंत्र दिवस : दिल्ली पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर स्वास्थ्य अवकाश को छोड़कर अपने सभी कर्मियों की हर प्रकार की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक आदेश जारी किया, जिसपर विशेष पुलिस आयुक्त (एचआर प्रभाग) सुंदरी नंदा के हस्ताक्षर हैं। आदेश के अनुसार, गणतंत्र दिवस परेड से संबंधित प्रबंधों के मद्देनजर अगले आदेश तक स्वास्थ्य अवकाश को छोड़कर सभी कर्मियों की हर प्रकार की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। आदेश में कहा गया है कि सभी वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक कर्मियों को गणतंत्र दिवस परेड से संबंधित ड्यूटी पर लगाया जाए।

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, दिन में भी छूटी कंपकंपी

● सप्ताह के आखिर में हो सकती है बारिश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर में पड़ रही कड़ाके की ठंड अभी कुछ और दिन जारी रह सकती है। हालांकि इस दौरान कुछ राहत तो मिलेगी, लेकिन कभी दिन तो कभी रात की ठिठुरन परेशान करती रहेगी। लोग ठंड से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं।

इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि सप्ताह के आखिर में बारिश हो सकती है। इस बारिश के बाद पारे में गिरावट का दौर शुरू होगा और कोहरे से भी राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। फिलहाल कोहरे और ठंड की वजह से उत्तर भारत में बुरा हाल देखा जा रहा है। इस बीच बुधवार को सुबह न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और शहर के कई हिस्सों में कोहरा छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि कोहरा और बादल छाए रहने से कई इलाकों में दिन में ठंड बढ़ सकती है। दिल्ली वाले गत बृहस्पतिवार से सर्दी का सामना कर रहे हैं। सफदरजंग वेधशाला ने भी 14 जनवरी और 15 जनवरी को सर्द दिन के तौर पर दर्ज किया। आईएमडी के अनुसार सर्द दिन तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे हो। गंभीर ठंड की स्थिति तब होती है जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री कम होता है।

आईएमडी ने कहा कि ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। 21 जनवरी से 23 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में वर्षा होने की संभावना है।

### बहुत खराब श्रेणी में दिल्ली की आबोहवा

अधिकतम तापमान में गिरावट और वातावरण में नमी अधिक होने से बुधवार को दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और नोएडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर रहा।

# ऑड-इवन से परेशान व्यापारियों में नाराजगी

● कांग्रेस ने सभी दुकानों को जल्द खोलने की छूट देने की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत से ही राष्ट्रीय राजधानी बड़ी संख्या में कोविड-19 के मामले सामने आ रहे हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एहतियातन पाबंदियां लगाई हैं।

शुक्रवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह पांच बजे तक वीकेंड कर्फ्यू भी लगा दिया गया। साथ ही बाजारों में भीड़भाड़ न हो और संक्रमण पर लगाम लगाई जा सके इसके मद्देनजर ऑड ईवन के तहत दुकानें खोलने के भी निर्देश दिए गए थे लेकिन अब तीन-चार दिनों से कोरोना के नए मामलों में कमी आई है। इसके बाद जगह-जगह व्यापारियों के संगठनों ने दिल्ली सरकार द्वारा लागू की गई ऑड-इवन की नीति को लेकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस दिल्ली सरकार से व्यापारियों को राहत देने की मांग की है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सत्ता की लालच में दूसरे राज्यों में चुनावी पर्यटन के लिए दिल्ली में जल्दबाजी और बिना सोचे समझे बाजारों में ऑड-इवन के अनुसार दुकान बंद रखने और वीकेंड कर्फ्यू का निर्णय लिया जिससे व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। सरकार के निर्णय के बाद बाजार में प्रत्येक दुकान को सिर्फ 2-3 दिन ही खोलने का मौका मिल पा रहा है जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा रहा है। सरकार को तुरंत व्यापारियों के हित में ऑड-ईवन को खत्म करके सभी दुकानों को खोलने का निर्णय लेना चाहिए। व्यापारियों को हो रहे नुकसान के लिए केजरीवाल सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है क्योंकि सामाजिक दूरी का पालन कराना दुकानदार का नहीं, प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## सुल्तानपुरी में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में एक व्यक्ति ने पड़ोसी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना में नरसिंह नाम का 42 वर्षीय एक व्यक्ति घायल भी हो गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी इरफान और उसके भाई मोहम्मद शान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इरफान को पूर्व में, पीड़ित पक्ष की एक लड़की से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और शुक्रवार को वह जमानत पर बाहर आया था। आरोप है कि इरफान ने जमानत मिलने के दो दिन बाद अपनी गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए उनके परिवार के इकलौते कमाने वाले व्यक्ति की हत्या कर दी।

## बीस हजार की रिश्वत लेते हुए एसआई को सीबीआई ने पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीबीआई ने कथित रिश्वत मामले में सुल्तानपुरी थाना में तैनात दिल्ली पुलिस के एएसआई को गिरफ्तार किया है। एएसआई कुलदीप सिंह और एक बिचौलिया भगत लाल को सीबीआई ने एक व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार किया।

व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसके भाई और भतीजे से संबंधित मामले में जांच कर रहे एएसआई ने दोनों को गिरफ्तार नहीं करने के एवज में शिकायतकर्ता से 40,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के प्रवक्ता आरसी जोशी ने कहा कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की, आरोपी ने शिकायतकर्ता को यह रकम थाना के सामने चाय की दुकान चला रहे व्यक्ति को देने का निर्देश दिया।

सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने छापेमारी की और सिंह के निर्देश पर शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 20,000 की रिश्वत लेते हुए लाल को गिरफ्तार कर लिया। जोशी ने कहा कि आरोपी के परिसरों की तलाशी ली गई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को दिल्ली की संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### ककरोला में बनाई 25 से अधिक आकर्षक वॉल पेंटिंग

**नई दिल्ली।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 और आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर नजफगढ़ जोन के प्राथमिक विद्यालय ककरोला में 25 से अधिक सुंदर व आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई गई। यह पेंटिंगस मुख्यता विविध विषयों जैसे की राष्ट्रवाद, स्वतंत्रता आंदोलन, स्वास्थ्य, व्यायाम, योगा आदि पर बनाई गई है। इन सुंदर पेंटिंग बनावाने का उद्देश्य विद्यालय का सौंदर्यीकरण के साथ साथ छात्रों को महत्वपूर्ण विषयों जैसे कि राष्ट्रवाद, स्वच्छता व व्यायाम के बारे में जागरूक करना है। नजफगढ़ जोन के अन्य विद्यालयों में भी इस प्रकार की पेंटिंग बनाई जा रही है। दक्षिणी निगम द्वारा सभी जोन में इस प्रकार की वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है और नागरिकों द्वारा इन वॉल पेंटिंग को सराहा भी जा रहा है। क्षेत्र के कई आरडब्ल्यू ने भी निगम से मांग की कि उनके क्षेत्र में भी ऐसी पेंटिंग बनाई जाए। दक्षिणी निगम ऐसी पेंटिंग मुख्यता ढलाव घरों, सार्वजनिक शौचालयों, प्राथमिक विद्यालयों, निगम कार्यालयों आदि की दीवारों पर बनवा रहा है।

### चार मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** हरिनगर में बुधवार को चार मंजिला इमारत में आग लग गई, जिसके बाद वहां से 22 लोगों को निकाला गया। दिल्ली दमकल सेवा ने यह जानकारी दी दमकल अधिकारियों ने बताया कि बिजली के साथ बोर्ड में कुछ खराबी के कारण वहां आग लगी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। तड़के करीब तीन बजे आग लगने की सूचना देने के लिए फोन आया था और तुरंत ही दमकल विभाग की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, बताया जाता है कि चार मंजिला इमारत में लगे सात बिजली मीटर बोर्ड के कारण आग लगी और सभी मंजिलों पर धुआं फैल गया।

## प्रॉपर्टी डीलर को परिचित ने पीटकर मार डाला

● शराब पीने के दौरान दोनों के बीच हुई थी कहासुनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विष्णु गार्डन इलाके के एक प्रापर्टी डीलर को उसके एक परिचित ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला। दोनों साथ में शराब पी रहे थे तभी उनके बीच कहासुनी हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान विष्णु गार्डन निवासी संदीप सिंह अहलुवालिया (52) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि अहलुवालिया की मौत की सूचना मिलने के बाद वे अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पीड़ित के बाएं कान, नाक और सिर पर चोट के निशान थे।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की पत्नी मंजीत कौर ने शिकायत की कि आरोपी मंगल सिंह दिन में करीब ढाई बजे उनके पति को अपने साथ ले गया था। शाम को जब अहलुवालिया घर नहीं लौटे तो मंजीत ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन पर उनसे संपर्क नहीं हो पाया। काफी कोशिशों के बाद मंगल सिंह ने मंजीत का फोन उठाया और उन्हें अपने घर आने को कहा।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंजीत जब मंगल सिंह के घर गई तो वहां उन्होंने अपने पति को घर की सीढ़ियों पर पड़ा देखा। अहलुवालिया ने बताया कि मंगल सिंह ने उन्हें पीटा और फिर सीढ़ियों से धक्का दे दिया। मंजीत अपने पति को खेतरपाल अस्पताल ले गई जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## डीयू के एसोसिएट प्रोफेसर भर्ती पर रार

● बैकलॉक नहीं भरने पर टीचर्स फोरम ने एससी/एसटी व ओबीसी कमीशन में की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी, एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सोमवार 17 जनवरी को एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के 635 पदों का विज्ञापन जारी किया है। इस विज्ञापन में एससी/एसटी/ओबीसी के शिक्षकों का बैकलॉग व शॉर्टफाल न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए फोरम ने अनुसूचित जाति /जनजाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग व एससी/एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति में एक याचिका दायर कर इन पदों पर आरक्षित वर्गो का बैकलॉग दिए जाने की मांग की है।

टीचर्स फोरम के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह यादव ने बताया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रोफेसर रजनीश जैन ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को सर्कुलर जारी कर निर्देश दिया था कि 24 अगस्त 2021 के शिक्षा मंत्रालय के सचिव द्वारा लिखे गए पत्र के निर्देशानुसार विश्वविद्यालयों में बैकलॉग पदों को भरे जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए थे। बैकलॉग पदों को क्लियर करने संबंधी सर्कुलर दिल्ली विश्वविद्यालय को भी भेजा गया था और कहा गया था कि इन सभी रिक्त पदों को निश्चित समय सीमा के अंदर भरा जाये।

# ई-वाहन खरीदने के लिए लोन पर मिलेगी 5 प्रतिशत तक की छूट

## कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली सरकार चुनिन्दा श्रेणियों के इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर लोन में 5 फीसदी की छूट देगी।

इसके लिए आम आदमी पार्टी की सरकार ने कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ ही दिल्ली सरकार ईवी की खरीद के लिए इजी फाइनेंसिंग के साथ ही ब्याज सबवेंशन प्रदान करने वाली देश की पहली राज्य सरकार बन गई है। इस समझौते से राष्ट्रीय राजधानी में लिथियम-आयन-आधारित ई-रिक्शा और ई-कार्ट के साथ-साथ इलेक्ट्रिक ऑटो और इलेक्ट्रिक लाइट गुड्स ब्याज सबवेंशन ईवी नीति के तहत 30 हजार रुपये के खरीद प्रोत्साहन और 7,500 रुपये तक के स्क्रैप प्रोत्साहन के अतिरिक्त है। इस योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक ऑटो और इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल वाहन खरीददार 25,000 रुपये तक का अतिरिक्त लाभ उठा सकेंगे।

दिल्ली सरकार अगस्त 2020 में अपनी महत्वाकांक्षी ईवी नीति की शुरुआत करने के बाद से, इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को बढ़ावा देने और ईवी को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है। अक्टूबर से दिसंबर 2021 के दौरान, इलेक्ट्रिक वाहनों का दिल्ली में कुल वाहन बिक्री में 8 प्रतिशत से अधिक का योगदान था। अगस्त 2020 में ईवी नीति की घोषणा के बाद से 31,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है, लेकिन आकर्षक लोन विकल्प अभी भी एक चुनौती है। इन बाधाओं को दूर करने और खरीदारों के लिए इसे और अधिक किफायती बनाने के लिए, परिवहन विभाग ने सीईएसएल के साथ भागीदारी की है जो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (सीपीएसयू) के स्वामित्व वाली एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की सहायक कंपनी है। इस साझेदारी के तहत, सीईएसएल आकर्षक शर्तों पर इलेक्ट्रिक वाहनों को ऋण प्रदान करने के लिए एक खुली और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अनुसूचित बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी), और माइक्रो-फाइनेंसिंग संस्थानों (एमएफआई) जैसे वित्तीय संस्थानों (एफआई) को सूचीबद्ध करेगा।

### वादे को किया पूराः गहलौत

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा उन्होंने दिल्ली वालों से जो वादा किया था, उसे पूरा किया है। इस ब्याज सबवेंशन योजना का लाभ न केवल व्यक्तिगत खरीदारों बल्कि ई-कॉमर्स, किराना या डिलीवरी उद्योग के लिए ई-वाहनों का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों को भी होगा। सीईएसएल द्वारा बनाये गए इस ऑनलाइन पोर्टल से लोगों को विभिन्न स्वीकृत वाहन विकल्प चुनने का मौका मिलेगा साथ ही यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे एक सहज स्वचालित चैनल के माध्यम से अपने ऋण पर ब्याज सबवेंशन प्राप्त कर सकें। इलेक्ट्रिक वाहन अपनाना अब और भी आसान एवं सस्ता हो गया है

## अश्लील टिप्पणी करने वालों का 'क्लबहाउस' ऐप से विवरण मांगा

● इंटेलिजेंस फ्यूज़न ऐंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स' इकाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 'क्लब हाउस' ऐप को पत्र लिखकर उस कथित ऑडियो चैट समूह के आयोजक के बारे में जानकारी मांगी, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणियां की गई थीं।

दिल्ली पुलिस की छूट 'इंटेलिजेंस फ्यूज़न ऐंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स' इकाई ने एक दिन पहले ही इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। यह इकाई विशेष प्रकोष्ठ की देखरेख में काम करती है। दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर ऐप पर मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी जिसके कुछ घंटों के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की गई। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

कथित ऑडियो चैट समूह के आयोजक के बारे में विवरण मांगने के लिए क्लबहाउस ऐप को पत्र भी लिखा है जिसमें कुछ मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अश्लील टिप्पणियां' की गई थीं।

# नेताजी की जयंती पर बोलेंगे...जय हिंद बोस

## भाजपा हरियाणा 23 जनवरी को मनाएगी पराक्रम दिवस

## नेताजी की फौज में 2715 सेनानी हरियाणा से थे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम






बैठक में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता। गुरुग्राम के मानेसर में भाजपा कार्यकर्ताओं की नेताजी की जयंती को लेकर बैठक लेते अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**आगामी** 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जय हिंद बोस बोलकर पराक्रम दिवस मनाने वाले हरियाणा के लाखों लोग उन सभी 3 लाख 27 हजार शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को भी नमन करेंगे, जिन्होंने देश की खातिर जीवन दे दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के दिशा-निर्देशों पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। पराक्रम दिवस की तैयारियों को सभी जिलों में दौरा कर चुके प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ बुधवार को गुरुग्राम पहुंचे। मानेसर में एक सभा के जरिए कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस की साजिश के चलते भुलाए गए शहीदों को याद कर उनकी वीर गाथाओं को घर-घर पहुंचाना है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा आजादी के 90 साल के संघर्ष में देश के 3 लाख 27 हजार सेनानियों ने बलिदान दिया है। जिसमें हरियाणा के भी 850 से अधिक स्वतंत्रता सेनानी शामिल है। धनखड़ ने गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं को बताया कि स्वतंत्रता के लिए जान देने वालों में 229 हरियाणा वीर भी शामिल है। लेकिन कभी इन वीरों का नाम कांग्रेस ने सामने नहीं आने दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिन शहीद वीरों का कांग्रेस ने नाम उजागर नहीं होने दिया, उनके लिए भाजपा का हरेक कार्यकर्ता संवेदनशील होकर उनको याद करेगा और उनकी गाथाओं को पब्लिक डोमेन में लाएगा।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि आजाद हिंद फौज में हरियाणा के लगभग 2715 सैनिक शामिल थे। गुरुग्राम जिले से 106 अफसर, 580 जवान इस सेना का हिस्सा थे। ऐसे ही रोहतक जिले 873 लोग नेताजी की सेना में रहे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाले उक्त सभी सेनानियों को उनका सम्मान मिलना चाहिए। भाजपा से मिलकर हरियाणा सभी लोग 23 जनवरी को इन वीरों को नमन करेंगे। श्री धनखड़ ने बताया कि प्रदेश भर में 7500 स्थानों पर 75-75 की संख्या में 6 लाख तो बीजेपी कार्यकर्ता ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आजाद हिंद फौज के सैनिकों और अन्य शहीद सेनानियों को याद करने के लिए विशेष कार्यक्रम करेंगे।

# हरियाणा के 24 कलाकारों को ब्लैक लिस्ट करने का पत्र बना पहेली

## कलाकार कला परिषद से नाराज, परिषद ने ऐसे किसी पत्र से झाड़ा पल्ला

## इलाहाबाद, पटियाला में भेजे गए हैं कलाकारों के ब्लैक लिस्ट के पत्र

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



विश्वदीपक त्रिखा।



संजय भसीन।

**हरियाणा** के 24 कलाकारों को हरियाणा कला परिषद की ओर से ब्लैक लिस्ट किया गया है। इस तरह का एक पत्र इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हरियाणा कला परिषद की इस तरह की कार्यशैली से हरियाणा के कलाकारों में नाराजगी है। वहीं इस बारे में हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने साफ किया है कि उनकी तरफ से ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है।

बता दें कि हरियाणा के 24 कलाकारों की एक सूची बनाकर कला परिषद इलाहाबाद और पटियाला में भेजा गया। सूची में कलाकारों के बारे में लिखा गया कि हरियाणा में इन कलाकारों को सरकार के खिलाफ काम करने पर ब्लैक लिस्ट किया गया है। इसलिए इन कलाकारों को कोई काम ना दिया जाए। इस पत्र पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोनों कला परिषद ने हरियाणा के 24 कलाकारों को काम देने पर प्रतिबंध लगा दिया। जैसे ही इस बारे में हरियाणा के कलाकारों को पता चला तो उनमें रोष व्याप्त हो गया।

### कलाकारों को काम मिलना हुआ बंद: त्रिखा

**मल्टी** आर्ट कल्चरल सेंटर कुरुक्षेत्र के पूर्व उप-निदेशक एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी विश्वदीपक त्रिखा ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। हकीकत में यह दिन कलाकारों के लिए काले दिन के रूप में सामने आया है। पहले से कलाकारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। अब उन्हें ब्लैक लिस्ट करने से उन्हें काम मिलना बंद हो गया है। श्री त्रिखा का कहना है कि उन्होंने इस ब्लैक लिस्ट के बारे में हरियाणा कला परिषद रोहतक जोन के अतिरिक्त निदेशक एवं मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी पब्लिसिटी गजेंद्र फौगाट से जानकारी ली तो उन्होंने ऐसे किसी पत्र की जानकारी नहीं होने की बात कही।

# वीरता की सच्ची मिसाल थे अमर शहीद हुकुमचंद जैन: नवीन गोयल

## अमर शहीद हुकुमचंद जैन के 164वें शहीदी दिवस पर लगाया वैक्सीनेशन शिविर

## जैन बारादरी में भाजपा नेता शहीदी दिवस समारोह का किया शुभारंभ



सदर बाजार स्थित जैन बारादरी में अमर शहीद हुकुमचंद जैन के 164वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में उन्हें नमन करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** अग्रवाल वैश्य समाज एवं वर्धमान सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद हुकुमचंद जैनजी का शहीदी दिवस कोविड वैक्सीनेशन शिविर लगाकर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा धान में बुधवार को प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक डा. एनके जैन, जैन मंदिर के प्रधान नरेश जैन, महामंत्री अशोक जैन, वर्धमान संस्थान से विपिन जैन, मुनि सेवा समिति से प्रधान मुनीष जैन, जिनेंद्र जैन, जैन समाज के प्रवक्ता एवं अग्रवाल वैश्य समाज गुड़गांव पार्लियामेंट के अध्यक्ष अभय जैन, पारस जैन आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नवीन गोयल, उनके साथ आए भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, युवा नेता ईशू वाल्मीकि का भी जैन समाज की ओर से सम्मान किया गया। सदर बाजार स्थित दिगम्बर जैन मंदिर जैन बारादरी में अमर शहीद हुकुमचंद जैन जी का शहीदी दिवस यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान महावीर जी के चित्र का अनावरण व अमर शहीद हुकुमचंद जैन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। कोरोना महामारी के समय में सब जन स्वस्थ रहें, इसलिए इस समारोह को सादगी के साथ मनाया गया। यहां कोविड वैक्सीनेशन शिविर लगाकर लोगों को वैक्सीन लगाई गई। उन्होंने कहा कि हुकूमचंद जैन जी वीरता की सच्ची मिसाल थे।

# गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला फहराएंगे तिरंगा



**गुरुग्राम।** जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग तथा जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा के तहत निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार आयोजित किया जाएगा। इस समारोह को घर बैठे यू-ट्यूब चैनल पर भी देख सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि कोरोना संकट काल में सरकार और जिला प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशानुसार समारोह आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल ताऊ देवी लाल खेल परिसर में शुरू कर दी गई हैं। समारोह की तैयारियां भी कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार ही की जा रही हैं। बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रमों का आयोजन, परेड इत्यादि भी उचित सामाजिक दूरी के साथ होंगे।

### पीटी, डंबल व लेजियम शो इस बार रद्

**इस** बार कोरोना को देखते हुए आयोजन में भीड़ कम रखने के लिए पीटी, डंबल व लेजियम शो की प्रस्तुति को रद्द किया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पहले की अपेक्षा कम ही होंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वयंसेवी व निजी संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी।

# शहरी क्षेत्र में 50 के लगभग नए कोरोना संक्रमित मामले मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



**स्वास्थ्य** विभाग अब सार्वजनिक व सोसायटियों कोरोना जांच के शिविर लगाएगी। जिससे कोरोना संक्रमितों की पहचान हो सके। शहरी क्षेत्र में इस बार 50 के लगभग कोरोना संक्रमित मामले आए हैं।

नागरिक अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से कोरोना की जांच कराने वालों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। एक सप्ताह पहले नागरिक अस्पताल में एनटीजन तथा आरटीपीसीआर के टेस्ट कराने वालों की संख्या एक दिन में 300 से पार थी। यह संख्या घटकर अब 100 के आस पास रह गई है। जिससे कोरोना संक्रमितों की पहचान होना मुश्किल हो गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमितों की पहचान करने के लिए सार्वजनिक स्थानों से लेकर सोसायटी और गांवों में जाने की योजना बनाई है। योजना के तहत सार्वजनिक स्थान पर कोरोना जांच की शुरुआत बुधवार से की गई। शहर में सिटी पुलिस चौकी के सामने कोरोना जांच का कैंप लगाया। इस मार्ग पर स्कूल, नगर परिषद कार्यालय, शहर के आधा दर्जन से भी अधिक वार्डों के निवासी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग आते व जाते हैं।

**कोरोना** के मामले कम आने के कारण नागरिक अस्पताल में हर दिन कोविड टेस्ट करना रहा है। अब उनकी टीम सार्वजनिक स्थान, बाजार और सोसायटियों में शिविर लगाकर कोरोना की जांच करेगी। जिससे संक्रमित की पहचान समय पर हो सकेगी।

**डॉ. नवल किशोर**
**(एसएमओ)**

### जागरुकता और सर्वे अभियान हुए फेल

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए चलाएं गए अब तक जागरुकता व सर्वे अभियानों को आम नागरिकों ने महत्व न देने के कारण फेल हुए हैं। जिसका कारण लोग अपने घरों से कोरोना की जांच कराने के लिए भी घरों बाहर निकल नहीं निकलते हैं, लेकिन अब विभाग ने कोरोना संक्रमितों की पहचान करने के लिए एक बार फिर से सार्वजनिक स्थानों पर कोविड जाच के शिविर लगाने का फैसला लिया है।

### सोसायटियों में लगेंगे शिविर

**नागरिक** अस्पताल की तरफसे आस पास बनी सोसायटियों में भी कोरोना जांच की शुरुआत की जाएगी। क्योंकि ओमिक्रोन की इस लहर में सबसे ज्यादा संक्रमित मामले सोसायटी में ही मिले है। जबकि शहरी क्षेत्र में सोसायटी की अपेक्षा 50 फीसदी कम आए हैं।

# गुरुग्राम विवि में हुई राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद-2022

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में बुधवार को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण के अनुकूल प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसके साथ ही समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. राकेश कुमार योगी और डॉ. नीलम वशिष्ठ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता/ समूह चर्चा में पहला स्थान आशीष यादव, दूसरा स्थान सुरुचि जायसवाल, तीसरा स्थान कुलदीप वर्मा, चौथा स्थान मुस्कान, पांचवा स्थान अमीषा, छठा स्थान पूजा पटेल, सातवां स्थान करिश्मा और आठवां स्थान श्वेता ने प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के यह आठ विजेता 23 जनवरी 2021 को होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# मंगलनगर कॉलोनी: गंदे नाले के पानी का होगा स्थाई समाधान: जितेन्द्र गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



**एसडीएम** ने शहर की मंगलनगर कॉलोनी में गंदे नाले के पानी की निकासी न होने पर मौका मुआयाना किया। एसडीएम ने सोमवार को नगर परिषद समेत जनस्वास्थ्य विभाग, बीएण्डआर विभाग समेत अन्य विभाग अधिकारियों की बैठक बुलाई है। जिसमें कॉलोनी से गंदे नाले के पानी की निकासी का स्थाई समाधान करने पर विचार विमर्श किया जाएगा।

नगर परिषद द्वारा करीब 10 माह पहले शहर से गंदे व बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई गई योजना कागजों में सिमटकर रह गई है। परिषद की तरफसे शहर से पानी की निकासी योजना तैयार करने के लिए सलाहाकार की भी नियुक्ति की गई थी। इसके बावजूद शहर की सबसे अधिक विवादित मंगलनगर कॉलोनी में जमा होने वाला गंदे पानी का समाधान नहीं हो सका है। यहां के लोगों का जीवन नरकीय बना हुआ है। कॉलोनी के निवासी गंदे पानी के निकासी को लेकर नगर परिषद कार्यालय से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारी के दरबार में चक्कर लगाते हुए थक गए हैं।

### एसडीएम ने किया मौका मुआयना

**बुधवार** को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने मंगलनगर के गंदे नाले का मौका मुआयाना किया। स्थानीय लोगों की समस्या को उनकी जुबानी सुना और उन्हे स्थाई समाधान कराने का आश्वासन दिया है। मौके पर मौजूद अधिवक्ता राजकुमार ने बताया कि एसडीएम ने कॉलोनी के आम रास्तों में जमा पानी से लोगों के जीवन प्रभावित होने पर भी गहरा दु:ख जताया है।

> “ कॉलोनी में से गंदे पानी की निकासी का ठोस समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब किया है। जिसको लेकर सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठकर समाधान खोजा जाएगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **(एसडीएम, सोहना)**

# बिजनेसमैन आत्महत्या केस में आरोपी देवेंद्र लाकड़ा की जमानत अर्जी खारिज

## एक साल बाद हाईकोर्ट से खारिज हुई जमानत की अर्जी

**गुरुग्राम।** बिजनेसमैन विनोद शर्मा के आत्महत्या केस में भोंडसी जेल में बंद मुख्य आरोपी देवेंद्र लाकड़ा की एक साल बाद जमानत याचिका खारिज हो गई है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में उन्होंने 18 जनवरी 2021 को जमानत की अर्जी लगाई थी, जिसे अब न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इससे आरोपी को कड़ा झटका लगा है। आरोपी देवेंद्र लाकड़ा दिसम्बर 2019 से भोंडसी जेल में बंद है।

बता दें कि बिजनेसमैन विनोद शर्मा ने गुरुग्राम में अपने कार्यालय में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के पीछे पैसे का लेन-देन की बात सामने आई। इसमें कई लोगों के नाम सामने आए थे। इनमें तत्कालीन डीसीपी मानेसर महेंद्र सिंह सेठी का भी नाम शामिल था। आरोप है कि पुलिस ने महेंद्र सिंह सेठी का बचाव करते हुए देवेंद्र सिंह लाकड़ा के खिलाफ ही 8 जुलाई 2018 को सेक्टर-56 थाना में केस दर्ज किया था। देवेंद्र लाकड़ा इस केस में भगोड़ा घोषित कर दिया गया था, जिसे दिसम्बर 2019 में राजस्थान से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। आरोप है कि वह विनोद शर्मा के साथ लेन-देन के मामले में रकम ना लौटाने के केस में देवेंद्र लाकड़ा को स्थानीय अदालत की ओर से दो साल की सजा और तीन करोड़ रुपये 6 प्रतिशत ब्याज के साथ देने का आदेश दिया गया था।

सिविल अपील केस में गुरुग्राम कोर्ट ने 5 करोड़ रुपये से ऊपर का 20 प्रतिशत हिस्सा जमा कराने के आदेश भी देवेंद्र को दिए गए थे। इसके साथ ही उसके खिलाफ गुरुग्राम से दिल्ली-एनसीआर में कई मामले दर्ज हैं। इन सब मामलों के आधार पर ही हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। विनोद शर्मा की पत्नी मीनू शर्मा लगातार इस मामले में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अपने अधिवकता के माध्यम से उन्होंने अनेक सबूत जुटाकर अदालत के पटल पर रखे और आरोपियों के खिलाफ वे मजबूत हो पाई।

# संक्षिप्त समाचार

## राजेंद्रा पार्क में पेंशन वितरण केंद्र स्थापित करने की मांग



राजेंद्रा पार्क में पेंशन वितरण केंद्र बनाने की मांग को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** रेलवे लाइन पार करके पेंशन लेने लक्ष्मण विहार डाकखाना में बुजुर्गों को परेशानियां उठाकर आना पड़ता है। ऐसा करना उनके लिए काफी कठिन काम है। फिर भी अपनी पेंशन के लिए बुजुर्ग परेशानियों से दो-चार होते हैं। क्षेत्र के मौजिज लोगों की मांग पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने राजेंद्रा पार्क में पेंशन वितरण केंद्र स्थापित करने की मांग रखी। क्षेत्र के मौजिज व्यक्ति कैप्टन धीर सिंह पूर्व सरपंच, रजनीश राठी (डिंपल), सतीश कौशिक, ओमप्रकाश, सुरेश रोहिल्ला, अशोक, मनोज भारद्वाज व संदीप आदि के साथ भाजपा नेता नवीन गोयल ने जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग से मुलाकात की। उन्होंने उपायुक्त को अवगत कराया कि राजेंद्रा पार्क में कोई भी पेंशन वितरण केंद्र नहीं है। यह कालोनी की बड़ी है। यहां हजारों पेंशनधारक हैं। ऐसे में लोगों को पेंशन लेने के लिए रेलवे लाइन, रेलवे स्टेशन पार करके लक्ष्मण विहार डाकखाना में आना पड़ता है। काफी समय से लोग यहां परेशानी झेल रहे हैं। नवीन गोयल ने कहा कि बुजुर्गों को सुविधा देने के लिए लक्ष्मण विहार विहार डाकखाने का एक केंद्र राजेंद्रा पार्क में शुरू किया जाए। वहां पर लोगों को अपने ही क्षेत्र में पेंशन मिल जाएगी। लाइन पार करके नहीं जाना पड़ेगा। लाइन पार करके बुजुर्गों के लिए भी काफी रिस्क का काम है। उपायुक्त ने इस मांग को जायज ठहराते हुए पेंशन विभाग को मांग पत्र भेजा है।

## पार्किंग में से रात के समय हाइवा डंपर हुआ चोरी

**सोहना।** रायसीना मोड से अस्थाई पार्किंग में खड़ा हाइवा डंपर चोरी हो गया। भोंडसी पुलिस ने चालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश का जिला हाथरस के गांव लाडपुर निवासी सत्यदेव ने भोंडसी थाना में हाइवा डंपर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यदेव ने पुलिस को बताया कि वह निर्माणाधीन दिल्ली-वडोदरा हाइवे पर हाइवा डंपर से मिट्टी डालने का कार्य करता है। उसने अपना डंपर बिल्डवैल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लगाया हुआ है। कंपनी ने रायसीना क्रेसर जोन मोड़ पर अस्थाई पार्किंग बनाई हुई है। जहां पर उसने 12 जनवरी को रात को उसने अपना डंपर रात करीब साढे 8 बजे खड़ा किया था। 13 जनवरी की सुबह उठकर देखा तो उसका हाइवा डंपर मौके से गायब मिला। भोंडसी पुलिस ने चालक की शिकायत पर डंपर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## सिकंदरपुर बढ़ा से सिही तक 66 लाख रुपये में बनेगा नाला



**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर बढ़ा से सिही तक 66 लाख रुपये से नाले का निर्माण होगा। इस नाले का निर्माण होने के बाद इन दोनों गांवों में बरसाती पानी का बेहतरी से निकास हो सकेगा। जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। निगम पार्षद सुनील घोड़ारोप व सरपंच सुंदर लाल यादव ने इस निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को सुविधाएं देने को संकल्पबद्ध है। हर क्षेत्र में सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। सुंदर लाल यादव ने इस कार्य को कराने के लिए पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का आभार जताया। उनके प्रयासों से इस काम को सिरे चढ़ाया जा सका है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में विकास कार्यों पर सीधे मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भी नजर रहती है। गुरुग्राम में सबसे अधिक विकास के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म करने के लिए बस अड्डे के पास अंडरपास का निर्माण हो रहा है। कटारिया चौक पर फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इससे पहले भी कई अंडरपास, फ्लाईओवर बनाकर गुरुग्राम से यातायात जाम की समस्या को काफी हद तक हल कर दिया गया है। कार्यक्रम में अमरनाथ चौहान, वरुण मलिक, चंद्रशेखर, विनोद यादव, पवन यादव, ओमप्रकाश मेंबर समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

## निदेशक संजय भसीन को मिला कला सेवा सम्मान



कला परिषद के निदेशक संजय भसीन को कला सेवा सम्मान देते आयोजक।

**गुरुग्राम।** हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन को श्री रामस्वरुप सिंगला सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा कला सेवा सम्मान से नवाजा गया। श्री रामस्वरुप सिंगला सेवा ट्रस्ट द्वारा तैयार किए गए सभागार के लोकार्पण के उपलक्ष्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष जय भगवान सिंगला, विद्या भारती संस्कृति शिक्षण संस्थान के निदेशक डा. रामेंद्र, हरिकेश पपोसा द्वारा कला परिषद के कला कीतिज़ भवन में संजय भसीन को कला सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कला और संस्कृति के विस्तार में दिए जा रहे सहयोग के लिए प्राप्त सम्मान के लिए संजय भसीन ने ट्रस्ट का तथा जय भगवान सिंगला व डा. रामेंद्र आदि का धन्यवाद किया।

# वैश्विक बदलाव वाले कार्यक्रमों व तकनीक से जुड़े छात्रों को प्रोत्साहित कर रही बीसिंगुलर

## अंतरराष्ट्रीय एडटेक एकेडेमी ने उन छात्रों के विचारों को साझा किया, जो अब टेक्नोलॉजी इस्तेमाल कर दुनिया को बेहतर स्थान बनाने के लिए नवीनतम सामाजिक-प्रभाव वाली परियोजनाएं विकसित कर रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आधुनिक** टेक्नोलॉजी मुहैया कराने वाली एडटेक एकेडेमी बीसिंगुलर अपने उन छात्रों की सफलता का जष्न मनाने के लिए उत्साहित है जिन्होंने सामाजिक असर पैदा करने वाली कई परियोजनाओं पर कार्य किया है। अपनी शुरुआत के बाद से ही बीसिंगुलर ऐसी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रही है जो दुनिया में वास्तविक और जिम्मेदार असर पैदा करती हो। उसके पाठ्यक्रमों में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), रोबोटिक्स, गेम डिजाइन, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग, आईओएस ऐप डेवलपमेंट, ऑजमेंटेड एंड वर्चुअल रियलिटी (एआर/वीआर) षामिल हैं और बीसिंगुलर ने परिवर्तनकारी, उद्यमी और उद्योग विशेषज्ञ तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

बीसिंगुलर के ऐसे ही एक छात्र नई दिल्ली से देवांष चक्रवर्ती ने 7 साल की उम्र में ही 'सेव वाटर' नामक जागरूकता गेम तैयार किया था। इस गेम का मकसद जल अपशिष्ट प्रबंधन की महत्ता के बारे में जानकारी फैलाना है। यह गेम स्क्रैच प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो मौजूदा समय में सभी भारतीय डिवाइस पर उपलब्ध है।

**देवांश ने बीसिंगुलर का टाइम टु स्क्रैच:** विजुअल प्रोग्रामिंग कोर्स किया। यह कोर्स कोडिंग, एल्गोरिदम डिजाइन, एनीमेषन के लिए टूल, और एज-ग्रेडेड एवं मुख्य मैथमेटिक्स और साइंस विशयों में लगातार कम्प्यूटेषन थिंकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, लॉजिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और क्रिटिकल थिंकिंग, और रीडिंग एवं राइटिंग स्किल्स पर ध्यान दिया जाता है। बीसिंगुलर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीतेष जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'जब हमारे छात्र रियल-वर्ल्ड प्रॉब्लम के लिए नए सॉल्युशनों और नए कौषल इस्तेमाल के साथ हमारे पास फिर से वापस आते हैं।

# कोविड-19 नियमों की सरेआम उड़ रहीं धज्जियां

कविता। फरीदाबाद

## बाजार तो क्या अस्पतालों में बिना मास्क और वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के भी घूम रहे लोग

**प्रदेशभर** सरकार ने बिना मास्क और टीकाकरण सर्टिफिकेट के घर से निकलने पर पाबंदी के आदेश जारी किए हैं। वहीं छह बजे तक बाजार बंद करने के आदेश हैं। लेकिन जिले में सभी बाजारों में छह बजे के बाद भी आवश्यक दुकानों के अलावा अन्य दुकानें खुली हुई देखी जा सकती है। लेकिन यहां सबसे बड़ी परेशानी यह है कि दुकानों पर सामान लेने पहुंच रहे लोग सोशल डिस्टेंसिंग तो दूर मास्क तक नहीं लगा रहे है।

काफी लोगों के पास वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट भी नहीं है। कुछ निजी अस्पताल काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों ने तो अभी तक कोरोना से बचाव का पहला टीका तक नहीं लगवाया। ऐसे में वह कोरोना को बढ़ावा दे रहे है।




रात नौ बजे खुली दुकानों के बाहर बिना मास्क के घूमते लोग। जिला सिविल सर्जन दफ्तर के बाहर लगा वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य का नोटिस।

**कर्मचारियों ने नहीं ली पहली डोज:** जिला प्रशासन द्वारा जारी नियमों में कहा गया है कि जिस व्यक्ति को कोरोना रोधी वैक्सीन के दोनों टीके नहीं लगें हैं, उनका एक जनवरी 2022 से कार्यालय में प्रवेश निषेध है। लेकिन प्राईवेट जॉब और निजी अस्पतालों में कुछ कर्मचारी ऐसे भी है, जिन्होंने पहला टीका तक नहीं लगवाया है। ऐसे में वह काम भी लगातार कर रहे है। जिनके सर्टिफिकेट जांच करने वाला कोई नहीं है। कुछ ऐसा ही बीके अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में देखने को मिला। जहां एक कर्मचारी ने एक भी डोज नहीं ली थी। उसे गत दिवस पहली डोज लगाई गई।

**बिना मास्क घूम रहे:** जिले के बाजारों से लेकर अस्पतालों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम लोग बिना मास्क लगाए सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। बाजार जहां छह बजे बंद हो जाने चाहिए। वहीं बाजार रात नौ बजे तक खुले रहते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि बाजारों में लोगों के मुंह पर मास्क तक नजर नहीं आता। ऐसे में वहां लगातार कोरोना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**कागजों में कंटेंनमेंट जोन :** जिले में कंटेनमेंट जोन की संख्या लगातार कागजों में घटाई-बढ़ाई जा रही है। लेकिन कंटेनमेंट जोन में भी मार्केट लगातार खुल रहे हैं। वहीं शहर में कंटेनमेंट जोन का कही नामों निशान देखने को नहीं मिल रहा है। लोग यहां वहां लगातार आना-जाना कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कर रहे हैं।

# खोरी में अवैध कब्जे हटाने गई टीम पर हमला, तीन कर्मी घायल

## दोबारा हुए कब्जों को हटाने के लिए पुलिस बल के साथ पहुंची थी निगम की टीम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




खोरी गांव में तोड़-फोड़ करती निगम की मशीन। तोड़-फोड़ के दौरान घायल हुई महिला पुलिसकर्मी इलाज कराते हुए।

**माननीय** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नगर निगम फरीदाबाद ने सूरजकुण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव खोरी में हजारों अवैध कब्जों को सितंबर, 2021 में हटाया गया था और वहां से विस्थापित लोगों को निगम की डबुआ कालोनी में बने ईडब्ल्यूएस क्वार्टरों में पुन: स्थापित करने के लिये एक योजना तैयार की थी और उसके अन्तर्गत इन लोगों को स्थापित करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। लेकिन कुछ लोगों ने दोबारा कब्जे कर लिये हैं। जिन्हें हटाने कई टीम पर लोगों ने हमला कर दिया।

इस दौरान तीन महिला पुलिस कर्मचारी घायल हो गई। जिन्हें उपचार के बीके अस्पताल लाया गया। निगमायुक्त को सूचना मिली थी कि खोरी में दोबारा अवैध निर्माण और कब्जा शुरू कर दिया है। जिसकी पुष्टि होने पर निगमायुक्त ने इन सभी कब्जों को हटाने के लिये अधिकारियों और कर्मचारियों की आठ टीमों का गठन किया और कब्जों को शान्तिपूर्वक 19 से 21 जनवरी की अवधि के अन्दर हटाने के आदेश दिये। इस काम को निगरानी के लिये तीनों संयुक्त आयुक्त की तथा पांच सुपरवाईजरी अधिकारियों की भी डयूटी लगाई गई। इस काम को सफल करने के लिये अतिरिक्त स्टाफ भी लगाया गया। आठ टीमों ने आज बुधवार को तोड़-फोड़ के कर लगभग 100-150 अतिक्रमण हटाये। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, पर पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। यह कार्यवाही 21 जनवरी तक या जब तक यह सारा कब्जा नहीं हटाया जाता तब तक चलेगी।

### विस्थापितों का बसाने की प्रक्रिया

**निगमायुक्त** ने बताया कि नगर निगम ने खोरी झुग्गी से विस्थापित लोगों को पहले चरण में 1403 आवेदन योग्य पाये जाने के बाद उनको निर्देश दिये कि वे माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करें और अपने बैंक खाते की जानकारी दें। ताकि उनको अन्तिम आवंटन पत्र जारी करने व 2000 रुपये प्रति माह की दर से छह महीने का मुआवजा राशि जारी करने की अग्रिम कार्यवाही की जा सके। वे ये दस्तावेज नगर निगम द्वारा राधा स्वामी सत्संग भवन सूरजकुंड में निगम के स्थापित अस्थाई कार्यालय में 25 जनवरी, 2022 तक सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक अपने आवेदन के टोकन नम्बर के साथ जमा करा सकते है।

गौरतलब है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नगर निगम फरीदाबाद ने सूरजकुण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले खोरी झुग्गी में हजारों अवैध कब्जों को सितंबर, 2021 में हटाया गया था। वहां से विस्थापित लोगों को निगम की डबुआ कालोनी में बने ईडब्ल्यूएस क्वार्टरों में पुन: स्थापित करने के लिये एक योजना तैयार की गई थी। उसके अन्तर्गत इन लोगों को स्थापित करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

# नौ दिन में 361 केस दर्ज 386 लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार जिले में अपराध पर अंकुश लगाने तथा युवाओं को नशा तस्करी जैसे अपराधों में धकेलने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ बनाई गई रणनीति के तहत 10 जनवरी से अवैध शराब, नशा, अवैध हथियार तथा जुए/सट्टाखाई जैसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया जिसके तहत कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमों ने बीते 9 दिनों में उक्त मामलों में दर्ज 361 मुकदमों में 386 आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त महोदय का मानना है कि यदि बड़े अपराधों पर शिकंजा कसना है तो इन अपराधों को जन्म देने वाले छोटे-छोटे कारणों को खत्म करना होगा। नशा और जुआ किसी भी प्रकार के अपराध के घटित होने का मुख्य आधार है। सबसे पहले कोई भी व्यक्ति अपनी संगत के चलते या शौकिया तौर पर नशे के रूप में शराब का सेवन करता है। धीरे धीरे फिर यह उसकी आदत बन जाती है जिसके पश्चात अपने दोस्तों के साथ शराब पीते पीते वह जुआ भी खेलना शुरू कर देता है। एक बार यदि कोई व्यक्ति शराब और जुए के चंगुल में फंस जाता है तो उसका बाहर निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है। इंसान अपनी सारी कमाई जुए में उड़ा देता है। इधर-उधर से पैसे उठाकर भी वह जुए में लगा देता है परंतु जब तक उसे इसके दुष्परिणामों का एहसास होता है तब तक बात उसके हाथ से निकल चुकी होती है। फिर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए वह चोरी करनी शुरू कर देता है और चोरी में अपने करते समय वह पकड़ा ना जाए इसके लिए वह अपने पास अवैध हथियार रखना भी शुरू कर देता है।

कुछ लोग नशा तस्करी करके जल्दी पैसे कमाने के लालच में आ जाते हैं और अवैध नशा तस्करी के इस दलदल में फंस जाते हैं। नशा तस्करी या लूट के मामलों में व्यक्ति अपने साथ साथ अपने दोस्तों को भी इसमें शामिल कर लेता है जो आगे चलकर गिरोह का रूप धारण कर लेता है। कई बार इन आपराधिक गिरोह द्वारा अवैध नशा तस्करी या लूटपाट करते समय किसी निर्दोष व्यक्ति की जान चली जाती है।

# चैरिटेबल आई विजन ने किया मरीजों का ऑपरेशन

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर-10 में लॉयन्स क्लब हमदर्द के सहयोग से संचालित आई विजन डिस्पेंसरी के माध्यम से मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन दिल्ली स्थित लायंस आई हॉस्पिटल में होना शुरू हो गया है। मंगलवार को 4 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन करा कर अपने घर वापस आ गए हैं। इससे पहले चार मरीजों का ऑपरेशन हो चुका है।

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व आई विजन सेंटर के कोऑर्डिनेटर लायन ललित कुमार झाम ने कहा है कि लॉयन्स क्लब हमदर्द के सहयोग से मानव सेवा समिति के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन में जरूरतमंदों की मदद के लिए चैरिटेबल आई विजन सेंटर खोला गया है। इस सेंटर में प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच करके उचित उपचार किया जाता है दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाती हैं और मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का ऑपरेशन रियायती दर पर दिल्ली स्थित लायंस क्लब के आई हॉस्पिटल में कराया जाता है। अब तक 196 मरीजों की आंखों की जांच की जा चुकी है और 8 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जा चुका है।



मानव सेवा समिति में मोतियाबिंद का आपरेशन कराने वाले मरीज।

# मास्क न पहनने वाले 8306 लोगों के काटे चालान

## नियम तोड़ने वालों से वसूला 43 लाख आठ हजार रुपये का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महामारी** अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत फरीदाबाद पुलिस ने कोविड नियमों की अवेहलना करने वाले नागरिकों सहित दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना किया है। सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने के साथ साथ घर से बाहर जाते समय मास्क के साथ-साथ अन्य सावधानियों का पालन करना भी अनिवार्य किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वैक्सीन की सर्टिफिकेट के बिना सार्वजनिक स्थल जैसे, सब्जी मंडी, दूध-राशन की दुकान, मार्केट, शराब के ठेके, अनाज मंडी, होटल, मॉल, सरकारी कार्यालय, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, पार्क इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर जाना वर्जित है। अगर माल्स, मार्केट, दुकाने और शराब के ठेके इत्यादि पर कोई वर्कर बिना मास्क और वैक्सीन के और ग्राहक बिना मास्क के मिला तो व्यक्तिगत आधार पर मास्क न पहनने के लिए 500 रुपये तथा दुकान मालिक का वर्करों व ग्राहकों से नियमों की पालना न करवाने पर 5 हजार रुपये का चालान किया जाएगा।



पुलिस ने कोविड नियमों की अवेहलना करने वाले नागरिकों के काटे चालान।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश अनुसार कोविड नियमों के तहत सभी मॉल्स, बिग बाजार,एल्डगो, ई एफ-3 एस एल, सिल्वर मॉल और बाजारों में स्थित दुकानों की चेकिंग की गई जिनमें दुकानदारों द्वारा कोविड नियमों की उल्लंघना करते हुए पाया गया। चैकिंग के दौरान पाया गया कि मॉल व दुकानों में काम करने वाले वर्करों ने वैक्सीन नही लगावा रखी है व ग्राहक मास्क का प्रयोग नही कर रहे थे। कोविड नियमों की उल्लंघना करने वाले दुकान मालिकों के 5-5 हजार रुपए के 31 चालन करके 1.55 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया

फरीदाबाद पुलिस द्वारा कल मास्क न पहनने वाले 532 लोगों के चालान करके 2.66 लाख का जुर्माना लगाया गया। तथा 1 जनवरी से अब तक के आंकड़ों की बात करें तो मास्क के टोटल 8306 चालन करके 41.53 लाख का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने नागरिकों से कोरोना सावधानियों का प्रयोग करने करने की हिदायत देते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस नागरिकों को कोरोना महामारी से बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

# 'महामारी अलर्ट : कई छूट के साथ जारी हुए नए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## जिम और स्पा 50 प्रतिशत कैपिसिटी के साथ ऑपरेट होंगे

## शराब की दुकानें रात 10 बजे तक ही खुलेंगी

**जिलाधीश** जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के चलते सरकार ने महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत मिनी लॉकडाउन की पाबंदिया जारी कर दी हैं।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में कोविड के प्रकोप के चलते सभी राजकीय व प्राइवेट स्कूल, कोलेज, पॉलीटैक्निक, आईटीआई, कोचिंग इंस्टिट्यूट, लायब्रेरी तथा ट्रेनिंग इन्स्टिटूट और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। स्कूलों में 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वैक्शीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला में मॉल और मार्केट शाम छह बजे तक ही खुले रखे जा सकते हैं। बार और रेस्टोरेंट 50 प्रतिशत सीटिंग क्षमता के साथ ही संचालित होंगी।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में यह दिशा-निर्देश हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के चेयरमैन तथा हरियाणा के मुख्य सचिव ने जारी किए महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा आदेशानुसार जारी किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में दाह संस्कार और विवाह समारोह में क्रमश: 50 और 100 लोगों से ज़्यादा भाग नहीं ले सकते हैं, उन्हें भी कोविड अनुकूल व्यवहार तथा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना होगा। एनजीओ तथा शहरी स्थानीय निकायों को पब्लिक में मास्क वितरण की सलाह दी गई है। जिला में 'नो मास्क नो सर्विस' का दृढ़ता से पालन किया जाएगा। कोविड अनुकूल व्यवहार का उल्लंघन करने वालों तथा मास्क नहीं पहनने और सोशल डिस्टन्सिंग आदि का पालन नहीं करने वालों पर 500 रुपये जुर्माना किया जाएगा और संस्थान यदि इन नियमों की अवहेलना करता है तो उस पर 5000 रुपया जुर्माना होगा। उन्होंने आगे कहा कि रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रतिदिन पॉज़िटिव केसों के आधार पर ग्रुप रेड जोन में कुछ और प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। जिनमें सभी सिनेमाहॉल, थियेटर, मल्टीप्लैक्स बंद रखने, सभी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्टेडियम, स्विमिंग पूल बंद रखे जाएंगे। केवल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को इस नियम में छूट होगी। किसी बाहरी व्यक्ति अथवा दर्शक को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इन पांच ज़िलों में सभी एंटरटेनमेंट पार्क और बिज़नेस टू बिज़नेस एग्जिबीशन पर भी प्रतिबंध रहेगा। यही नहीं, इन ज़िलों में इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सरकारी तथा प्राइवेट संस्थानों के कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ के साथ काम करने की सलाह दी गई है।

# पीएम पुरस्कार के लिए करवाएं रजिस्ट्रेशन

**फरीदाबाद।** डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से बेहतर कार्य करने वाले राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को 'प्राइम मिनिस्टर अवार्डस फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेनशन-2021 के तहत वैब-पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने की अपील की गई है, इसके बाद 20 जनवरी से 4 फरवरी 2022 तक आवेदन भरे जाएंगे।'

उन्होंने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस वर्ष लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले प्रधानमंत्री वार्षिक पुरस्कारों नए विषयों के आधार पर अवार्ड देने का निर्णय लिया है। इन विषयों में पोषण अभियान, खेलो इंडिया, पीएम स्वनिधि योजना, एक जिला-एक उत्पाद योजना और मानव दखल के बगैर सेवाओं के बेहतर डिलीवरी तथा नवाचार के आधार पर अवार्ड के लिए शासकीय अधिकारियों के कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवार्ड के तहत एक ट्रॉफी, स्क्रॉल तथा 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन योजनाओं के प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन होगा।

# कोरोना: 1285 पॉजिटिव जबकि 633 ने जीती जंग

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले में 1295 नए संक्रमित सामने आए हैं। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 12059 पर पहुंच गया है।



होम आईसोलेशन में फिलहाल 11852 मरीज है और अस्पताल में 207 मरीज भर्ती हैं। जिसमें ऑक्सीजन पर 42, आईसीयू में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त 25 और वैंटीलेटर पर आठ मरीज हैं। राहत की बात यह रही कि 633 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 88.93 प्रतिशत पर पहुंच गया। कोरोना महामारी को समाप्त करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अधिक से अधिक सैम्पल और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत पिछले 24 घंटे में 4519 सैम्पल जांच किए। लेकिन सैम्पल अधिक होने से रिपोर्ट कई-कई दिनों में आ रही है। जिले में फिलहाल 4794 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिसमें सरकारी में लिए गए 3867 और निजी प्रयोगशाला के 927 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

**यहां से पॉजिटिव :** 1285 पॉजिटिव में सेक्टर-77, 19, 22, 11 से 13-13 मरीज है। सेक्टर-39, 23 और एसजीएम नगर से 10-10 मरीज है। अनंगपुर और सराय ख्वाजा से 3-3 मरीज है। सेक्टर-तीन, 31, 14 से 23-23 मरीज है। एनएच-5 और जवाहर कालोनी से 11-11 मरीज है। सेक्टर-9 और 91 से 14-14 मरीज है। एनएच-तीन और सेक्टर-81 से 9-9 मरीज है। सेक्टर-17, 82 से 18-18 मरीज है। तिगांव से 8, अंखीर से 2, सेक्टर-49 से 21, सेक्टर-37 से 12, सेक्टर-18 से 4, सेक्टर-29 से 19, सेक्टर-16 से 47, सेक्टर-10 से 6, सेक्टर-16 से 39, सेक्टर-88 से 26, सेक्टर-97 से 3, सेक्टर-89 से 7, सेक्टर-77 से 15, सेक्टर-21 से 47 और अन्य एरियों से 748 मरीज शामिल हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## लापता महिला पानीपत से हुई सकुशल बरामद



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने नवंबर 2021 से लापता एक 35 वर्षीय महिला को सकुशल बरामद करके उनके परिजनों के हवाले किया है। तीन नवंबर 2021 को महिला के पति ने पुलिस थाना डबुआ में आकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी जिसमें उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई है। उसने अपनी पत्नी को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया परंतु उसे उसकी कोई भी खबर प्राप्त नहीं हुई। महिला के पति की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके महिला की तलाश शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच केट टीम को इस मामले में महिला की तलाश की जिम्मेवारी सौंपी गई। कैट टीम ने इस मामले में गुप्त सूत्रों व तकनीकी के सहायता से महिला के पानीपत में होने का पता लगाया। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम महिला की बरामदगी के लिए पानीपत रवाना हो गई। बताए गए स्थान के आस पास काफी देर तक तलाश करने पर आखिरकार पुलिस टीम ने महिला को पानीपत के नुरवाला चौक से बरामद कर लिया। पुलिस टीम महिला को लेकर फरीदाबाद आई जहां पर महिला के पति को भी महिला के पास बुलाकर उनकी बातचीत करवाई गई। बातचीत के दौरान महिला ने बताया कि उसका अपने पति के साथ काफी समय से झगड़ा चल रहा था। इसीलिए वह उससे नाराज होकर अपनी मर्जी से चली गई थी।

## चोरी की बाइक और मोबाइल समेत तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए कबाड़ी सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हैप्पी, मोहित तथा अकरम का नाम शामिल है जिसमें आरोपी हैप्पी तथा मोहित को चोरी व छीना झपटी तथा आरोपी कबाड़ी अकरम को चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हैप्पी तथा मोहित फरीदाबाद के रहने वाले हैं वहीं आरोपी अकरम उत्तर प्रदेश के बदायूं का निवासी है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की बाईक और मोबाईल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हैप्पी तथा मोहित ने फरीदाबाद के थाना सारण क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करके थाना सेंट्रल क्षेत्र सेक्टर 15ए के सेशन हाउस के पास रोड से जा रहे राह चलते 16 वर्षीय लड़के से मोबाइल छीना था। उसके बाद आरोपियों ने चोरी की गई मोटरसाइकिल को डबुआ में कबाड़ी का काम करने वाले आरोपी अकरम को ?3000 में बेच दी। कबाड़ी अकरम ने आरोपी हैप्पी से मोटरसाइकिल खरीदकर उसके इंजन को काटकर टुकड़े टुकड़े कर दिए थे लेकिन मोटरसाइकिल के चेचिस व अन्य पार्ट्स काटने से पहले अपराध शाखा सेक्टर 48 ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी अकरम से मोटरसाइकिल की चेचिस व कटे हुए इंजन के पार्ट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया।

## सीवर सफाई शुरू होने से लोगों को मिली राहत



**फरीदाबाद।** पिछले काफी समय से पल्ला-तिलपत मार्ग पर सीवरेज के गन्दे पानी के जलभराव की समस्या झेल रहे लोगों को राहत मिलनी शुरू हुई, जब पीडब्लूडी ने गन्दगी से अटी पड़ी नालियों को साफ करना शुरू किया और नाले से निकल रही गन्दगी को ट्रैक्टर ट्राली की मदद से हटाया गया। तिलपत निवासी भाजपा नेता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय राज्यमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर और विधायक राजेश नागर को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया था। यह उसी का नतीजा है जो इतने बड़े पैमाने पर सफाई शुरू की गई है ताकि लोगों का आवागमन आसान हो। उन्होनें बताया कि इस मार्ग पर विश्व प्रसिद्व सूरदास मंदिर है जहां रोजाना काफी संख्या में भक्त आते है मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर ने 11 करोड़ की लागत से इस सडक् को बनाया और सुन्दर सुन्दर लाइटे लगवाई थी लेकिन इस मार्ग के एक छोटे से हिस्से पर गन्दे पानी का जलभराव हुआ पड़ा था जो इस सुन्दर रोड़ की सुन्दरता पर बटटा लगा रहा था लेकिन मंत्री जी और विधायक राजेश नागर के सज्ञान में आते ही आज पीडब्लूडी का पूरा अमला इसे साफ करने में लगा है जिसे लेकर यहां के निवासियों में खुशी का माहौल है। उन्होनें कहा कि नालियों को सलैब से ढका जाए जिससे की गन्दा पानी बाहर ना आए और ना ही उसमें गिरका कोई घायल हो। प्रहलाद शर्मा ने कहा कि वे लोगों से भी अपील करते है कि कचरा नालियों में ना डाले और अपने घर व दुकान के बाहर स्वच्छता रखें।

## परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 21 को

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 21 जनवरी को प्रात: 11:15 बजे एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में आयोजित की जाएगी। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे।

## एनआईटी तीन में सूर्य नमस्कार रजिस्ट्रेशन और अभ्यास

**फरीदाबाद।** स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सभी छात्राओं और अध्यापकों को सूर्य नमस्कार के रजिस्ट्रेशन के लिए और बीस फरवरी तक नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि स्वतंत्रता के 75वें महोत्सव के अंतर्गत सात सौ पचास मिलियन अर्थात पिचहतर करोड़ सूर्य नमस्कार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को 1 जनवरी से 20 फरवरी की अवधि तक प्राप्त किया जाना है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के पिचहतरवें महोत्सव के अंतर्गत देश की योग संस्कृति को प्रमुखता से प्रदर्शित करना मुख्य लक्ष्य है। प्राचार्य मनचंदा, कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर, शारीरिक शिक्षा अध्यापक मंजू सहित सभी अध्यापिकाओं ने सभी छात्राओं से नियमित सूर्य नमस्कार द्वारा स्वस्थ रहने और शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनेके लिए योग संस्कृति को अपनी आदत में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया और सभी से आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने और स्वस्थ दिनचर्या द्वारा कोरोना को हरने के लिए प्रेरित किया।

## हड़ताल में हिस्सा लेकर जवाब देंगे कर्मचारी



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ सेक्टर-25 स्थित बिजली निगम के 66 केवी हैदराबाद पावर हाउस पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की एक आवश्यक बैठक प्रदेश महासचिव सुनील खटाना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 20 जनवरी 2022 को जिला कैथल में राज्य कमेटी द्वारा आगामी 22 फरवरी 2022 की राज्यव्यापी हड़ताल व 23-24 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए मीटिंग बुलाई गई है। जिसमें प्रदेश के कोने कोने से एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के समस्त पदाधिकारी भाग लेंगे। इस मीटिंग के माध्यम से सभी साथियों के साथ विचार विमर्श करके आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने फरीदाबाद सर्कल के सभी कर्मचारी साथियों को आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करने के साथ-साथ बताया कि आज प्रदेश की सरकार करोना की आड़ में कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है।

# चुनावों के समय
## दलितों पर राजनीति

**दलितों** के प्रति राजनीतिक सद्भावना केवल चुनावों के समय दिखती है। निर्वाचन आयोग ने पंजाब विधानसभा चुनाव 14 फरवरी के बजाय 20 फरवरी को कराने का निर्णय किया है। अपने आप में यह बदलाव उल्लेखनीय न होकर केवल एक प्रशासनिक निर्णय है। लेकिन देश में सभी लोग समझ गए हैं कि यह राजनीतिक रूप से कितना महत्वपूर्ण है। यह सभी राजनीतिक दलों द्वारा विविधता में एकता का आश्चर्यजनक प्रदर्शन है जिन्होंने अपने राजनीतिक मतभेद भुला कर यह सुनिश्चित किया कि चुनाव की तिथियां पंजाब के मतदाताओं के महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव में बाधा न डालें। चुनाव की बदली तिथियां एक खास दलित समुदाय को 16 फरवरी को गुरु रविदास के जन्मदिन पर वाराणसी जाने का अवसर प्रदान करती हैं। चमत्कारी संत-कवि के समर्थक 'रविदासिया' मुख्यतः पंजाब के दोआबा क्षेत्र में रहते हैं और वे 23 विधानसभा क्षेत्रों में फैले हुए हैं। राज्य की जनसंख्या में 32 प्रतिशत दलित हैं। उनमें से एक तिहाई दोआबा में केन्द्रित हैं और दोआबा के 60 प्रतिशत से अधिक दलित रविदासिया हैं। यह राजनीतिक पार्टियों के 'मानवतावादी' दृष्टिकोण का कारण है। इस निर्णय के बाद पार्टियां इसका श्रेय लेने की होड़ में लगी हैं। उनके लिए यह पुरस्कार महत्वपूर्ण है क्योंकि एक बहुकोणीय चुनाव में सभी लोग दलितों का अधिकतम समर्थन प्राप्त करना चाहते हैं जो 117 सदस्यों वाली विधानसभा में किसी को भी विजय दिला सकते हैं।

क्या दलितों को इस बात पर आश्चर्य नहीं होगा कि राजनीतिक पार्टियों



की उनके प्रति सद्भावना तभी प्रदर्शित होती है जब चुनावों का समय आता है? दलितों के लिए चुनाव की तिथि इसलिए बदली गई क्योंकि उनका वोट महत्वपूर्ण है और ऐसा न होने पर यही पार्टियां उनके प्रति लापरवाही बरतती हैं। आरक्षण जैसे सकारात्मक कदमों के लाभ उनको निश्चित रूप से मिले हैं और इससे वे मुक्ति के रास्ते पर अग्रसर हैं, लेकिन वे अनेक मामलों में आज भी पहले की तरह जोखिम के शिकार हैं। इनमें मंदिरों में प्रवेश, मूंछे रखने, घोड़े पर सवारी, समान श्मसान स्थलों के प्रयोग आदि पर जातीय हिंसा शामिल है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार भारत में 2020 में हर 10 मिनट पर दलितों के खिलाफहिंसा होती थी और 2021 में भी यह स्थिति बनी हुई है। दलितों पर मामूली कारण होने पर हमला किया जाता है, उनको गुजरात में चमड़े के जूते पहनने पर पीटा जाता है, महाराष्ट्र में एक कुंए में तैरने पर नंगा कर घुमाया जाता है तथा यहां तक कि तमिलनाडु में मंदिर के एक त्यौहार पर बैठे रहने पर मार डाला जाता है। उनके ऊपर पेशाब करने जैसे घृणित व अमानवीय अपमानजनक अत्याचार होते हैं। एक महीने पहले बिहार में हुई एक घटना में गांव में चुनाव हारे एक व्यक्ति ने इसका आरोप दलितों पर लगाया और दंडस्वरूप एक दलित को थूक कर चाटने पर मजबूर किया। दलित महिलाओं और लड़कियों से छेड़खानी, बलात्कार और उनकी हत्या जैसी घटनायें होती हैं। लेकिन चुनाव आने पर दलित राजनीति केन्द्रीय स्थान पर आ जाती है और आम समय में लापरवाही के स्थान पर संवेदना का व्यवहार होने लगता है। यदि पंजाब चुनाव की तिथि बदलना केवल स्वार्थी दृष्टिकोण से एक संकेत नहीं है तो राजनीतिक पार्टियों को सक्रिय रूप से दलितों के खिलाफहोने वाले भेदभाव और हिंसा को संबोधित करना चाहिए तथा इसे केवल अतीत में उत्पीड़न कह कर खारिज नहीं करना चाहिए।

# यूपी चुनाव में ओबीसी की भूमिका

**भाजपा, जिसने एक हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में जन्म लिया, ने सामाजिक रूप से विषम ओबीसी को राष्ट्रीय स्तर पर एक राजनीतिक इकाई के रूप में समेकित किया और धीरे-धीरे यह अपने हिंदू वोट की रीढ़ बन गई।**



**स्वर्ण कुमार आनंद**
(लेखक दि पायनियर के सह संपादक एवं समाचार संपादक हैं)



जाति भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति के डीएनए में है और अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग के भीतर राजनीतिक रूप से जागृत जातियों के मिश्रित समूह का प्रभाव चुनाव परिणामों को निर्धारित करने में गहरा है। इसलिए, जाति समीकरण में कोई भी बदलाव राजनीतिक दलों द्वारा एक श्रृंखला प्रतिक्रिया को जन्म देता है। उत्तर प्रदेश में इसी तरह की राजनीतिक उथल-पुथल देखी जा रही है, जो ओबीसी मंत्रियों और योगी आदित्यनाथ कैबिनेट और भाजपा के नेताओं के दलबदल से शुरू हुई है। यह भाजपा और अन्य विपक्षी दलों द्वारा राजनीतिक पैंतरेबाज़ी का एक हिमस्खलन बन गया है क्योंकि ओबीसी वोट सभी दलों के लिए मायने रखता है क्योंकि समूह कुल वोट का एक तिहाई से थोड़ा अधिक है। इसके अलावा, विद्रोह ने कुछ हलकों में अटकलें लगाईं - मीडिया और राजनीतिक पर्यवेक्षकों का एक वर्ग - कि ओबीसी नेताओं का पलायन यूपी में भाजपा शासन के अंत को दर्शाता है।

अपनी जातियों के एकमात्र प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले ओबीसी मंत्रियों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में धारणा से अटकलों को बल मिला है। अगर इस दावे पर कोई भरोसा किया जाता है, तो इन ओबीसी नेताओं ने योगी सरकार को अपनी व्यक्तिगत और राजनीतिक आकांक्षाओं को साकार करने में एक बाधा पाया। लेकिन यह आश्चर्य की बात नहीं है। भाजपा शायद भारत की एकमात्र पार्टी है जहाँ नेता पार्टी या सरकार से बड़े नहीं होते हैं। इसके अलावा, केंद्र में नरेंद्र मोदी और यूपी में योगी के शासन में किसी अन्य नेता को बेलगाम बोलबाला नहीं होने दिया जाता है। हालाँकि, यदि कोई नीतिगत निर्णयों और सरकार की पहुँच की जाँच करता है, तो इस समूह में ओबीसी या किसी भी जाति के खिलाफ भेदभाव का कोई सबूत नहीं है। पलायन का दूसरा कारण भी इस धारणा की ओर इशारा करता है कि क्षत्रिय मुख्यमंत्री आगामी चुनाव में बहुमत बरकरार नहीं रख पाएंगे क्योंकि वह गैर-क्षत्रिय उच्च जाति के मतदाताओं का विश्वास भी बनाए रखने में असमर्थ रहे हैं। और इसके परिणामस्वरूप राजनीतिक मौसम वैज्ञानिकों द्वारा पलायन का तूफान आया, जो बदलती लहर की सवारी करने के किसी भी अवसर को हमेशा हड़प लेते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ऐसे ही गौरवशाली मौसम वैज्ञानिकों में से एक हैं। वह एक स्व-घोषित क्लैरवॉयंट है जो देखता है कि समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रति वफादारी को स्थानांतरित करने में उसका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। हालाँकि, भले ही दलबदल राजनीतिक अवसरवाद के बारे में हो, यह भाजपा, विशेष रूप से योगी के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि यह मतदाताओं को हिंदू वोट के टूटने के बारे में एक बेकार संकेत भेजता है, जिसमें एक वर्ग के अलावा ज्यादातर ओबीसी शामिल हैं। उच्च जातियों और अनुसूचित जातियों के। अटकलें मोदी के भाजपा के सबका साथ संकल्प की ईमानदारी को भी धूमिल करती हैं। तीसरा कारण एक बार फिर यह धारणा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव विपक्षी खेमे से भाजपा के खिलाफ एक विकट चुनौती के रूप में उभर रहे हैं, जिसके पास कांग्रेस के रूप में कोई अन्य गंभीर खिलाड़ी नहीं है, बावजूद इसके कि प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में कुछ खोई हुई जमीन हासिल करने में असमर्थ है। एक खर्च की गई शक्ति के रूप में अपनी छवि को बहाल करने के लिए। और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अब गिनती में नहीं है। इसके अलावा, पार्टियों के बीच यह एक सामान्य समझ है कि किसी एक दल के पास भाजपा को एक सफल चुनौती देने का साधन नहीं है, दलबदलू अपनी सारी उम्मीदें अखिलेश पर टिका रहे हैं जो बिल में फिट लगते हैं। हालांकि, विभाजित विपक्ष, कुछ यूपीए और अन्य तीसरे मोर्चे को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है, अखिलेश को ओबीसी नेताओं के पलायन के बाद कुछ नुकसान नियंत्रण करने के लिए संघर्ष करने के बावजूद भाजपा की ताकत के खिलाफ पर्याप्त रूप से हथियार नहीं देता है। चुनावी राजनीति में ओबीसी की केंद्रीयता निर्विवाद है लेकिन यूपी में समूह के भीतर भी जातिगत समीकरण बहुत जटिल हैं। मंडल के बाद के युग ने ओबीसी राजनीति की चुनावी संभावनाओं में उल्कापिंड देखा है, लेकिन ये दल क्षेत्रीय जेब तक ही सीमित हैं। ओबीसी वोट यूपी में छोटे एकल-जाति आधारित दलों द्वारा काटा गया है, जैसे ओपी राजभर और अनुप्रिया पटेल ने अपने प्रभाव क्षेत्र में। जहां सपा यादव के नेतृत्व वाली ओबीसी राजनीति मुस्लिम वोट को बरकरार रखते हुए करती है, वहीं बसपा के पास जाटव हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुसलमानों और एससी के विपरीत, ओबीसी वह समरूप राजनीतिक इकाई नहीं है। इसलिए, जाति के नेता उस सार्वभौमिक ओबीसी श्रेणी के उपसमुच्चय हैं। चूंकि क्षेत्रीय धर्मनिरपेक्ष पार्टियां पूरे ओबीसी वोट पर कब्जा नहीं कर सकीं, इसलिए वे समीचीन मुस्लिम वोट को लालच देकर नुकसान की भरपाई करते हैं। हालाँकि, भाजपा, जिसने एक हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में जन्म लिया, ने सामाजिक रूप से विषम ओबीसी को राष्ट्रीय स्तर पर एक राजनीतिक इकाई के रूप में समेकित किया और धीरे-धीरे यह अपने हिंदू वोट की रीढ़ बन गई। और इसीलिए भाजपा हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति करने के बावजूद, जो जाति की राजनीति के विपरीत प्रतीत होती है, ओबीसी वोट को मजबूत करने की कोशिश करती है - हिंदू वोट का मूल - और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश करती है। इसलिए, अगर इन अटकलों में कोई सच्चाई है कि ओबीसी मतदाताओं का भाजपा पर से विश्वास उठ गया है, तो यह निश्चित रूप से यूपी में पार्टी के लिए एक श्रद्धांजलि है। हालाँकि, अटकलें कितनी भी मजबूत क्यों न हों, यह कहना जल्दबाजी होगी कि कुछ असंतुष्ट ओबीसी नेताओं द्वारा दलबदल भाजपा से ओबीसी वोट के पलायन में कैसे तब्दील होगा। दिलचस्प बात यह भी है कि इन नेताओं ने योगी सरकार पर ओबीसी ही नहीं युवाओं, किसानों और व्यापारियों की आकांक्षाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है. हालांकि चुनावी राजनीति में, सामाजिक सच्चाई और कुछ नहीं बल्कि जनता के बीच धारणा है कि मतदान केंद्रों पर उनकी प्राथमिकताओं को आकार देता है, जनता की धारणा को मापने के लिए आसान नहीं है। परस्पर विरोधी आख्यानों की स्थिति में धारणाएँ बदलती रहती हैं, और किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि कथाएँ बुनने की कला में भाजपा शीर्ष पर है। इसके अलावा, यूपी में बदलती परिस्थितियों का चुनावी परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि एससी और मुस्लिम अन्य पार्टियों द्वारा पेश किए गए प्रलोभन को कैसे लेते हैं। जहां तक ??मुसलमानों की बात है तो उनका वोट किसी भी होनहार पार्टी या उम्मीदवार को जाना लगभग तय है जो भाजपा के खिलाफ मुख्य दावेदार है। यदि ओबीसी वोट को हथियाने वाली पार्टी द्वारा पूरा मुस्लिम वोट एकत्र नहीं किया जाता है, तो मुस्लिम वोट चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की अपनी ताकत खो देता है। जब कई तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल मैदान में हैं, तो मुस्लिम वोट के प्रबंधन का यह सबसे मुश्किल हिस्सा है। यह अखिलेश के लिए चिंता का विषय है। दूसरा, यह निश्चित नहीं है कि ओबीसी नेताओं का पलायन भाजपा से ओबीसी वोटों के पलायन में तब्दील हो जाएगा, क्योंकि पहले कुछ ओबीसी नेता सरकार में लगभग पूर्ण कार्यकाल का आनंद लेने के बाद चुनाव के समय वफादारी बदलने के लिए बदनाम हैं। साथ ही नेताओं का पलायन हमेशा नुकसान की भविष्यवाणी नहीं करता है। पश्चिम बंगाल में हमारे पास एक उदाहरण है। मीडिया में बीजेपी के मजबूत होने की अटकलों ने टीएमसी नेताओं द्वारा इसी तरह के पलायन की शुरुआत की थी, लेकिन चुनाव परिणाम सभी गलत साबित हुए। योगी शासन के पिछले पांच वर्षों के दौरान, जनता की धारणा यह है कि मौर्य ने पूर्वी यूपी में ओबीसी पर अपना प्रभाव बरकरार रखा है, लेकिन उत्तर प्रदेश के उस हिस्से में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र है, जिसका करिश्मा विशेष रूप से वितरण के बाद फीका नहीं हुआ है। अयोध्या प्रतिज्ञा। साथ ही यह दावा कि मौर्य इस क्षेत्र में निर्विवाद रूप से ओबीसी नेता हैं, तब बिखर गया जब मौर्य भाजपा की स्पष्ट लहर के बावजूद 2017 में अपने बेटे को विधानसभा चुनाव जीतने में मदद नहीं कर सके। लेकिन साथ ही, तथ्य इतिहास है और जब तक भाजपा इन तथ्यों के साथ एक कथा बुनती है, यह धारणा बनाने के लिए कि इन ओबीसी नेताओं ने अपने समुदाय के लिए नहीं बल्कि अपने हितों के लिए भाजपा छोड़ी, भाजपा के लिए नुकसान है कुछ। जबकि राजनीतिक पंडित परिणाम की भविष्यवाणी करते हैं, उनके चेहरे पर अंडे के साथ छोड़ दिया जाएगा यदि वे मोदी के जादू को भाजपा द्वारा भुनाने की संभावना को नकारते हैं। दिलचस्प बात यह है कि न तो यूपी की बीजेपी सरकार ने और न ही केंद्र में कोई नीतिगत फैसला लिया है जो ओबीसी की आकांक्षाओं की अनदेखी करता है। इसके बजाय एनईईटी की अखिल भारतीय श्रेणी में ओबीसी कोटा बढ़ाने का केंद्र का हालिया निर्णय एक उदाहरण है जिसे भाजपा ओबीसी समर्थक कथा बुनने के लिए नियोजित कर सकती है। जैसे ही कोविड की तीसरी लहर चरम पर है, चुनाव आयोग द्वारा शारीरिक चुनावी रैलियों की अनुमति देने की संभावना अधिक है, और फिर सभी की निगाहें मोदी पर होंगी। किसी भी चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी करने से पहले मतदान के दिन तक प्रतीक्षा करें क्योंकि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।

# धार्मिक मतभेदों के बावजूद राष्ट्रीय एकता

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



पिछले पखवाड़े मीडिया में कैपिटाल हिल पर हमले की काफी चर्चा हुई जब एक निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट जो बाइडेन के पक्ष में चुनावी विजय को न स्वीकार कर एक प्रकार से विद्रोह के संकेत दिए थे। कुछ लेखकों ने सुझाव दिए थे कि अमेरिका के रिपब्लिकन बहुसंख्य लाल राज्य डेमोक्रेटिक बहुसंख्य नीले राज्यों से अलग होने की तैयारी कर रहे हैं। इसे उदारवादियों व कट्टरपंथी अमेरिकनों के बीच मतभेद की तरह भी देखा जा सकता है, पर यह कभी भी और किसी प्रकार इतना व्यापक नहीं था कि देश टूटने का कारण बन सके। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका में उत्तरी यांक और दक्षिणी कन्फेडरेट के बीच 1861 से 1865 तक चार साल भयानक गृहयुद्ध हुआ था।

अब्राहम लिंकन ने पूरे जोश से यांक का नेतृत्व कर विजय प्राप्त की थी तथा देश की एकजुटता बनाए रखी थी। इसी कारण उनको संयुक्त राज्य अमेरिका का महानतम राष्ट्रपति माना जाता है। लेकिन यह भी सच है कि पंद्रहवीं शताब्दी के बाद से अनियमित विस्थापन से बने संयुक्त राज्य अमेरिका में एकसूत्रता की भावना नहीं है। यहां यूरोपीय, जापानी, चीनी, कोरियाई, भारतीय, हिस्पैनिक, अरब व अन्य इस्लामी मूल वाले लोग हैं। अधिकांश भारतीय राजनीतिक रूप से अपना सिर नहीं उठाते हैं। अन्य राजनीतिक रूप से शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना लक्ष्य आगे बढ़ाते रहते हैं। भारतीय मूल के नागरिक ब्रिटेन के क्रिकेट मैदानों में नस्ली आधार पर भारत की टीम का समर्थन करते हैं, जबकि उनके पास ब्रिटिश पासपोर्ट होता है। लेकिन यह एक इच्छित संकेत नहीं है क्योंकि इससे पता चलता है कि देश में एक एकसूत्रता नहीं है और उसके टूटने का खतरा बना हुआ है। हम इसी मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं।

लेकिन ज्यादा दूर जाने की क्या जरूरत? भारत में एक एकसूत्रता के साथ अनेक राजनीतिक भावनायें व्याप्त हैं। 1947 में धार्मिक आधार पर हुए विभाजन के बावजूद हमारे यहां अब भी ऐसे धार्मिक समूह हैं जिनका अंतिम लक्ष्य ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों के समान है। लेकिन अमेरिका व ब्रिटेन के उलट भारत में अनियमित विस्थापन जैसी स्थिति नहीं रही है। भारत की स्थिति इस मामले में एकदम अलग है। कोई इतिहासकार इसे एकसूत्रता की कमी कह सकता है जो हमेशा के लिए और सभी परिस्थितियों में राष्ट्रीय एकजुटता सुनिश्चित करती है। ऐसे समय आते हैं जब परिस्थितियां राष्ट्रीय हितों पर भारी पड़ती हैं। वास्तव में 18वीं शताब्दी के अंत से 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक राष्ट्रीय जागरण के नाम पर बहुत कुछ नहीं हुआ। उस समय यदि कोई विचारधारा थी तो वह धर्म या



भाषा आधारित थी। हालांकि, परिस्थितियों से अधिक संबंधित देशों में तत्कालीन नेताओं की गलतियों की ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उदाहरण के लिए फ्रांस पर गौर करें। सभ्यता के एक संकेत के रूप में पेरिस ने समुद्रपारीय साम्राज्य को मेट्रोपालिटन फ्रांस घोषित कर दिया था। इससे अल्जीरिया, मोरक्को, आदि फ्रांसीसी उपनिवेशों के लोग फ्रांस के शहरों और कस्बों में जाने लगे। आज इस यूरोपीय देश में जनसंख्या के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं, यूरोपीय और अफ्रीकन। सांस्कृतिक व धार्मिक रूप से बहुत अलग होने के कारण उनका एकसाथ सह-अस्तित्व बहुत कठिन है। दो विश्वयुद्धों में जर्मनी और तुर्की सहयोगी देश थे। जहां अनेक तुर्कों को समुचित रोजगार नहीं मिला था, वहीं जर्मनी सस्ते श्रमिक चाहता था। इस कारण बड़ी संख्या में तुर्क वहां पहुंचे और उन्होंने जर्मनी को अपना घर बना लिया, लेकिन बर्लिन ने जोर दिया कि वे वहां केवल खोजी कामगारों के रूप में बस सकते हैं, नागरिकों के रूप में नहीं। लेकिन इन अतिथि कामगारों के बच्चों का क्या हुआ? सीरिया में गृहयुद्ध छिड़ने के बाद देश में बड़ी संख्या में शरणार्थी आए जिससे एशियाइयों की संख्या और बढ़ गई। उनका स्वागत करने वालों में पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल भी थीं। ब्रिटेन ने भी द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यही गलती की जब उसको सस्ते श्रमिकों की जरूरत थी। वहां वेस्ट इंडीज़, भारत और पाकिस्तान से लोग पहुंचने लगे। अब वहां बहु-नस्ली राष्ट्रीय जीवन में सभ्यतापूर्ण रहने की समस्यायें सामने आ रही हैं। 17वीं और 18वीं शताब्दी में अमेरिका ने पश्चिम अफ्रीका से बड़े पैमाने पर गुलामों को अपने यहां बुलाया। जैसा कि हमने पहले उल्लेख किया है, गुलामी समाप्त करने की इच्छा रखने वाले उत्तरी राज्यों तथा इस बुराई और अमानवीय संस्थान को वैध जीवनशैली मानने वाले दक्षिणी राज्यों के बीच चार साल गृहयुद्ध चला था। लेकिन अमेरिकी नेताओं ने इससे कोई सबक नहीं सीखा और उन्होंने ज्यादा से ज्यादा बसने वालों को अनुमति देना जारी रखा। डेमोक्रेटिक पार्टी इन आप्रवासियों का समर्थन करती है, जबकि रिपब्लिकन मोटेतौर से संयुक्त राज्य अमेरिका का श्वेत या यूरोपीय चरित्र बनाए रखना चाहते हैं। इसी कारण वहां नीले बनाम लाल राज्यों में मतभेद पाए जाते हैं जिनका उल्लेख पहले किया जा चुका है।

लेकिन भारत इन देशों को सलाह देने वाला कौन है? उसने स्वयं भयानक गलती की है। विभाजन के समय और 1846-47 के पूरे कालखंड में मुस्लिम लीग ने जनसंख्या के हस्तांतरण की बात की थी क्योंकि पाकिस्तान को इस उप-महाद्वीप के सारे मुसलमानों के देश के रूप में पेश किया जा रहा था। स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने इस विषय पर 'इंडिया डिवाइडेड' नामक एक पुस्तक लिखी थी। इनमें उन लोगों के लिए एक सुझाव था जो देश छोड़ कर जाने में सफल नहीं हुए थे। वे यहां रह सकते थे, पर नागरिकों के रूप में नहीं। इसके बजाय उनके साथ आवासीय वीसा वाले विदेशियों जैसा व्यवहार होता और उनको कोई राजनीतिक अधिकार न मिलते। पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना ने डा. राजेन्द्र प्रसाद के विचारों से सहमति प्रकट की थी। लेकिन गांधीजी व जवाहरलाल नेहरू ने न केवल इस राजनीतिक समाधान का विरोध किया, बल्कि लाखों लोगों के साथ अन्याय भी किया। विख्यात पाकिस्तानी विद्वान सुश्री आयशा जलाल ने अपनी पुस्तक 'द सोल स्पोक्समैन' में सवाल उठाया, फिर विभाजन क्यों हुआ?

पंजाब व बंगाल के मुस्लिम बहुल प्रांत विभाजन नहीं चाहते थे, बल्कि मुख्यतः उत्तर प्रदेश व बंबई प्रेसीडेंसी के मुस्लिम अल्पसंख्यक प्रांतों ने देश विभाजन व पाकिस्तान की अवधारणा को बढ़ावा दिया। लेकिन आखिरकार उनके अधिकांश अल्पसंख्यक भारत में बने रहे। इससे पैदा विभीषिका बाद में सबके सामने आई।

## आप की बात

### जीव-जंतुओं में कोरोना

**इंसानों** के बाद अब जीव जंतुओं की भी कोरोना संक्रमित होने की खबर आ रही है। कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वेरिएंट के कारण बढ़ते संक्रमण के बीच हांगकांग में हैमस्टर (चूहे जैसे दिखने वाले जीव मगर अलग प्रजाति) कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। यहाँ के प्रशासन ने कोरोना संक्रमण की आशंका के चलते करीब दो हजार हैमस्टरों को मारने का फैसला किया है। प्रशासन के इस ऐलान के चलते जानवरों के लिए काम करने वाली संस्थाएं दी लोकल सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी टू एनिमल्स (एसपीसीए) डरी हुई हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं लोग डरकर अपने पालतू जानवरों को छोड़ न दें। एसपीसीए ने कुछ तरीके भी बताए, जिनका पालन करके इंसानों और जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है इसमें जानवरों को न चूमना, उनके नजदीक ना छींकना, उन्हें छूने के बाद हाथ धोना जैसी सावधानियां शामिल हैं। ऑनलाइन याचिकाएं इस बीच हांग कांग में कई लोग प्रशासन से अपना फैसला बदलने की भी अपील कर रहे हैं। दुनियाभर के कई वैज्ञानिकों और हांग कांग के वेटनरी विशेषज्ञों का कहना है कि दुनियाभर मे पालतू जानवरों से इंसानों में संक्रमण फैलने का एक भी मामला साबित नहीं हुआ।

- **विभूति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### समावेशी हो बजट

**कौटिल्य** अर्थशास्त्र में कहा गया है कि राज्य का सबसे महत्वपूर्ण अंग वित्त है अतः राजा को सबसे ज्यादा ध्यान अपने राजकोष देना चाहिए । कोविड-19 ने देश की अर्थव्यवस्था को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। बजट केवल गणित विषय नहीं है बल्कि व्यक्तियों की समृद्धि और वर्गों के संबंधों और साम्राज्य की शक्ति की जड़ तक पहुंचते हैं। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि सरकार उन विषयों पर अत्यधिक ध्यान दें जिससे हम इस महामारी से उत्पन्न प्रभाव से उभर सकें। बजट में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए वैसे तो जीएसटी की दर जीएसटी परिषद के अधीन होती है लेकिन अगर हमें विनिर्माण क्षेत्र में आगे बढ़ना है और भारत को एक और औद्योगिक राष्ट्र बनाना है तो विनिर्माण के दरों में कमी करने की जरूरत है । विनिवेश की प्रक्रिया अविलंब पूरी की जानी चाहिए जिससे कि सरकार का उठाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा हो सके ।कर की चोरी रोकने का एक साधारण उपाय हो सकता है कि प्रत्यक्ष करो कि दरों में कमी लाई जाए। डिजिटल इंडिया का सपना सपना साकार हो सके इसके लिए सरकार को चाहिए कि जिस तरह से गांव में इंटरनेट पहुंच चुका है उसी तरह गांव में ब्राडबैंड सुविधा भी पहुंचाई जाए।

- **मंगल सिंह**, आजमगढ़


### संवेदनशीलता का परिचय दें

**कोरोना** काल मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए घोर आर्थिक संकट का समय है। सारी दुनिया इसकी चपेट में है और चहुंओर इससे बचने के लिए संघर्ष चल रहा है। लोगों की जीविकाए खत्म हुई है। जमीन और घर भी बिक गए है। बैंकों, बीमा की जमा पूंजी भी खत्म हो गई। जीवन को चलाने के लिए अत्यंत संकटों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की शिक्षा भी पूरी तरह से प्रभावित हुई है। पृथ्वी में पर निर्भरता का जीवन इस तरह संकट में आ जाएगा किसी ने सोचा भी नहीं था। संपन्न वर्ग एवं सरकारें ऐसी आर्थिक नीतियां बनाएं कि सामान्य मध्यम वर्गों के जीवन में भी खुशहाली लाई जा सके। केंद्र और राज्यों के बजट का निर्माण का समय है। अच्छी लोक कल्याणकारी आर्थिक नीतियां बनाकर सरकारें आम जनता के जीवन को आत्म निर्भरता की पटरी पर ला सकती हैं। सरकारें व संपन्न वर्ग संवेदनशीलता का परिचय दें तो अच्छे दिन शीघ्र ही लाए जा सकते हैं। पृथ्वी में सभी को जीवन एक निश्चित समय के लिए मिला है। सभी कर्म योगी व सभ्य होने का परिचय दें।

- **प्रदीप गौतम**, रीवा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**ममता** बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के बीच रार छिड़ी हुई है। डायमंड हार्बर के पोस्टरों में ममता का चित्र नहीं है।

- **अमित मालवीय**
भाजपा नेता



**राह** दिखा रहा है युवा और युवा भारत! यह उत्साहवर्धक खबर है। आइए गति बनाए रखें। टीकाकरण और सभी कोविड संबंधित प्रोटोकॉल का पालन करना महत्वपूर्ण है।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** भाजपा नेताओं से सहमत नहीं हूं। महिला शक्ति देश बदलने की क्षमता रखती है।

- **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

# अखिलेश के शासनकाल में गुंडागर्दी को महत्व दिया जाता था: स्वतंत्र देव

● सपा प्रमुख जब अपने परिवार को संभालने में सफल नहीं हुए तो प्रदेश को क्या संभालेंगे: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपर्णा यादव का स्वागत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर अपर्णा यादव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है जबकि अखिलेश यादव के शासन काल में गुंडागर्दी को महत्व दिया जाता था। बेटा-बेटी या किसान कोई भी सुरक्षित नहीं था, शाम ढलते ही लोग घरों का दरवाजा बंद कर लेते थे। अपर्णा यादव के पार्टी में शामिल होने से पार्टी के चुनाव अभियान को और मजबूती मिलेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का सतत विकास हो रहा है जबकि अखिलेश यादव दूसरे के विकास कार्यों पर अपना स्टीकर चस्पा करने का काम करते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में राज्य के किसी क्षेत्र का विकास नहीं किया। अखिलेश यादव जब अपने परिवार को संभालने में सफल नहीं हुए तो प्रदेश को क्या संभालेंगे। अखिलेश यादव राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में असफल थे ही साथ ही सांसद के रूप में भी असफल रहे हैं। अपर्णा यादव ने भाजपा में शामिल होने पर मोदी-योगी और केशव प्रसाद मौर्य का आभार जताते हुए कहा कि मैं हमेशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रभावित रही हूँ। स्वच्छ भारत मिशन हो या महिला स्वावलंबी योजना, भाजपा की सभी योजनाओं से मैं प्रभावित रही हूँ। मैं राष्ट्र प्रथम की भावना से राष्ट्र की आराधना करने निकली हूँ, भाजपा में रह कर मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, अपनी क्षमता अनुसार उसका निर्वाह करने की कोशिश करुँगी।


वहीं बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि गरीबों-किसानों की जमीनें कब्जा करने वाले सपाई आज किसान हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। खेती से जीवन यापन करने वाले किसानों का कैराना से पलायन कराने वाले दंगाइयों को सपा प्रमुख टिकट देकर सम्मानित कर रहे हैं। जिनके राज में कर्ज के बोझ के तले किसान आत्महत्या कर रहे थे वो किसानों के भले की बात का स्वांग रच रहे हैं जबकि भाजपा सरकार इकलौती ऐसी सरकार है 2017 में जिसकी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में ही 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ के ऋण माफ किये गए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार ने हर स्तर पर प्रयास किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 53 लाख 98 हजार किसानों के खाते में 37388 करोड़ हस्तांतरित किये गए हैं। पिछले साढ़े चार सालों में किसानों से 435 लाख मीट्रीक टन खद्यान खरीदे कर 79 हजार करोड़ का भुगतान किया। 2007 से 2017 के बीच केवल 221.07 लाख मीट्रीक टन खद्यान खरीदा गया था। आंकड़े बताते हैं कि किसान हितैषी कौन है? उन्होंने कहा कि तिलहन, दलहन, गेहूं, धान और अन्य दूसरी फसलों के एमएसपी में डेढ़ से दो गुना तक की बढ़ोतरी की गई है। हमने जहां गन्ना किसानों को पुराने बकाए के साथ ही डेढ़ लाख करोड़ का भुगतान किया। वहीं गन्ने के समर्थन मूल्य में भी इजाफा किया जबकि सपा बसपा सरकार मिलकर भी 95 हजार करोड़ से ज्यादा का भुगतान नहीं कर पाई थी। कहा कि जिन्होंने चीनी मिलों को बंद कर कौड़ियों के भाव बेच दिया आज वे किसान हितैषी होने की बात कहते हैं तो मन में पहला भाव संदेह का ही उत्पन्न होता है। सरकार ने किसानों के बिजली बिल भी हॉफ किये हैं। यह बहुत ही दूरगामी निर्णय है। किसानों को निर्बाध बिजली के लिए अलग से कृषि फीडरों का निर्माण किया गया है। जिस पर 10 घंटे की निर्बाध सप्लाई दिन में दी जा रही है, जिससे किसानों को रात में जगकर सिंचाई नहीं करनी पड़ती। पहले तो किसानों को बिजली मिलती ही नहीं थी। किसानों के ट्यूबवेल के बिल आधे किये गए।

# बीजेपी ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

## मोदी-योगी समेत केंद्रीय मंत्री और संगठन से जुड़े पदाधिकारी शामिल, वरुण को नहीं मिली जगह









यूपी विधानसभा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** ने यूपी चुनाव के लिए 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं जबकि सूची में भाजपा सांसद वरुण गांधी व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का नाम शामिल नहीं है। पार्टी ने यह सूची पहले चरण के चुनावों को ध्यान में रखते हुए जारी की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यदि चुनाव आयोग कोविड मामलों की समीक्षा के बाद रैलियां करने की इजाजत देता है तो पार्टी के स्टॉर प्रचारक चुनावी मैदान में उतरकर जनता से रूबरू संवाद करेंगे। इजाजत मिलने तक वर्चुअल और डिजिटल माध्यम से चुनाव प्रचार करेंगे। इस सूची में पार्टी ने केंद्रीय मंत्री, योगी सरकार के मंत्री, सांसद, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं। भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेद्र प्रधान, राधा मोहन सिंह, मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, दिनेश शर्मा, संजीव बालियान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया,सुरेन्द्र नागर, वीके सिंह, चौधरी भूपेन्द्र सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह राजू भईया, एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजन ज्योति, कांता कर्दम, रजनीकांत महेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र कश्यप, जेपीएस राठौर और भोला सिंह खटिक शामिल हैं।

# आजमगढ़ की जनता से अनुमति लेकर ही लड़ूंगा चुनाव

● सरकार बनने पर 18000 रुपए समाजवादी पेंशन दी जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आजमगढ़ की जनता से अनुमति लेकर ही मैं चुनाव लड़ूंगा। सपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने घोषणा की कि समाजवादी सरकार के दौरान चलाई गई समाजवादी पेंशन को 18000 रुपए सालाना किया जाएगा। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने के प्रश्न पर कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि समाजवाद का विस्तार हो रहा है। अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार बनने पर फिर से समाजवादी पेंशन योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस बार जरूरतमंद गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष 18 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। श्री यादव ने कहा कि पिछली बार सपा सरकार के दौरान 50 लाख महिलाओं को समाजवादी पेंशन योजना में 6 हजार रुपए वार्षिक का लाभ दिया जा रहा था। समाजवादी सरकार में सबसे ज्यादा बैंक खाते खुलवाए गए थे। खातों में सीधे पैसा पहुंचाया जा रहा था। प्रदेश में डायरेक्ट बेनिफिट योजना की शुरुआत भी समाजवादी सरकार ने की थी।

अखिलेश यादव ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में वाराणसी, कुशीनगर में मुसहर जाति के गरीब लोगों को लोहिया आवास और पेंशन दी थी। ललितपुर में गरीबों को पेंशन एवं आवास दिया था। लखनऊ में पीजीआई के पास और कन्नौज में सपेरों को पेंशन और लोहिया आवास दिया गया। सरकार बनने पर एक्सप्रेस.वे के किनारे सपेरा गांव भी बसाया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जिन परिस्थितियों में इस बार चुनाव हो रहा है उसमें समाजवादी पार्टी का कोई विकल्प नहीं है। जनता समाजवादी पार्टी के साथ खड़ी है। हमने जिन नेताओं को पार्टी में शामिल किया है उनका व्यापक जनाधार है। गठबंधन में जो साथ आए हैं उनके साथ से लड़ाई में मजबूती आएगी। उन्होंने जनता के बीच संघर्ष किया है और काम किया है। श्री यादव ने कहा कि इस बार भाजपा को गाय मां का पाप लगने जा रहा है। पूरे प्रदेश में जगह जगह गाय मां भूखी हैं।

एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों को और मुझे भाजपा से राष्ट्रवाद का सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। मैं खुद मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूं। हमारे साथ मिलिट्री स्कूल में पढ़ने वाले कई सीनियर और मित्र आज देश की सीमाओं पर खड़े हैं और देश की रक्षा कर रहे हैं। क्या भाजपा की टॉप लीडरशिप बता सकती है कि उनके साथ पढ़ा हुआ कोई देश की सीमाओं पर खड़ा है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस.वे बनाया। एक्सप्रेस वे पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए डिज़ाइन बनवाया। समाजवादियों का क्लियर विजन था कि एक्सप्रेस वे पर फाइटर प्लेन उतरे। हमारी सरकार ने एक्सप्रेस.वे पर लड़ाकू विमान उतार कर दिखा दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे की भी डिजाइन में लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी का निर्माण प्रस्तावित था। प्रधानमंत्री का विमान एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर उतरा उसका डिजाइन समाजवादियों ने किया था। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर सबसे घटिया प्रचार बीजेपी कर रही है। समाजवादी पार्टी चुनाव आयोग और पुलिस से इसकी शिकायत कर रही है। इस अवसर पर श्री यादव ने एडवोकेट भानु प्रताप सिंह की पुस्तक अंबेडकरवादी लोहियावादी नए कृषि कानून का सच का विमोचन किया।

### भाजपा के कई विधायक हमारे टच में हैं: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा विधायकों का संपर्क होने की बात स्वीकारी। सपा मुखिया अखिलेश यादव से जब यह सवाल किया गया कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई का कहना है कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव उनके टच में है, इसमें कितनी सच्चाई है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि भाजपा के कई विधायक हमारे टच में हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा केवल झूठ पर चलती है।

# अखिलेश ने सत्ता में रहते हुए जनता को छलने का ही काम किया: लक्ष्मीकांत बाजपेयी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने बुधवार को कहा कि झूठे वादे और दावे करने वाली सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सत्ता में रहते समय प्रदेश की जनता को केवल छलने का ही काम किया।

जब प्रधानमंत्री 2014 में जनधन खाते खुलवाने की अपील कर रहे थे तो अखिलेश यादव ने लोगों को गुमराह किया। जब गरीबों और वंचितों को जनधन खातों से सीधे मदद मिलने लगी तो विपक्ष की राजनीति बंद हो गई। गरीबों के लिए योगी और मोदी सरकार के कल्याणकारी कार्य सपा-बसपा और कांग्रेस को खराब लग रहे हैं। क्योंकि पहले उनके लोग गरीबों के हक पर डाका डालने का काम करते थे। बुधवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही गरीबों, वंचितों के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल लगातार झूठे वादे करते आ रहे हैं। आज अखिलेश यादव ने एक और झूठा वादा और दावा दोनों किया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के खातों में पैसा डालने का काम उन्होंने किया था लेकिन वे यह भूल गए कि उनकी सरकार जाने के बाद से यूपी में 7.7 करोड़ जनधन खाते खुले हैं और उनके माध्यम से गरीबों को सीधे लाभ मिल रहा है। अब यूपी में बिचौलिया राज खत्म हो गया है। उनका रोजगार चला गया है इसीलिए अखिलेश को कष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब गरीब को मकान के लिए ढाई लाख सीधे खाते में गया तो सपा प्रमुख को कष्ट हुआ। जब शौचालय के लिए सीधे खाते में पैसा गया तो उन्हें कष्ट हुआ। जब बुजुर्गों, निराश्रित महिलाओं, वृद्धा, दिव्यांगजनों को सीधे सरकार की सीधी मदद मिलना शुरू हो गई तो अखिलेश जी और उनकी पार्टी को और भी अधिक कष्ट हुआ। जब कोरोना की विपत्ति में सरकार ने करोड़ों जनधन खाता धारक महिलाओं, रेहड़ी पटरी वालों, मजदूरों के खाते में सीधी मदद की तो अखिलेश जी के कष्ट का स्तर और बढ़ गया। आज सभी प्रकार की सब्सिडी, सरकारी मदद सब सीधे लाभार्थी के खाते में जा रही है तो अखिलेश जी समेत सम्पूर्ण विपक्ष को खराब लग रहा है। इसका कारण गरीबों और वंचितों को उनका पूरा हक मिल रहा है, हक की लूट बंद हो गई है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश जिस समाजवादी पेंशन की बात कर रहे थे, उसमें हुआ घोटाला भी उन्हें याद ही होगा। जिसमें बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और अन्य लाभार्थियों का हक सपाई लुटेरों ने लूटा था। कागजों में लाखों ऐसे लोगों को पेंशन दी गई जिनका वजूद ही नहीं था जो मृतक थे।

# कांग्रेस की पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्या भाजपा में हो सकती हैं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**टिकट** न मिलने से नाराज कांग्रेस की महत्वपूर्ण कैंपेन लड़की हूं, लड़ सकती हूं की पोस्टर गर्ल और महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष प्रियंका मौर्य भाजपा में शामिल हो सकती हैं। प्रियंका मौर्य ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि टिकट वितरण की प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर धांधली हुई है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए लड़की हूं, लड़ सकती हूं अभियान की शुरुआत की थी। इस कैंपेन के लिए प्रियंका मौर्य कांग्रेस की पोस्टर गर्ल थीं। हालांकि उन्हें कांग्रेस ने विधानसभा का टिकट नहीं दिया। प्रियंका मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने मेरे चेहरे, मेरे नाम और मेरे 10 लाख सोशल मीडिया फॉलोअर्स का इस्तेमाल प्रचार के लिए किया, लेकिन जब आने वाले चुनाव के लिए टिकट की बात आई तो यह किसी और को दे दिया गया, यह अन्याय है। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट नहीं मिला क्योंकि मैं एक ओबीसी लड़की हूं और प्रियंका गांधी के सचिव को रिश्वत नहीं दे सकती थी। बता दें कि महिला वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा ने लड़की हूं, लड़ सकती हूं नाम से कैंपेन की शुरुआत की थी।

# फूलन स्वाभिमान सेना ने सपा को दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को फूलन स्वाभिमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखदेव साहनी और भीम फाउण्डेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शास्त्री ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समाजवादी पार्टी को पूर्ण समर्थन दिया है। दोनों संगठनों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में अपनी आस्था जताई।

पूर्व राज्य मंत्री राम हृदय राम ने सपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर कहा कि भाजपा सरकार संविधान को कमजोर कर रही है। आरक्षण और नौकरियां खत्म कर रही है। हमारा संविधान और समाज समाजवादी पार्टी सरकार में ही सुरक्षित रहेगा। इस मौके पर वीरांगना उदा देवी पासी गौरव मंच के संयोजक मनोज पासवान, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के रविदत्त राव ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह खिण्डा एवं किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के सौरभ कुमार शुक्ल, राष्ट्रीय संयोजक, हनुमान प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष, नन्हें उर्फ चंद्रमौलि द्विवेदी संसदीय बोर्ड अध्यक्ष, पीर अली खान प्रदेश अध्यक्ष, मो शान खान राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ डॉ रिजवान प्रदेश अध्यक्ष युवा जय मिगलानी प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संदीप श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश शुक्ला राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने भी समाजवादी पार्टी को समर्थन देने का पत्र सौंपा है।

# मैं सपा गठबंधन के साथ हूं: शिवपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि मैं समाजवादी पार्टी के गठबंधन के साथ हूं। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई के इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकता हूं, यह दावा पूर्णतया निराधार और तथ्यहीन है। शिवपाल ने कहा कि मैं अखिलेश यादव के नेतृत्व वाले समाजवादी पार्टी गठबंधन के साथ हं और अपने समर्थकों से आह्वान करता हूं कि प्रदेश की भाजपा सरकार को उखाड़ कर फेंक दें एवं प्रदेश में समाजवादी पार्टी के गठबंधन वाली सरकार बनाएं। ज्ञात हो कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया है। गठबंधन के कई दिन बीत जाने के बाद भी शिवपाल व देश के मध्य सीटों को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। अभी दो दिन पहले ही शिवपाल सिंह यादव की अखिलेश यादव के साथ करीब एक घंटे तक बैठक चली थी उसमें भी सीटों को लेकर कोई खास निर्णय नहीं निकल पाया था।

# छपरौली से रालोद ने बदला प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन की तरफ से पूर्व में जारी प्रत्याशियों की सूची में छपरौली सीट से घोषित प्रत्याशी को विरोध के बाद बदल दिया गया है। अब वहां से रालोद के सिम्बल पर प्रो अजय कुमार पार्टी के प्रत्याशी होंगे। जबकि मुजफ्फरनगर से सौरभ स्वरूप को पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की सीटों पर चुनाव होना है, ऐसे में आरएलडी के ज्यादा उम्मीदवार खड़े किए गए हैं। राष्ट्रीय लोकदल ने तीन दिन पूर्व छपरौली विस सीट पर पूर्व विधायक वीरपाल राठी को प्रत्याशी घोषित किया था। वीरपाल राठी का टिकट घोषित होते ही छपरौली से लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आवास पर विरोध होना शुरू हो गया था। क्षेत्रीय लोगों ने जयंत चौधरी से टिकट बदलने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि पहले तो जयंत चौधरी ने इससे मना कर दिया लेकिन विरोधी प्रत्याशी के खिलाफ पंचायत कर निर्दलीय प्रत्याशी उतारने की बात कहते हुए दिल्ली से बैरंग लौट आए थे। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी उतारने तक की धमकी दे दी थी। ऐसे में आज रालोद ने छपरौली के टिकट परिवर्तन की सूची जारी कर दी। जिसमें छपरौली सीट से वीरपाल राठी की जगह पूर्व विधायक डा. अजय कुमार को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। वहीं मुजफ्फरनगर सदर सीट पर पूर्व मंत्री स्वर्गीय चित्तरंजन स्वरूप के बेटे सौरभ स्वरूप को गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किया गया है। बताया जा रहा है कि इस सीट पर सगे भाई गौरव स्वरूप भी टिकट के दावेदार थे। लेकिन सदर सीट पर सौरभ स्वरूप को टिकट दिया गया है।

● मुजफ्फरनगर से सौरभ स्वरूप होंगे उम्मीदवार

# यूपी में कांग्रेस की सरकार बनी तो लागू की जाएगी गोधन न्याय योजना: भूपेश बघेल

● छत्तीसगढ़ के सीएम ने किसानों की बदहाल स्थिति पर आमदनी न हुई दोगुनी, दर्द सौ गुना श्वेतपत्र जारी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो आवारा पशुओं को लेकर छत्तीसगढ़ की तर्ज पर यहां पर भी गोधन न्याय योजना लागू की जाएगी। यहां पर भी गोबर खरीदा जाएगा ताकि किसानों को आय हो और लोग पशुओं को अपने घर पर रखें। यूपी की समस्याओं का हल कांग्रेस की प्रतिज्ञाओं में शामिल है।

बघेल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर रहे थे। इस दौरान पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल खत्री भी मौजूद रहे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मोदी राज में किसानों की बदहाल स्थिति पर श्वेतपत्र आमदनी न हुई दोगुनी दर्द सौ गुना जारी किया। छुट्टा जानवरों के मुद्दे और गाय पर हो रही राजनीति को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यूपी में गाय के नाम पर खूब राजनीति हुई। अब लोगों ने मवेशी रखना बंद कर दिया। मवेशी बाजार बंद हो गए। जानवर खुले में घूम रहे हैं और उत्तर प्रदेश के किसान रतजगा करके फसल की रखवाली कर रहे हैं। इसी उत्तर प्रदेश में किसान अपनी फसल बचाने में नाकाम हो रहे हैं, दूसरी तरफ गौशालाओं में गायें मर रही हैं, गायें दुबली हो रही हैं और गौशाला चलाने वाले मोटे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानवरों और पशुपालन से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के बारे में छत्तीसगढ़ सरकार ने सोचा और अपनी योजनाओं को लागू किया। इससे छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की संख्या में कमी आई है। किसानों की डीएपी की समस्या को को हमने वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से ख़त्म किया। हमने छत्तीसगढ़ में छुट्टा जानवरों का समाधान निकाला। गायों का गोबर दो रुपये प्रति किलो खरीदना शुरू किया और लाखों टन गोबर खरीदा। वर्मी कंपोस्ट का कार्य शुरू हुआ। आज छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की संख्या में भारी कमी आई है। बघेल ने कहा कि भारत के गरीब, मज़दूर, किसान ने मोदी जी के वायदों पर ऐतबार करके वोट दिया था पर उन्होंने विश्वासघात किया। मोदी सरकार व भाजपा ने भारत के भाग्यविधाता अन्नदाता किसानों पर आघात किया है। भारत कभी इन्हें माफ़ नहीं करेगा। छ: साल होने को आए हैं जब नरेंद्र मोदी ने 28 फ़रवरी 2016 को बरेली, उत्तर प्रदेश की रैली में देश के किसानों से वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करेंगे। अब 2022 है, आय तो दोगुनी हुई नहीं, दर्द सौ गुना जरूर हो गया। उन्होंने कहा छह साल बाद मोदी सरकार ने सितंबर 2021 में एनएसएसओ की रिपोर्ट जारी कर बताया कि किसानों की औसत आय 27 रुपए प्रतिदिन रह गई है और औसत कर्ज़ 74,000 रुपए प्रति किसान हो गया है। सच तो यही है कि मोदी सरकार व भाजपा का डीएनए ही किसान-मज़दूर विरोधी है। मई 2014 में सत्ता में आते ही भाजपा व मोदी सरकार किसानों की ज़मीन हड़पने के लिएए उनके ज़मीन के उचित मुआवज़ा कानून के खिलाफ़ एक के बाद एक तीन अध्यादेश लेकर आई। फिर गेहूं एवं धान पर राज्य सरकारों द्वारा दिया जाने वाला 150 रुपए का बोनस बंद करा दिया। इस मौके पर सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन काले कानून लाकर 700 किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। उनके सिर फोड़ने के आदेश देकर लहू लुहान किया गया। किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाए गए। इससे भी पेट नहीं भरा तो उन्हें लखीमपुर खीरी में देश के गृह राज्यमंत्री की जीप से रौंदकर मार डाला गया। उन्होंने कहा कि लड़कियों का सम्मान करने के साथ कांग्रेस उनके साथ किए गए वादों को पूरा कर रही है, हमारी पहली लिस्ट में 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देना उसी का परिणाम है।

# पूर्वांचल का इनामी अपराधी रमेश सिंह मऊ से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने पूर्वांचल के कुख्यात रमेश सिंह उर्फ काका गैंग के सक्रिय सदस्य एवं 25 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित अपराधी अरविन्द सिंह को मऊ जिले से गिरफ्तार किया है। एसटीएफको सूचना मिली कि पुरस्कार घोषित अपराधी अरविन्द सिंह जो कि कुख्यात रमेश सिंह उर्फ काका गैंग का सक्रिय सदस्य भी है, बढुआगोदाम थाना क्षेत्र सरायलखंसी के पास मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा विश्वस्त सूत्र से ज्ञात स्थान पर पहुंचकर अरविन्द सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द सिंह ने पूछताछ में बताया कि उसके गांव के बगल का ही रमेश सिंह उर्फ काका रहने वाला है, जिससे उसकी घनिष्ठता हो गयी थी। वर्ष 2007 में हम लोगों ने आपसी रंजिश के कारण एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव निवासी जसड़ा थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर का अपहरण कर हत्या कर दी थी। जिसमें थाना रानीपुर जनपद मऊ पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस मुकदमें में पहली बार मैं अपने साथियों के साथ जेल गया था। जेल से छूटकर आने के बाद जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र कुमार से विवाद हो गया था, जिसमें थाना कोतवाली मऊ में एससीएसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था। वर्ष 2009 में जनपद मऊ के कृषि अनुसंधान केन्द्र कुसमौर के निदेशक से रमेश सिंह उर्फ काका और हम लोगों का विवाद हो गया था। इसमें रमेश सिंह उर्फ काका पर रासुका लगा और इसमें हम लोग फिर से जेल चले गये। इसके बाद जमानत पर छूटकर आने के बाद रमेश सिंह उर्फ काका के कहने पर जनपद जौनपुर का अपराधी राहुल राजपूत हम लोगों के साथ रहने लगा। राहुल राजपूत और हम लोगों द्वारा कई व्यापारियों को धमका कर रंगदारी वसूलने का काम किया जा रहा था कि इसी दौरान मुझे और राहुल राजपूत को जौनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 जनवरी, 2022



# पश्चिम बंगाल में अंदरूनी कलह से त्रस्त भाजपा को सभी मुद्दों का समाधान होने की उम्मीद

**भाषा।** कोलकाता

**अंदरूनी कलह** से त्रस्त भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई विधानसभा चुनाव में मिली हार से उभरने की कोशिश कर रही है लेकिन वरिष्ठ नेता पार्टी को आगे बढ़ाने में अधिक समय न देकर सोशल मीडिया पर झगड़े में लिप्त हैं। हालांकि पार्टी को उम्मीद है कि जल्द ही सभी समस्याओं को सुलझा लिया जाएगा। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई में हाल के संगठनात्मक सुधार के बाद मंथन शुरू हो गया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेताओं और पार्टी विधायकों ने शीर्ष नेताओं की उनके फैसलों को लेकर खुले तौर पर आलोचना की थी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, हां, कुछ मुद्दे रहे हैं, कुछ लोग खुश नहीं हैं... लेकिन हमें उम्मीद है कि जल्द ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय सहित पांच विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद अपने नेताओं को एक साथ रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही पार्टी को आंतरिक विद्रोह का सामना करना पड़ है क्योंकि प्रमुख पदों से हटाए जाने से नाराज नेता अलग-अलग बैठकें आयोजित कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, मतुआ समुदाय के प्रमुख नेता और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने हाल में पार्टी के व्हाट्सएप समूहों को छोड़ दिया है और राज्य नेतृत्व पर नए लोगों को लाने के लिए उनके समुदाय के नेताओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया है। अशोक किरतनिया, सुब्रत ठाकुर और मुकुटमणि अधिकारी सहित समुदाय के नौ भाजपा विधायक पिछले एक महीने में भाजपा विधायकों के व्हाट्सएप समूह से बाहर हो गए हैं। शांतनु ठाकुर ने कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा अब पार्टी में मतुआ समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार नहीं करती है। जिस तरह से मुट्ठी भर नेताओं द्वारा पार्टी चलाई जा रही है वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। राज्य पदाधिकारियों की समिति बिना किसी उचित परामर्श के बनाई गई थी।

हालांकि राज्य नेतृत्व ने नाराजगी पर ध्यान दिया है और आश्वासन दिया है कि मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि नाराज नेताओं का समूह जाहिर तौर पर जिलों में अन्य नाराज सदस्यों के संपर्क में है और उन्हें एक मंच पर लाने की कोशिश कर रहा है। मतुआ समुदाय के एक नेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम असंतुष्ट नेताओं के लिए एक मंच बनाना चाहते हैं ताकि वे अपने विचारों को व्यक्त कर सकें। हम केंद्रीय नेतृत्व के कदम उठाने का इंतजार करेंगे, उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद केन्द्रीय नेतृत्व कोई कदम उठाएगा। असंतुष्ट नेताओं के एक वर्ग ने दावा किया कि नए प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में पदभार संभाला था, और राज्य भाजपा महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती को पार्टी सदस्यों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के एक नेता ने कहा, बंगाल में भाजपा को महान ऊंचाइयों पर ले जाने वाले पदाधिकारियों की टीम मुकुल रॉय, बाबुल सुप्रियो और कुछ केन्द्रीय नेताओं के इशारे पर, चुनाव से ठीक छह-सात महीने पहले 2020 में महासचिव (संगठन) सुब्रत चटर्जी को हटाने से परेशान थी। फिर तृणमूल कांग्रेस से लोगों को लाकर टिकट दिया गया और पुराने लोगों की अनदेखी की गई। परिणाम सभी को पता है।

## सोनिया, राहुल, प्रियंका से मिले बघेल, उप्र चुनाव और छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात कर उप्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान और छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, बघेल ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को अपने पुत्र के विवाह का निमंत्रण भी दिया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ बघेल की मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान और खासतौर पर डिजिटल प्रचार के तौर-तरीकों को लेकर चर्चा की गई। बघेल ने उप्र में अपने चुनावी दौरे के आधार पर कांग्रेस नेतृत्व को अपना फीडबैक भी दिया। बघेल उप्र विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक हैं। मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में लागू कई जनहितैषी योजनाओं को पार्टी द्वारा चुनावी राज्यों के घोषणा पत्र में शामिल करने की संभावना है।



आगरा में कड़ाके की ठण्ड में ऐतिहासिक ताजमहल को देखने पहुंचे पर्यटक।

## असम-मेघालय सीमा विवाद को लेकर संगमा, हिमंत अमित शाह से मिलेंगे

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने बुधवार को कहा कि वह असम के अपने समकक्ष हिमंत बिस्व सरमा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बृहस्पतिवार को मिलेंगे तथा उन्हें छह इलाकों में सीमा विवाद के हल के लिए पूर्वोत्तर के दोनों राज्यों की सिफारिश सौंपेंगे। संगमा ने संवाददाताओं को बताया कि यह मुलाकात बृहस्पतिवार की शाम नई दिल्ली में होगी। मेघालय मंत्रिमंडल की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संगमा ने यह घोषणा की। बैठक में, उनकी सरकार द्वारा सीमा विवाद पर गठित तीन क्षेत्रीय समितियों की सिफारिशों को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि मेघालय की क्षेत्रीय समितियों और असम सरकार की सिफारिशें केंद्रीय गृह मंत्रालय को आगे की कार्वाई के लिए दी जाएंगी।

संगमा ने कहा, असम के मुख्यमंत्री और मैं बृहस्पतिवार की शाम (छह बजे के बाद) दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री को रिपोर्ट सौंपेंगे। हम कम से कम एक साझा रिपोर्ट सौंपेंगे और तब मुझे लगता है कि भारत सरकार को कानून के मुताबिक आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि चर्चा के बाद गृह मंत्रालय एक निष्कर्ष को अंतिम रूप देगा। उन्होंने कहा कि सीमांकन, संसदीय प्रक्रिया के बाद किया जाएगा। संगमा ने कहा, भारतीय सर्वेक्षण विभाग को आना होगा और संयुक्त अवलोकन करना पड़ सकता है तथा विधेयक भी पारित करना होगा। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य सीमावर्ती इलाकों में गांवों पर सहमत हो गए हैं तथा नदियों और वनों सहित प्राकृतिक सीमाओं की पहचान कर ली गई है। मतभेद वाले छह स्थानों पर 36 गांव है जिनका कुल क्षेत्रफल 36.79 वर्ग किमी है। संगमा ने कहा कि सीमा विवाद 50 वर्षों से है और इसका हल करना मुश्किल कार्य है लेकिन दोनों राज्यों की कोशिशों के चलते हम एक समाधान पर पहुंच गए हैं

## चन्नी बेईमान आदमी हैः अरविंद केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी आम आदमी नहीं बल्कि बेईमान आदमी हैं। केजरीवाल ने चन्नी के रिश्तेदारों के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर कांग्रेस नेता को घेरने की कोशिश की है। केजरीवाल ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब ईडी ने बालू माफिया के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चन्नी के रिश्तेदार और अन्य से जुड़े परिसरों पर छापा मारा है। चन्नी ने छापेमारी को मामले में उन्हें फंसाने का प्रयास करार दिया और दावा किया कि यह बदला लेने के लिए किया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस महीने की शुरुआत में फिरोजपुर में एक रैली को संबोधित किए बिना लौटना पड़ा था। केजरीवाल ने अपनी टिप्पणी के जरिए चन्नी की आम आदमी की छवि को निशाना बनाने की कोशिश की है। चन्नी पिछले साल मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही खुद को आम आदमी दिखाने की कोशिश में जुटे हैं।

## हरक सिंह की वापसी को लेकर कांग्रेस में विरोध तेज

**भाषा।** देहरादून



**उत्तराखंड** विधानसभा चुनाव के लिए 14 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले भाजपा से निष्कासन के राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने कांग्रेस में जल्द वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं, लेकिन प्रदेश कांग्रेस में उनकी वापसी को लेकर विरोध बढता जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस में अपने वापसी के खिलाफ बढ़ते विरोध के मद्देनजर हरक सिंह ने दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं से संपर्क कर अपना पक्ष रखा है। हालांकि, सूत्रों ने यह नहीं बताया कि हरक सिंह ने किन नेताओं से संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि हरक सिंह ने शीर्ष नेताओं से मुलाकात के दौरान अपने प्रभाव से पांच से 10 सीटें पार्टी को दिलवाने का भरोसा दिलाया है।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस आलाकमान से अभी तक हरक सिंह को पार्टी में शामिल करने का कोई संकेत नहीं मिला है। दूसरी तरफ, हरीश रावत द्वारा हरक सिंह की कांग्रेस में वापसी का विरोध किए जाने के बाद रावत के समर्थक कई नेता भी खुलकर विरोध में बोलने लगे हैं।

हरीश रावत ने संवाददाताओं से बातचीत में कई बार संकेत दिए कि वह हरक सिंह तथा अन्य बागियों की कांग्रेस में वापसी को लेकर सहज नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2016 में उनकी सरकार के खिलाफ बगावत हरीश रावत के खिलाफ नहीं बल्कि लोकतंत्र और उत्तराखंड के खिलाफ थी। गौरतलब है कि तत्कालीन हरीश रावत सरकार के खिलाफ बगावत करने वाले 10 कांग्रेस विधायकों में हरक सिंह भी शामिल थे। बगावत के बाद प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लग गया था।

रावत के करीबी राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा ने कहा कि 2016 में साजिश के तहत लोकतंत्र की हत्या करने वालों को पार्टी में वापस लेने पर जनता को जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने ऐसे लोगों को पार्टी से दूर रखे जाने पर जोर देते हुए कहा कि इसकी क्या गारंटी है कि एक बार लोकतंत्र की हत्या कर चुके पापी अपने उस कृत्य को फिर नहीं दोहराएंगे? केदारनाथ से कांग्रेस विधायक मनोज रावत ने भी हरक सिंह को लोकतंत्र का हत्यारा बताते हुए कहा कि वरिष्ठ पार्टी नेताओं को इस पर अच्छी तरह विचार करना चाहिए कि ऐसे लोगों को पार्टी में लिया जाए या नहीं।

## क्विक न्यूज

### गोवा में आप के सीएम पद के उम्मीदवार होंगे अमित पालेकर

**पणजी।** आप ने गोवा में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वकील से नेता बने अमित पालेकर को बुधवार को पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। पालेकर (46) हाल ही में आप में शामिल हुए थे और वह सेंट क्रूज़ विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं। अभी यह सीट भाजपा के पास है। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री ने पणजी में उनके नाम की घोषणा की। केजरीवाल ने कहा, गोवा बदलाव चाहता है और आप को तटीय राज्य में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग दिल्ली के शासन मॉडल से प्रभावित हैं। केजरीवाल ने कहा कि इस बार पार्टी ने पूरे राज्य में नए चेहरों को टिकट दिया है। पालेकर, गोवा के लिए एक नया चेहरा है। आप ने घोषणा की थी कि वह गोवा मे अपने मुख्यमंत्री चेहरे के रूप मे भंडारी समुदाय के किसी व्यक्ति को लाएंगे। पालेकर का नाता भंडारी समुदाय से है। केजरीवाल ने इस बात से इनकार कर दिया कि गोवा मे भंडारी समुदाय के एक सदस्य को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बना कर आप जातिगत राजनीति कर रही है। हम अन्य राजनीतिक दलो द्वारा की जाने वाली जातिगत राजनीति को ठीक कर रहे है।

### गोवा में शिवसेना और राकांपा के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन कांग्रेस ने प्रस्ताव पर नहीं दिया जवाब

**पणजी।** गोवा में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन करने की घोषणा की है। बुधवार को दोनों दलों ने यह निर्णय लिया और कहा कि कांग्रेस ने गठबंधन के प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नही दी। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि गोवा मे, शिवसेना और राकांपा के शामिल हुए बिना अगली सरकार नही बन सकती। वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि शिवसेना और राकांपा प्रत्एक, कम से कम 10-12 सीटों पर अपने उम्मीदवार पेश करेगी। पटेल ने राउत के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता मे कहा, गोवा मे चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए राकांपा ने कांग्रेस से बात करने की कोशिश की थी। हमने उनसे कहा कि सरकार बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं। पटेल ने कहा कि संजय राउत ने भी कांग्रेस को मुख्य दल के रूप मे रखते हुए संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को प्रस्ताव दिया था। पटेल ने कहा, लेकिन हमारे इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया नही दी गई। हमें लगा कि कांग्रेस हमें वह सम्मान नही दे रही जिसके हम हक्दार हैं। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा प्रत्एक, कम से कम 10-12 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। गोवा मे कुल 40 सीटें हैं। राउत ने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि वह अकेले सरकार बना लेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए कांग्रेस को शुभकामनाएं।

### ईवीएम के इस्तेमाल को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बुधवार को जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 61ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने को लेकर सहमत हो गया है। जन प्रतिनिधित्व कानून के इस प्रावधान के तहत ही देश में चुनाव में मतपत्र की बजाय ईवीएम से मतदान की शुरुआत हुई थी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने दलीलें सुनी और कहा कि वह उनके मामले को सूचीबद्ध करने पर विचार करेंगे। जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 61ए, जो ईवीएम के इस्तेमाल की अनुमति देती है, को संसद ने पारित नही किया था। इसलिए इस प्रावधान को लागू नही किया जा सकता है।

### बयान में मोदी नाम लेने से उठे विवाद पर पटोले की सफाई को झूठा बताया भाजपा विधायक ने

**लातूर।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और भाजपा के विधायक संभाजी पाटिल निलंगेकर ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के विवादित भाषण मे मोदी का उल्लेख होने के संबंध मे कांग्रेस नेता की तरफ से दी गई सफाई को गलत बताया। पिछले दिनों एक वीडियो मे सामने आए पटोले के बयान पर विवाद खड़ा हो गया है जिसमे वह कथित तौर पर कहते सुने जा सकते है कि वह मोदी को पीट सकते है और गाली दे सकते हैं। बाद मे उन्होंने सफाई दी कि वह भंडारा जिले के एक स्थानीय गुंडे मोदी का जिक्र कर रहे थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात नही कर रहे थे। निलंगेकर ने बयान जारी कर मांग की कि पटोले को उस आदमी की तस्वीर जारी करनी चाहिए और उसका ब्योरा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वह डरावनी है।

### कांग्रेस ने गोवा के लिए पांच और उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को पांच उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। पार्टी की ओर से जारी सूची मे प्रमुख नाम पूर्व मंत्री माइकल लोबो की पत्नी डलैला लोबा है जिन्हें सियोलिम विधानसभा क्षेत्र टिकट दिया गया है। माइकल लोबो और डेलैला हाल मे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। माइकल लोबो को कालंग्यूट विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है।



मुंबई में कोविड-19 के वैरियंट ओमिक्रान के बढ़ते संक्रमण में भी दादर बाजार में लोगों की लगी भीड़।

## तमिलनाडु के राजनीतिक दलों ने शहरी निकाय के लिए एकल चरण चुनाव का समर्थन किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु में राजनीतिक दलों ने शहरी निकायों के लिए एकल चरण में चुनाव कराने और इन चुनावों के सुचारू संचालन के लिए अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती किए जाने का बुधवार को समर्थन किया। तमिलनाडु राज्य निर्वाचन अधिकारी (एसईसी) वी पलानीकुमार की अध्यक्षता में विचार-विमर्श के लिए यहां हुई एक बैठक में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अलावा अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) समेत विपक्षी दलों ने राय रखी कि चुनाव एक दिन में आयोजित किए जाने चाहिए।

बैठक में भाग लेने वाले 11 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसईसी से मांग की कि चुनाव के दौरान कोविड-19 संबंधी सरकारी सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन आयोग की तमिलनाडु में 21 निगमों, 138 नगर पालिकाओं और 498 नगर पंचायतों के लिए चुनाव कराने की योजना है।

इस बीच, नगरपालिका प्रशासन मंत्री के एन नेहरू ने कहा कि तमिलनाडु सरकार चुनाव कराने के लिए तैयार है और उसने चुनाव की संभावित तारीखों के बारे में एसईसी को पहले ही बता दिया है। उन्होंने यहां एक रेलवे पुल की समीक्षा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने का निर्णय निर्वाचन आयोग को लेना है। अन्नाद्रमुक और उसकी सहयोगी भाजपा ने चुनाव के सुचारू संचालन के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को संवेदनशील मतदान केंद्रों पर तैनात किए जाने का आयोग से आग्रह किया। छह साल बाद संभवत: फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले एसईसी ने मतदाताओं की सूची को अंतिम रूप दे दिया है।

## पूर्व सीडीएस दिवंगत जनरल रावत के भाई कर्नल विजय भाजपा में हुए शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश के** पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष दिवंगत जनरल विपिन रावत के भाई सेवानिवृत्त कर्नल (सेवानिवृत्त) विजय रावत उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विजय रावत ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा का काम करने का तरीका बहुत प्यारा है और यही एक पार्टी है जो वास्तव में देश का भला करना चाहती है। उन्होंने कहा, भाजपा की सोच भी बहुत अच्छी है। ज्ञात हो कि पिछले साल एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल विपिन रावत और उनकी पत्नी सहित कई अन्य सैन्यकर्मियों का निधन हो गया था।

## कोर्ट में महाराष्ट्र में बारह भाजपा विधायकों के निलंबन के मामले में सुनवाई पूरी, फैसला बाद में

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा से पीठासीन अधिकारी से दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक साल के लिए निलंबित किए गए भाजपा के 12 विधायकों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। न्यायालय इस पर अपना फैसला बाद में सुनाएगा। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने संबंधित पक्षों से कहा है कि वे एक हफ्ते के अंदर-अंदर लिखित दलीलें दें।

शुरुआत में, एक विधायक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने दलील दी थी कि लंबे समय तक निलंबित रखना, निष्कासन से भी बदतर है क्योंकि इससे निर्वाचकों के अधिकार प्रभावित होते हैं। अन्य विधायकों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि एक साल के निलंबन का फैसला पूरी तरह से तर्कहीन है।

शीर्ष अदालत ने मंगलवार को कहा था कि विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित करने को कोई मकसद होना चाहिए और सदस्यों को अगले सत्र तक में शामिल होने की अनुमति नहीं देने का ैजबरदस्तै कारण होना चाहिए। भाजपा के 12 विधायकों ने एक साल के लिए निलंबित करने वाले विधानसभा में पारित प्रस्ताव को चुनौती दी है। उन्हें पिछले साल पांच जुलाई को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। राज्य सरकार ने उन पर विधानसभा के अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ ैदुर्व्यवहारै करने का आरोप लगाया था। निलंबित 12 सदस्यों में संजय कुटे, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, अतुल भटकलकर, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, योगेश सागर, जय कुमार रावत, नारायण कुचे, राम सतपुते और बंटी भांगड़िया शामिल हैं।

## ईडी की छापेमारी मुझे फंसाने का एक षड्यंत्र हैः पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार उन्हें उस मामले में फंसाने के लिए षड़यंत्र रच रही है, जिसे लेकर राज्य में कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। चन्नी ने आरोप लगाया कि जब भी चुनाव होते हैं, केंद्र में भाजपा नीत सरकार राजनीतिक विपक्षियों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करती है। चन्नी ने अपने रिश्तेदार के आवास पर ईडी द्वारा मंगलवार को की गई छापेमारी का जिक्र करते हुए कहा, इस मामले में मुझे फंसाने के लिए एक षड्यंत्र रचा गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संघीय जांच एजेंसी के कर्मी इस मामले में उन्हें फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। चन्नी ने सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कुछ मंत्रियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पंजाब में अवैध बालू खनन के खिलाफ जारी धनशोधन रोधी जांच के सिलसिले में की गई छापेमारी के दौरान 10 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई, जिसमें से आठ करोड़ रुपए चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी से जुड़े परिसरों से जब्त किए गए। सूत्रों ने बताया कि दो करोड़ रुपए की नकदी संदीप कुमार नाम के एक शख्स के ठिकाने से बरामद हुई है।

चन्नी ने अपने भतीजे के परिसरों पर ईडी की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि नवांशहर (शहीद भगत सिंह नगर जिला) पुलिस द्वारा 2018 में दर्ज प्राथमिकी में उनका नाम शामिल भी नहीं था। बहरहाल, अधिकारियों ने कहा कि नवांशहर पुलिस की 2018 की प्राथमिकी और राज्य में अवैध रेत खनन के कारोबार में कथित रूप से शामिल कुछ कंपनियों एवं व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को मिली इसी प्रकार की अन्य शिकायतों का संज्ञान लेने के बाद यह कार्वाई की गई।

चन्नी ने अपने भतीजे के परिसरों में ईडी की छापेमारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिरोजपुर की हालिया यात्रा से जोड़ने की कोशिश की। इस यात्रा के दौरान मोदी का काफिला किसानों के प्रदर्शन के कारण 15 से 20 मिनट तक रोके जाने के बाद प्रधानमंत्री को रैली को संबोधित किए बिना लौटना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने ईडी की छापेमारी का जिक्र करते हुए कहा, यदि मोदी को लौटना पड़ा, तो इसमें मेरी क्या गलती है?... मुझसे बदला क्यों लिया जा रहा है? पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है।



पालमपुर में मिलिट्री स्टेशन पर परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा की मूर्ति का अनावरण करते हुए सैन्य अधिकारी

मंत्रिमंडल की बैठक

# कर्जदारों को अनुग्रह राशि भुगतान को एसबीआई को 973 करोड़ जारी करने की मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली



**सरकार ने** बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के लिए 973.74 करोड़ रुपए की राशि जारी करने को स्वीकृति दी। यह राशि कोविड-19 महामारी के बीच 2020 में कर्ज की किस्त के भुगतान के लिए दी गई मोहलत से संबंधित है। मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि निर्दिष्ट ऋण खातों में कर्ज लेने वाले लोगों को छह महीने के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर के बराबर अनुग्रह भुगतान के लिए बजट में 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था।

उन्होंने कहा कि इसमें से 4,626 करोड़ रुपए का भुगतान 2020-21 में किया गया। अतिरिक्त 1,846 करोड़ रुपए का दावा लंबित है। मंत्री ने कहा कि इसके निपटान के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बकाया भुगतान को लेकर शेष राशि 973.74 करोड़ रुपए एसबीआई को देने को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने कोविड संकट को देखते हुए 27 मार्च, 2020 को विभिन्न अवधि के कर्ज की किस्त लौटाने को लेकर मोहलत दी थी। यह मोहलत उन किस्तों के लिए दी गई थी, जो एक मार्च से 31 मई, 2020 के चुकाई जानी थी। बाद में इसे बढ़ाकर 31 अगस्त तक कर दिया गया था। वित्तीय और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों से मोहलत अवधि के दौरान 30 नवंबर, 2020 तक दो करोड़ रुपए तक के कर्ज पर लिए गए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर के बराबर राशि संबंधित खातों में जमा करने को कहा गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा था कि इस राशि को संबंधित खातों में डालने के बाद वित्तीय संस्थान केंद्र सरकार के समक्ष उसके भुगतान के लिए दावा करेंगे। दावा राशि के भुगतान के लिए एसबीआई को नोडल एजेंसी बनाया गया था।

### मंत्रिमंडल ने इरेडा में 1,500 करोड़ रुपए की पूंजी डालने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) लि. में 1,500 करोड़ रुपए की पूंजी डालने का निर्णय किया। इससे इरेडा की कर्ज देने की क्षमता बढ़कर 12,000 करोड़ रुपए हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के कर्ज संबंधी नियमों को देखते हुए यह फैसला किया गया है। मंत्री ने कहा कि इरेडा में 1,500 करोड़ रुपए की पूंजी डाले जाने से उसकी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को कर्ज देने की क्षमता 12,000 करोड़ रुपए हो जाएगी। मंत्रिमंडल के इस निर्णय से इरेडा को 3,500 से 4,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सृजित करने में मदद मिलेगी।

# इंडियन गैस एक्सचेंज में इंडियन ऑयल को मिली 4.93 फीसदी हिस्सेदारी

भाषा। नई दिल्ली

**बिजली बाजार** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने अपने गैस एक्सचेंज मंच इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) की 4.93 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को बेचने की बुधवार को घोषणा की। आईजीएक्स के प्रवर्तक आईईएक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) हैं। इसकी स्थापना देश में गैस कारोबार को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। इस प्राकृतिक गैस कारोबार मंच में गेल (इंडिया), ओएनजीसी लिमिटेड, टॉरेंट गैस प्रालि और अडाणी टोटल गैस लिमिटेड रणनीतिक निवेशक हैं। आईईएक्स ने एक बयान में कहा, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड में इंडियन ऑयल की 4.93 फीसदी रणनीतिक हिस्सेदारी की घोषणा करते हैं।

आईईएक्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और आईजीएक्स के निदेशक एसएन गोयल ने कहा कि यह कदम भारत में गैस बाजार के निर्माण के संयुक्त प्रयास के लिहाज से एक अच्छा संकेत है और यह 2030 तक ऊर्जा मिश्रण में गैस की हिस्सेदारी को 15 प्रतिशत तक बढ़ाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गोयल ने एक बयान में कहा, गैस क्षेत्र में इंडियन ऑयल की विशेषज्ञता भारतीय बाजारों के लिए नए उत्पादों को जोड़ने में मदद करेगी।

इंडियन ऑयल की तेल, गैस, पेट्रोकैमिकल के साथ-साथ उर्वरक क्षेत्र में भी मौजूदगी है। इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा, गैस-आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण और देश मे जीवंत गैस बाजार बनाने में इंडियन गैस एक्सचेंज की महत्वपूर्ण भूमिका को हम स्वीकार करते हैं।

## क्विक न्यूज

### वित्त मंत्रालय ने आईआरडीएआई में पूर्णकालिक सदस्य के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बीमा नियामक आईआरडीएआई में पूर्णकालिक सदस्य के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। वित्तीय सेवा विभाग ने एक विज्ञापन में कहा कि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) में पूर्णकालिक सदस्य के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उसने कहा कि आवेदक को बीमा के क्षेत्र में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव किसी वरिष्ठ पद पर कार्य करने का होना चाहिए। इसमें कहा गया कि आवेदक भारतीय रिजर्व बैंक में मुख्य महाप्रबंधक से नीचे रैंक का नहीं होना चाहिए या अन्य वित्तीय संस्थानों अथवा नियामक संस्थाओं में इस पद के समकक्ष होना चाहिए। आईआरडीएआई में 10 सदस्यीय टीम होती है जिसकी अगुवाई चेयरमैन करते है। इसमें पांच पूर्णकालिक सदस्य और चार अंशकालिक सदस्य होते हैं।

### वित्त मंत्रालय ने मंत्रालयों, विभागों से खर्चों को तय सीमा तक रखने को कहा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने राजकोषीय घाटे को निर्धारित लक्ष्य की सीमा में रखने के प्रयासों के तहत मंत्रालयों और विभागों से कहा है कि वे संशोधित अनुमानों के अनुरूप अपने खर्चों को सीमित करें। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग ने कार्यालय ज्ञापन में अनुदानों के लिए अनुपूरक मांगों के तीसरे और अंतिम बैच के लिए प्रस्ताव मांगे है और मंत्रालयों एवं विभागों से कहा है कि वे अपने प्रस्ताव 10 फरवरी तक भेजें। इसमें कहा गया, सभी मंत्रालयों और विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने खर्चे संशोधित अनुमान की सीमा के भीतर सीमित करें। सरकार का आकलन है कि 31 मार्च को खत्म होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 6.8 प्रतिशत रह सकता है। दो चरणों में होने वाला बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होगा और आठ अप्रैल तक चलेगा।

### क्रेडआर पुराने दो पहिया वाहनों के कारोबार में विस्तार के लिए 1.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** पुराने दो पहिया वाहनों के खरीद-बिक्री मंच क्रेडआर ने बुधवार को कहा कि अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए वह 2022-23 में करीब 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 110 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। क्रेडआर ने एक बयान में कहा कि उसकी योजना वित्त वर्ष 2022-23 में 50 क्रेडआर शोरूम खोलने और 2024 तक 100 से अधिक शोरूम खोलने की है। कंपनी की योजनाओं के बारे क्रेडआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सह-संस्थापक शशिधर नंदीगाम ने कहा, वैश्विक महामारी के दौरान हमारे कारोबार में असाधारण तरीके से तेजी आई। कोविड के बाद का प्रतिसाद बहुत बढ़िया था इसलिए हमने अपनी विस्तार योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का फैसला किया। कंपनी ने अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा, गुड़गांव और फरीदाबाद में अपने परिचालन का विस्तार किया है। जबकि बेंगलुरु, पुणे, जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और दिल्ली में उसकी मौजूदगी पहले से थी।

### गेल ने निदेशक (विपणन) रंगनाथन के निलंबन की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड (गेल) ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तारी के बाद कंपनी के विपणन निदेशक ई एस रंगनाथन के निलंबन की पुष्टि की है। सीबीआई ने निजी कंपनियों को पेट्रोरसायन उत्पादों पर छूट देने का वादा कर कथित तौर पर रिश्वत लेते के आरोपों में रंगनाथन को गिरफ्तार किया था। गेल ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया, राष्ट्रपति ने गेल कर्मचारी (आचरण अनुशासन और अपील) नियम, 1986 के नियम 25 के तहत श्री ई.एस. रंगनाथन को 18 जनवरी, 2022 से निलंबित कर दिया है। रंगनाथन को जुलाई, 2020 में गेल का निदेशक (विपणन) नियुक्त किया गया था। उन्हें अगले साल मई में सेवानिवृत्त होना था। सीबीआई ने रंगनाथन द्वारा 50 लाख रुपए की रिश्वत के एवज में निजी कंपनियों को छूट का वादा करने के मामले में 14 जनवरी को अपनी छापेमारी शुरू की थी। शनिवार को रंगनाथन के नोएडा स्थित घर की तलाशी लेने के साथ भीकाजी कामा प्लेस स्थित गेल मुख्यालय में उनके दफ्तर की भी तलाशी हुई। रंगनाथन के कार्यालय को सीबीआई ने सील कर दिया और उनसे पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में शनिवार को निजी कंपनियों के कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आवश्यक मंजूरी लेने के बाद रंगनाथन को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही मंत्रालय ने गेल के निदेशक (कारोबार विकास) एम वी अय्यर को निदेशक (विपणन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का भी आदेश जारी किया है।

### सेबी ने निवेशकों को जागरूक करने के लिए पेश किया मोबाइल ऐप साथी

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन के जरिए शेयर कारोबार के बढ़ते चलन के बीच बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को अपना मोबाइल ऐप...साथी...पेश किया। इस पहल का मकसद निवेशकों को प्रतिभूति बाजार की बुनियादी बातों से अवगत कराना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन अजय त्यागी ने ऐप पेश करते हुए कहा, निवेशकों को प्रतिभूति बाजार की जानकारी के साथ सशक्त बनाने की दिशा में यह मोबाइल ऐप सेबी का एक और कदम है। उन्होंने कहा कि हाल में बाजार में व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या बढ़ी है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इनमें से बड़ी संख्या में निवेशक कारोबार फोन के जरिए कर रहे हैं। यह ऐप जरूरी जानकारी आसानी से हासिल करने में मददगार होगा। सेबी के ऐप का मकसद निवेशकों को प्रतिभूति बाजार की बुनियादी बातों, केवाईसी प्रक्रिया, कारोबार और निपटान, म्यूचुअल फंड, बाजार के ताजा घटनाक्रम, निवेशक शिकायत निपटान व्यवस्था आदि के बारे में जागरूक करना है। यह ऐप हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

### पावर फाइनेंस, आरईसी ने ऋण पर ब्याज दरों में 0.4 प्रतिशत की कटौती की

नई दिल्ली, 19 जनवरी (भाषा) सार्वजनिक क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और आरईसी लिमिटेड ने अपने सभी प्रकार के ऋण पर ब्याज दरों में 0.4 प्रतिशत की कटौती की है। बिजली मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पीएफसी और आरईसी ने अपने हर तरह के ऋण पर ब्याज दरों को 0.4 प्रतिशत तक घटाया है। मंत्रालय ने कहा कि कर्ज की कम लागत के कारण इन संगठनों ने ब्याज दरों को कम किया है। पीएफसी और आरईसी पहले से ही 6.25 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दरों पर अल्पकालिक ऋण प्रदान कर रही हैं। बयान के अनुसार, केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने दरों को कम करने और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए दोनों कंपनियों द्वारा जारी प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऋण की दरों में लगातार कमी करने से बिजली इकाइयों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उधार लेने तथा बिजली क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए निवेश करने में मदद मिलेगी।

# खाद्य तेल आयात पर भारत का खर्च 75 प्रतिशत बढ़कर 1,04,354 करोड़ रुपए पर : सोपा

भाषा। इंदौर

**प्रसंस्करणकर्ताओं के** एक प्रमुख संगठन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में खाद्य तेलों के आयात पर देश का खर्च 75 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,04,354 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

इंदौर स्थित सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के चेयरमैन डेविश जैन के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान अप्रैल से दिसंबर के बीच देश ने खाद्य तेल आयात पर 59,543 करोड़ रुपए खर्च किए थे। जैन ने खाद्य तेलों के धड़ल्ले से किए जा रहे आयात पर चिंता जताते हुए कहा, भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा आयातक है। इस आयात पर हमारी बढ़ती निर्भरता से तेल निर्यातक देशों और उनके किसानों को फायदा हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार को खाद्य तेलों के आयात पर कर की दरें बढ़ाकर आयात नियंत्रित करना चाहिए और इन करों से मिलने वाले राजस्व को तेल-तिलहन क्षेत्र को बढ़ावा देने पर खर्च किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल जरूरत का करीब 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और आयात पर निर्भरता घटाने के लिए पिछले साल अगस्त में एक राष्ट्रीय मिशन की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इस मिशन के तहत खाद्य तेलों और पाम तेल का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयुक्त वातावरण विकसित करने में 11,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा।

# अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार अभी टिकाऊ स्तर पर नहीं : रिपोर्ट

**मुंबई।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आर्थिक पुनरुद्धार के व्यापक होने के कुछ संकेत दिखे हैं लेकिन इसे अभी टिकाऊस्तर हासिल करना होगा। इक्रा रेटिंग्स को उम्मीद है कि देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अक्टूबर-दिसंबर, 2021 की तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 6-6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकता है। इसके साथ ही उसे फरवरी में प्रस्तावित अगली मौद्रिक समीक्षा में भी नीतिगत दरें यथावत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक रिपोर्ट में उसकी मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि दिसंबर तिमाही में आर्थिक गतिविधियां फिर से पटरी में लौटती दिखीं। कुछ क्षेत्रों का प्रदर्शन अक्टूबर तिमाही की तरह पिछड़ने के बावजूद तीसरी तिमाही में स्थिति सुधरी है।

नायर के मुताबिक, कोविड-पूर्व की तुलना में तीसरी तिमाही में वृद्धि का फलक व्यापक होने के संकेत नजर आए हैं जो कि काफी उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, हालांकि, महामारी की तीसरी लहर आने से राज्यों के स्तर पर फिर से पाबंदियां लगनी शुरू हो गई हैं। इससे पता चलता है कि यह पुनरुद्धार अभी टिकाऊ नहीं हो पाया है। रिपोर्ट कहती है कि दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था के 15 में से 10 उच्च-आवृत्ति संकेतकों का प्रदर्शन एक साल पहले की तुलना में बेहतर रहा है।

**जेएसडब्लू एनर्जी लि.** — 3री तिमाही 2020-21 (करोड़ ₹ में)

| | 31 दिसंबर 2020 | 31 दिसंबर 2021 | पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| संचालन राजस्व | 1608.86 | 1893.54 | 17.69 |
| आय | 1659.26 | 1984.34 | 19.59 |
| व्यय | 1487.23 | 1578.96 | 6.17 |
| कर-पूर्व लाभ | 175.91 | 407.49 | 131.65 |
| शुद्ध लाभ | 123.53 | 323.93 | 162.23 |
| प्रति शेयर आय(₹) | 0.75 | 1.95 | |

समेकित, अनंकेक्षित
पीटीआई ग्राफिक

# वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच सेंसेक्स 656 अंक लुढ़का, निफ्टी 18,000 अंक से फिसला

भाषा। मुंबई




**घरेलू शेयर** बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स 656 अंक लुढ़क गया। एनएसई निफ्टी भी 18,000 अंक से नीचे आ गया। वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरू में बढ़त के साथ खुला। लेकिन यह तेजी कायम नहीं रह पाया और कुछ देर के लिए सेंसेक्स 60,000 के नीचे तक चला गया। अंत में यह 656.04 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,098.82 अंक पर बंद हुआ।

सात जनवरी के बाद सेंसेक्स का यह निचला स्तर है। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 174.65 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,938.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस सबसे अधिक 2.77 प्रतिशत नुकसान में रही। इसके अलावा एशियन पेंट्स, एचयूएल, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, विप्रो और कोटक बैंक 2.71 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 नीचे आए। लाभ में रहने वाले शेयरों में एसबीआई, टाटा स्टील, मारुति, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई मिडकैप 0.34 प्रतिशत नीचे आया जकि स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक) लगभग स्थिर रहा। बीएसई में कुल 3,495 शेयरों में 1,827 में गिरावट जबकि 1,579 लाभ में रहे। 89 के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है।

# बिल्डरों को इस साल संपत्ति की कीमतों में 30 प्रतिशत के उछाल की उम्मीद : सर्वे

भाषा। नई दिल्ली

**बिल्डरों** को उम्मीद है कि वर्ष 2022 में संपत्ति की कीमतों में 30 प्रतिशत तक का उछाल आएगा। भवन निर्माण सामग्रियों की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए संपत्तियों के भाव बढ़ सकते हैं। रियल एस्टेट कंपनियों के राष्ट्रीय संगठन क्रेडाई की एक सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 60 प्रतिशत डेवलपरों को इस साल संपत्ति की कीमतों में 20 फीसदी तक बढ़ोतरी की उम्मीद है।

करीब 35 प्रतिशत का कहना है कि कीमत वृद्धि 10-20 प्रतिशत तक हो सकती है, जबकि 25 का मानना है कि संपत्ति के दामों में वृद्धि 10 फीसदी तक ही सीमित रह सकती है। हालांकि, सर्वे में शामिल 21 फीसदी डेवलपर इस साल संपत्ति के दाम 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद जता रहे हैं। देशभर के 1,322 डेवलपरों के बीच 30 दिसंबर 2021 से लेकर 11 जनवरी, 2022 के दौरान कराए गए इस सर्वे के नतीजे रियल एस्टेट डेवलपर धारणा सर्वे 2022 के नाम से जारी किए गए हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डरों का कहना है कि भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के दाम बढ़ने से उनके लिए संपत्ति के दाम बढ़ाना जरूरी हो गया है।

क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्द्धन पटोदिया ने कहा कि महामारी के दौर में डेवलपर अपनी डिजिटल मौजूदगी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं ताकि ऑनलाइन बिक्री बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा, करीब 39 प्रतिशत डेवलपर अपनी 25 प्रतिशत बिक्री ऑनलाइन मंचों से कर रहे हैं और इस साल इसमें और तेजी आएगी। पटोदिया ने कहा, कोविड महामारी की तीसरी लहर आने के बाद हम सरकार से इसकी रोकथाम के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

### फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड के क्षेत्र में शीर्ष सेवा प्रदाता बना रिलायंस जियो, बीएसएनएल दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड सेवाओं की व्यावसायिक शुरुआत करने के दो वर्ष के भीतर रिलायंस जियो ने 20 साल पुरानी सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल को पीछे छोड़कर क्षेत्र के शीर्ष सेवा प्रदाता का स्थान ले लिया है। दूरसंचार क्षेत्र के नियामक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक दूरसंचार उपभोक्ता रिपोर्ट में मंगलवार को बताया गया कि नवंबर में करीब 43 लाख 40 हजार वायर्ड फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड कनेक्शन के साथ जियो क्षेत्र का सबसे बड़ा सेवा प्रदाता है। अक्टूबर में जियो के करीब 41 लाख 60 हजार फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड कनेक्शन थे। इससे पहले, करीब 20 वर्ष से इस क्षेत्र का सबसे बड़ा सेवा प्रदाता बीएसएनएल था। बीएसएनएल के कनेक्शन अक्टूबर में 47 लाख 20 हजार थे जो नवंबर में घटकर 42 लाख रह गए। इस क्षेत्र में भारती एयरटेल के नवंबर में 40 लाख 80 हजार कनेक्शन थे। जियो ने फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड सेवा जियो फाइबर सितंबर 2019 में शुरू की थी, तब बीएसएनएल के इस श्रेणी के ग्राहकों की संख्या 86 लाख 90 हजार थी।

# पेज एक का शेष

### कमरे में...

राधा और चार बच्चों के साथ पुराने सीमापुरी इलाके के जिस फ्लैट में रहता था, उसके मालिक शालीमार गार्डन निवासी अमरपाल सिंह हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि राधा और उसके बच्चों की ठंड से बचने के लिए कमरे में रखी अंगीठी से निकले जहरीले धुएं से दम घुट गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगी।

### लोगों का...

के लोगों की आर्थिक समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए कोई एजेंडा नहीं था और इसलिए, वे गौतमबुद्ध नगर जाने से हिचकिचाते थे।

### सपा को...

भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ उनकी एक तस्वीर भी ट्वीट की। यादव ने इस अवसर पर कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों से हमेशा से प्रभावित रही हैं और अब वह भाजपा की सदस्यता लेकर राष्ट्र की आराधना करने निकल पड़ी हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से प्रधानमंत्री जी से प्रभावित रही हूं। मेरे चिंतन में हमेशा राष्ट्र सबसे पहले है। राष्ट्र धर्म मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मैं बस, यही बोलना चाहती हूं कि अब मैं राष्ट्र की आराधना करने निकली हूं। उन्होंने कहा कि वह अपनी क्षमता के अनुरूप जो भी कर सकती हैं, भाजपा के लिए करेंगी। उप-मुख्यमंत्री मौर्य ने अपर्णा यादव का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि वह हमेशा से ही भाजपा की विचारधारा की समर्थक रही हैं और समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से उन्होंने यह जाहिर भी किया है। उप-मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह अपने परिवार में ही असफल रहे हैं। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव अपने परिवार में ही सफल नहीं हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी असफल रहे हैं। सांसद के रूप में भी असफल हैं। अखिलेश यादव के विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के मद्देनजर मौर्य ने चुटकी लेते कहा कि वह सुरक्षित ठिकाना तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर से तथा उनके सिराथू से लड़ने की घोषणा की जा चुकी है लेकिन अभी तक अखिलेश अपनी सीट का फैसला नहीं कर सके हैं। मौर्य ने कहा अखिलेश यादव अक्सर दावा करते रहते हैं कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बहुत विकास कार्य किए हैं। ऐसा ही है तो वह क्यों नहीं उस क्षेत्र से चुनाव लड़ लेते हैं जिन्हें वह विकसित करने का दावा करते हैं। लेकिन आश्चर्य यह हो रहा है कि वह अपने लिए एक सुरक्षित ठिकाना तलाश रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि अखिलेश आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं। अखिलेश ने भी लखनऊमें संवाददाताओं से बातचीत में इस बात के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि वह कोई भी फैसला आजमगढ़ की जनता से पूछ कर करेंगे। ज्ञात हो कि अखिलेश आजमगढ़ से सांसद हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने भी भाजपा परिवार में अपर्णा यादव का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी का कद और सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा के शासन में गुंडागर्दी को इतना महत्व दिया जाता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाम होते ही लोग अपने घरों के दरवाजे बंद कर देते थे। उन्होंने कहा, यदि पुलिस किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लेती थी तो मियां जान का फोन आ जाता था। यानी सपा के शासन में अखिलेश यादव की नहीं चलती थी, केवल आजम खान की चलती थी। तब आतंक का माहौल था। अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने को हाल में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और दारा सिंह चौहान सहित अन्य नेताओं के भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि अखिलेश यादव ने अपर्णा यादव को भाजपा में शामिल होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा सबसे पहले मैं बधाई और शुभकामनाएं दूंगा। साथ ही साथ खुशी इस बात की है कि हमारी समाजवादी विचारधारा का विस्तार हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमारी विचारधारा वहां पहुंच कर संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम करेगी। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उनको (अपर्णा को) रोकने की कोशिश नहीं की गई, इसके जवाब में अखिलेश ने कहा, नेता जी (मुलायम सिंह यादव) ने उन्हें समझाने की बहुत कोशिश की।

### कोविड से...

की थी। पीठ ने कहा था कि जब तक व्यापक प्रचार नहीं किया जाता, तब तक लोग उस पोर्टल के बारे में नहीं जान पाएंगे, जिस पर वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा था कि कुछ राज्यों ने अखबारों में विशेष रूप से स्थानीय भाषा के अखबारों और स्थानीय चैनलों में विज्ञापनों में पोर्टल के संबंध में पूरा विवरण देकर व्यापक प्रचार नहीं किया। उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने के संबंध में दिए गए उसके निर्देशों के विपरीत अधिसूचना जारी करने पर 18 नवंबर को गुजरात सरकार से अप्रसन्नता जताई थी। शीर्ष अदालत ने चार अक्टूबर को कहा था कि कोविड-19 से मृत किसी व्यक्ति के परिजन को 50,000 रुपए का मुआवजा देने से कोई भी सरकार केवल इस आधार पर मना नहीं करेगी कि मृत्यु प्रमाणपत्र में कारण में वायरस का उल्लेख नहीं है। अदालत ने यह भी कहा था कि संबंधित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण या जिला प्रशासन में कोरोना वायरस के कारण मृत्यु के प्रमाणपत्र और कारण कोविड-19 की वजह से मृत्यु प्रमाणित किए जाने के साथ आवेदन करने की तारीख से 30 दिन के अंदर अनुग्रह राशि दी जानी होती है।

### चीन की...

नदी अरुणाचल प्रदेश में भारत में प्रवेश करती है। इससे पहले गाओ ने ट्वीट कर मंगलवार को किशोर के अपहरण के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने ट्वीट के साथ अपहृत किशोर की तस्वीर साझा की और कहा, भारत सरकार की सभी एजेंसियों से किशोर की जल्द रिहाई सुनिश्चित करने का अनुरोध है। गाओ ने यह भी कहा कि उन्होंने इस घटना के बारे में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक को सूचित किया है।

### 5जी से...

की सुरक्षा के लिए एयरइंडिया ने फ्लाइट रोकने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी तरफ दुबई की अमीरात एयरलाइन ने कहा कि वह शिकागो, न्यर्याक और सैन फ्रांसिस्को सहित कई अमेरिकी शहरों के लिए उड़ानें निलंबित कर देगी, जबकि जापान एयरलाइंस कंपनी और एएनए होल्डिंग्स इंक ने कहा कि वे कुछ मार्गों को छोड़ देंगे और अपने 777 जेट विमानों को यहां से आने-जाने नहीं देंगे। वहीं दूसरी तरफ सिंगापुर एयरलाइंस ने बोइंग 777 के बजाय एयरबस ए 350 के साथ न्यूयॉर्क और लॉस एंजिल्स के लिए उड़ानें संचालित कर रही है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने चेतावनी दी है कि संभावित 5 जी ऊंचाई रीडिंग को प्रभावित कर सकता है जो कुछ जेट पर खराब मौसम में लैंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आकाश में...

ने दक्षिण रनवे को बंद करने का फैसला किया, लेकिन दक्षिण टॉवर के हवाई यातायात नियंत्रक को सूचित करने में विफल रहे, जिसके परिणाम स्वरूप दो उड़ानों को एक ही समय में रनवे से टेक-ऑफ की अनुमति दी गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ही दिशा में आगे बढ़ रहे विमान आपस में टकराने वाले थे। एक रडार नियंत्रक ने इसे देखा और तुरंत (एनके1) ने विमान को सतर्क करने के लिए हस्तक्षेप किया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना रडार नियंत्रकों और एटीसी अधिकारियों के बीच संचार की कमी के कारण हुई।

# पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से संबंध और मजबूत हुएः भारत

भाषा। न्यूयॉर्क



**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के साथ अल-कायदा के संपर्क लगातार मजबूत हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने यह बात कही। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम ने इस आतंकवादी संगठन को ताकतवर होने का मौका ही दिया है।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ग्लोबल काउंटर-टेररिज्म काउंसिल द्वारा मंगलवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक कार्वाई सम्मेलन 2022 में कहा कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने अपने तरीके बदल लिए हैं और उसका मुख्य रूप से ध्यान सीरिया तथा इराक में फिर से जमीन मजबूत करने पर है तथा इसके क्षेत्रीय सहयोगी संगठन विशेष रूप से अफ्रीका और एशिया में अपना विस्तार कर रहे हैं।उन्होंने कहा, इसी तरह, अल-कायदा बड़ा खतरा बना हुआ है तथा अफगानिस्तान के हालिया घटनाक्रम ने उन्हें फिर से मजबूत होने का मौका ही दिया है। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के साथ अल-कायदा के संपर्क लगातार मजबूत हो रहे हैं। अफ्रीका में इसके क्षेत्रीय सहयोगी लगातार विस्तार कर रहे हैं। तिरूमूर्ति यूएनएससी की आतंकवाद निरोधक कार्वाई समिति के 2022 के लिए अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक आतंकवाद निरोधक कार्वाई के संदर्भ में 2001 के 9111 के आतंकवादी हमले आतंकवाद को लेकर हमारे प्रयासों की दिशा में निर्णायक मोड़ साबित हुए थे। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर को हुए इन हमलों ने इस बात को रेखांकित किया था कि आतंकवाद का खतरा गंभीर और सार्वभौमिक है तथा संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के समन्वित प्रयासों से ही इसे हराया जा सकता है। तिरुमूर्ति ने कहा, आतंकवादियों को आपके आतंकवादी और मेरे आतंकवादी के रूप में वर्गीकृत करने का समय चला गया है। आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा होनी चाहिए और आतंकवाद के किसी भी कृत्य को अपवाद नहीं माना जा सकता या जायज नहीं ठहराया जा सकता, चाहे इस तरह के कृत्यों के पीछे मकसद कुछ भी हो और इन्हें कहीं भी, कभी भी और किसी ने भी अंजाम दिया हो।

## मुंबई बम धमाकों के आरोपी पा रहे सुविधाएंः तिरुमूर्ति

भाषा। न्यूयॉर्क

**संयुक्त** राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि 1993 में मुंबई में हुए श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार अपराधी पाकिस्तान में पांच-सितारा सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं और उन्हें सरकारी संरक्षण मिला हुआ है। उनका परोक्ष इशारा अंतरराष्ट्रीय अपराधी दाऊद इब्राहीम की तरफ था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ग्लोबल काउंटर-टेररिज्म काउंसिल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक कार्वाई सम्मेलन 2022 में कहा कि आतंकवाद और देशों के बीच संगठित अपराध के संपर्कों को पूरी तरह पहचाना जाना चाहिए तथा उन पर पुरजोर तरीके से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि 1993 के मुंबई बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार अपराधियों के सिंडीकेट को न केवल सरकारी सुरक्षा दी गई है बल्कि वह पांच-सितारा सुविधाओं का लुत्फ उठा रहा है।
तिरुमूर्ति के बयानों को डी-कंपनी और उसके सरगना दाऊद इब्राहीम से जोड़कर देखा जा रहा है जिसके पाकिस्तान में छिपे होने की बात मानी जाती है। पाकिस्तान ने अगस्त 2020 में पहली बार अपने यहां दाऊद की मौजूदगी को कबूल किया था। इससे पहले, वहां की सरकार ने 88 प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं पर पाबंदियां लगाई थीं, जिनमें भारत द्वारा वांछित अंतरराष्ट्रीय अपराधी दाऊद का भी नाम था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 2022 के लिए आतंकवाद निरोधक कार्वाई समिति के अध्यक्ष तिरुमूर्ति ने कहा कि 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति समेत संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध प्रणलियां आतंकवाद के वित्तपोषण, आतंकवादियों की यात्राओं को रोकने और आतंकवादियों तक हथियारों की पहुंच पर लगाम लगाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इन उपायों का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। भारतीय राजदूत ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि परिषद द्वारा स्थापित सभी प्रतिबंध व्यवस्थाएं अपनी कार्य प्रणाली और निर्णय लेने में उचित प्रक्रिया का पालन करें। निर्णय लेने की प्रक्रिया और आतंकवादी संगठनों को सूचीबद्ध करने या सूची से हटाने के कदम उद्देश्यपरक, त्वरित, प्रामाणिक, साक्ष्य आधारित और पारदर्शी होने चाहिए तथा राजनीतिक एवं धार्मिक विचार-विमर्श के लिए नहीं होने चाहिए।

## नर्सिंग होम में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के एक नर्सिंग होम में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वैलेंसिया क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अन्य 11 लोगों को की हालत गंभीर है। वैलेंसिया के क्षेत्रीय प्रमुख शिमो पुइग ने कहा कि स्पेन का सिविल गार्ड पुलिस बल आग के कारणों की जांच कर रहा है। पुइग ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात अब घायलों के जल्द स्वस्थ होने की है। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने घटना के शिकार व्यक्तियों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सांचेज ने स्पेनिश में ट्वीट किया, मोंकाडा की दुखद खबर मिली। पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। परिवारों और शहर को हर संभव मदद दी जाएगी। मोंकाडा नगर पालिका के नर्सिंग होम से निकाले गए कुल 70 मरीजों में से 25 लोगों को बचाया।

# इजरायली पुलिस ने यरुशलम में विवादित इलाका खाली कराया

एपी। यरुशलम

**इजरायली** पुलिस ने बुधवार को यरुशलम के पड़ोस में स्थित एक विवादित संपत्ति फलस्तीनी नागरिकों के कब्जे से खाली करा लिया और इमारत को ढहा दिया। यह कार्वाई काफी समय से चल रही तनातनी के बाद की गई है।

शेख जर्रा की आवासीय इमारतों में रह रहे फलस्तीनी नागरिकों की इस हफ्ते की शुरुआत में इलाका खाली कराने आए पुलिस कर्मियों से हिंसक झड़प हो गई थी। पास के इलाके में स्थित कई अन्य संपत्तियां भी विवादों के घेरे में हैं। पुलिस के मुताबिक, अधिकारियों ने बुधवार तड़के शेख जर्रा में इमारतें ढहाने के काम को अंजाम दिया। इस दौरान उन्होंने अदालत के आदेश के उल्लंघन, हिंसक घेरेबंदी और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के संदेह में 18 लोगों को गिरफ्तार भी किया। पूर्वी यरुशलम स्थित शख जर्रा से फलस्तीनी नागरिकों को हटाने की कोशिशों का लंबे अरसे से विरोध होता आया है। बीते साल इस कारण इजरायली सेना और गाजा पट्टी के लड़ाकों के बीच 11 दिनों तक संघर्ष चला था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी शेख जर्रा से फलस्तीनी नागरिकों को हटाने की कोशिशों की निंदा करता आया है। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने शेख जर्रा से साहलिया परिवार सहित अन्य बाशिंदों को हटाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे युद्ध अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि घटना से होने वाले गंभीर नतीजों की पूरी जिम्मेदारी इजरायल पर होगी। अब्बास ने अमेरिका से मामले में तत्काल दखल देने की मांग भी की। शेख जर्रा में रह रहे सालहिया परिवार का कहना है कि उसने यह संपत्ति 1967 से पहले खरीदी थी, जबकि प्रशासन ने अदालत में इस दावे को चुनौती दी है। यरुशलम नगर निगम ने विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए एक स्कूल खोलने के इरादे से 2017 में इस संपत्ति को जब्त कर लिया था। बहरहाल, सालहिया परिवार ने यहां पौधों की नर्सरी का संचालन जारी रखा। यरुशलम की एक अदालत ने बीते वर्ष नगर प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इलाका खाली कराने का आदेश दिया था। सालहिया परिवार ने फैसले के खिलाफ अपील दायर कर रखी है, जिस पर निर्णय आना बाकी है। हालांकि, अदालत ने इलाके को खाली कराने के आदेश पर रोक नहीं लगाई है।यरुशलम नगर निगम और पुलिस ने बुधवार को एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि सालहिया परिवार सार्वजनिक स्थल पर जबरन कब्जा कर विशेष जरूरतों वाले हजारों बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रहा है।

## विस्फोट के बाद तेल की एक प्रमुख पाइपलाइन बंद

**अंकारा।** दक्षिण-पूर्वी तुर्की में विस्फोट के बाद एक प्रमुख पाइपलाइन बंद कर दिया गया है, जिससे इराक से विश्व बाजारों में तेल भेजा जाता था। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने एक खबर में बताया कि कहरमान मरअस प्रांत के पाजारजेक शहर के पास मंगलवार देर रात हुए विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई, जिससे अधिकारियों को एक राजमार्ग को भी बंद करना पड़ा। विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाइपलाइन से उत्तरी इराक के किरकुक तेल क्षेत्रों से तुर्की के जेजान बंदरगाह तक तेल पहुंचाया जाता है। तुर्की की पाइपलाइन कम्पनी बीओटीएएस ने कहा कि आग बुझा दी गई है और आवश्यक उपाय किए जाने के बाद जितनी जल्द हो पाएगा इसका परिचालन फिर से शुरू किया जाएगा। विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



यूक्रेन के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी इस तस्वीर में कनाडा के विदेश मंत्री व यूक्रेन के विदेश मंत्री संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए



चीन के तियानमेन स्क्वायर के पास ओलंपिक के लिए हो रही सजावट के दौरान एक बच्चा लाल रंग के कपड़े से खेलता हुआ

# आतंकी हमले के पीड़ित चीनी नागरिकों को मुआवजा देगा पाकिस्तानः रिपोर्ट

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** सरकार एक प्रमुख पनबिजली परिजयोजना में कार्यरत उन 36 चीनी नागरिकों को मुआवजा देगी, जो बीते साल देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकी हमले में या तो मारे गए थे या फिर घायल हुए थे। एक मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को यह दावा किया गया। इस फैसले को पाकिस्तान की क्षेत्र में अपने सदाबहार करीबी सहयोगी चीन को लुभाने की एक और कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

13 जुलाई 2021 को आतंकियों ने चीनी कर्मचारियों को खैबर पख्तूनख्वा की दासू पनबिजली परियोजना के कार्यस्थल पर ले जा रही बस को निशाना बनाया था। इस हमले में दस चीनी कर्मचारी, जिनमें अधिकतर इंजीनियर शामिल थे, मारे गए थे, जबकि 26 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, वित्त मंत्री शौकत तरीन की अध्यक्षता वाली पाकिस्तान की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) चीनी नागरिकों को दिए जाने वाले मुआवजे की रकम तय करेगी। यह रकम 46 लाख डॉलर से लेकर 2.03 करोड़ डॉलर तक हो सकती है। दासू पनबिजली परियोजना का वित्त पोषण विश्व बैंक करता है। यह परियोजना चीन-पाक आर्थिक गलियारे (सीपेक) के दायरे में नहीं आती है।

अखबार के अनुसार आतंकी हमले के पीड़ित चीनी नागरिकों को मुआवजा देने का मकसद द्विपक्षीय संबंधों में आई बड़ी दरार को दूर करना है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने सरकार पर कोई कानूनी या संविदा संबंधी बाध्यता न होने के बावजूद चीनी नागरिकों को मुआवजा देने का निर्णय लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने अपने नागरिकों पर हमले को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। उसने घटना के विरोध में सीपेक की संयुक्त सहयोग समिति की एक प्रस्तावित बैठक भी कथित रूप से रद्द कर दी थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के बाद चीनी ठेकेदारों ने परियोजना से जुड़ा काम भी रोक दिया था। उन्होंने पीड़ितों के लिए 3.7 करोड़ डॉलर तक के मुआवजे की मांग की थी। यह रकम चीन में आतंकी हमले की सूरत में सरकार की ओर से दी जाने वाली मुआवजा राशि से 500 फीसदी ज्यादा थी।पाकिस्तान सरकार ने शुरुआत में हमले को आतंकी वारदात मानने से इनकार कर दिया था। उसने घटना को गैस लीक से जोड़ने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में इस्लामाबाद ने स्वीकार किया था कि यह एक आतंकी वारदात थी। चीन ने घटना की जांच के लिए विशेषज्ञों का एक दल भी पाकिस्तान भेजा था।

## अपनी भूमिका परिभाषित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले सप्ताह मताधिकार संबंधी विधेयक को पारित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी और इसके लिए सीनेट में नियम बदलने पर जोर दिया। लेकिन उप राष्ट्रपति कमला हैरिस इस बैठक में नहीं थीं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी और हैरिस के सहयोगियों, दोनों से जब पूछा गया कि बैठक में उप राष्ट्रपति शामिल क्यों नहीं हुईं तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। हैरिस के कार्यकाल के पहले साल में उनके सामने आई कठिनाइयों का यह एक और उदाहरण है, जहां वह खुद को और अपनी भूमिका को परिभाषित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। हैरिस पर कई मुश्किल जिम्मेदारियां हैं। उन्हें राष्ट्रपति के साथ अपने तालमेल को लेकर पूछे गए प्रश्नों का सामना करना पड़ा। उन्हें वैश्विक महामारी के अवरोधों के बीच इन सबका सामना करना पड़ रहा है।

# कोविड-19 से जुड़ी स्वास्थ्य आपात स्थिति इस साल खत्म हो सकती हैः डब्ल्यूएचओ

एपी। जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को कहा कि विश्व में कोविड रोधी टीकाकरण और दवाओं के वितरण की असमानताओं को शीघ्रता से दूर किया जाता है, तो इस वर्ष कोविड-19 वैश्विक महामारी से जुड़ी स्वास्थ्य आपात स्थिति यानी उससे होने वाली मौत, अस्पतालों में मरीजों के भर्ती होने और लॉकडाउन से निजात पाया जा सकता है।

विश्व आर्थिक मंच द्वारा टीकों को लेकर असमानता पर आयोजित एक चर्चा के दौरान डॉ. माइकल रेयान ने कहा, हम शायद इस वायरस को कभी खत्म ना कर पाएं, क्योंकि वैश्विक महामारी का रूप लेने वाले ऐसे वायरस अकसर अंत में पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन हमारे पास इस वर्ष जन स्वास्थ्य आपात स्थिति को समाप्त करने का मौका है, अगर हम वे करें जिनके बारे में हम अभी तक बात कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने अमीर और गरीब देशों के बीच कोविड-19 रोधी टीकाकरण में असमानता को एक भयावह नैतिक विफलता बताया। कम आय वाले देशों में अभी तक 10 प्रतिशत से कम लोगों को कोविड-19 रोधी टीकों की पहली खुराक ही दी गई है।

रेयान ने विश्व एवं व्यापारिक जगत के नेताओं की ऑनलाइन बैठक में कहा कि यदि टीकों और अन्य उपकरणों को उचित रूप से साझा नहीं किया गया, तो वायरस की त्रासदी, जिसने अब तक दुनिया भर में 55 लाख से अधिक लोगों की जान ली है...वह जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी अधिकतम आबादी का टीकाकरण करने की जरूरत है, ताकि इससे किसी की जान ना जाए। रेयान ने कहा, समस्या, इससे होने वाली मौत है। इससे लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आना है। यह हमारी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यवस्था का विघटन है, जो त्रासदी का कारण बना है...

रेयान ने कहा, स्थानिक (एक क्षेत्र तक सीमित) मलेरिया से लाखों लोगों की जान गई। स्थानिक एचआईवी, स्थानिक हिंसा हमारे शहरों में विद्यमान है। स्थानिक का मतलब अच्छा नहीं है। स्थानिक का मतलब है कि यह हमेशा के लिए मौजूद रहेगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने आगाह किया है कि इसकी ज्यादा संभावना नहीं है कि कोविड-19 को समाप्त कर दिया जाएगा और इससे लोगों की मौत भी होगी भले ही ऐसा बहुत कम हो या यह स्थानिक हो। इस कार्यक्रम में इज़राइल के प्रधानमंत्री नफताली बेनेट जैसे विश्व नेताओं ने वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों पर अपने विचार रखे।

बेनेट ने कहा कि उनके देश ने व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया है और उनके पास कोविड-19 से निपटने की दिशा में दवाओं और टीकों के लिए अग्रणी रहने की रणनीति है। इज़राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि देश में 62 प्रतिशत लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है, उन्हें बूस्टर खुराक भी लग चुकी है।

जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि उनके देश में व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया है, क्योंकि समाज बुजुर्गों और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोगों की रक्षा करना चाहता है। फरवरी के अंत तक सीमा पर कड़ी पाबंदियां रखने की योजना भी है।



रूस की सेना का बख्तरबंद गाड़ियों का काफिला यूक्रेन की सीमा की ओर एक राजमार्ग के माध्यम से जाता हुआ

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Vinay Sharma (hereinafter referred to as the said Mortgagors/Borrowers) is intending to purchase the Property Bearing No. 621/43, New No. B-299, area measuring 150 sq. Yds., out of Khasra no. 308, Situated at village Gujran Khadar, in the Abadi of B-Block, Gali No. 12 & 13, Bhajanpura, Illaqa Shahdara, Delhi(hereinafter referred to "said property") from Mr. Kulwant Singh, who are the owners of above the said property by way ofRelinquishment Deed dated 15.12.2021 Doc No. 3239 and Now, Mr. Vinay Sharma has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance,gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion ofthe 10 days shall not be binding upon the said property or my Client& in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# कैलिडोस्कोपिक दृश्य

**पंकज कुमार ने नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के लिए अपनी गुवाहाटी यात्रा के दौरान इस क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, विविध नृत्य परंपराओं, टिकाऊ शिल्प और फुट-टैपिंग संगीत की एक झलक देखी और इसको अपने कैमरे में कैद किया**



















## एक रसीला पैलेट

**उमा नायर कहती हैं, अप्पाराव गैलरी में प्रदर्शित सोहन कादरी की कृतियों में दोतरफा विरोधों का एक शांत सह-अस्तित्व है।**

अप्पाराव गैलरी में कागज पर सोहन कादरी के कार्यों की प्रदर्शनी, टीएपी इंडिया प्लेटफॉर्म पर, एक ऐसे कलाकार की भावना और अभिव्यक्ति है जो एकांत में काम करने में प्रसन्नता रखता है। कवि और तांत्रिक गुरु कादरी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार थे, जो आध्यात्मिकता और योग से गहराई से जुड़े थे। प्रसिद्ध कला समीक्षक डोनाल्ड कुस्पित ने कादरी को ''आधुनिकता के पूर्व-प्रतिष्ठित सौंदर्यवादी रहस्यवादी'' कहा।


कागज पर ये काम आपके अस्तित्व को चमकीले रंग और चिपचिपाहट की झांकी की तरह आलिंगन करते हैं; वे भारत के देहाती गांवों में जीवन के हरे-भरे पैलेट को भी याद करते हैं। कादरी, जिन्होंने कुमार गैलरी में एक साक्षात्कार में मुझसे कहा, 'मैं एक बिंदु हूं', ने उत्कृष्टता की अपनी खोज में अमूर्त प्रतिनिधित्व को छोड़ दिया। इन कार्यों में उनके बारे में एक तैरती हुई वस्तु की एक अदृश्य कृपा है।


कलात्मक अन्वेषण के मामले में कादरी की कागज और डाई का उपयोग करने की प्रक्रिया अद्वितीय और दुर्लभ थी। वह कागज को तरल से नहलाता था और ब्रश से स्याही और रंग लगाते समय उसे कई चरणों में तराशता था। ये कृतियाँ तुरंत जीवंत और सूक्ष्म रंगों से ओत-प्रोत हैं। कागज के साथ कादरी का सबसे बड़ा प्रतीक चिन्ह दाँतेदार सतहें थीं जिनके बारे में उनके बारे में ऊर्जा और लचीली लय की आभा थी। कादरी, द्रष्टा और विचारक के हाथों में, कागज की प्रकृति ही त्रि-आयामी माध्यम में बदल जाएगी।

पश्चिम में उनके कई वर्षों ने उन्हें अधिकांश भारतीय कलाकारों की तुलना में अमूर्तता का अभ्यास और गहरी समझ दी, जो केवल यह सोचते हैं कि यह प्रतिनिधित्व है। उसके लिए, रंग की पट्टी, गहरी तह और उसके क्षेत्र में कहीं न कहीं एक छोटी सी बिंदी के संकेत उसके बारे में दुर्लभ और अदृश्य दोनों तरह का आध्यात्मिक उत्साह रखते थे। उनके अधिकांश संग्राहक यूरोपीय थे जो डिजाइन की गतिशीलता को समझते थे और अक्सर कहते थे कि वह भारत के रोथको थे।

कादरी के सबसे अधिक शो







दिल्ली में कुमार गैलरी और न्यूयॉर्क में सुंदरम टैगोर द्वारा आयोजित किए गए थे। कादरी के काम में द्विअर्थी विरोधों का एक शांत सह-अस्तित्व है - पुरुष और महिला, ज्ञात और अज्ञात, भौतिक और आध्यात्मिक। यह प्राच्य दर्शन के प्रतीकों के शाब्दिक अनुवाद से कहीं अधिक है। जब कादरी पेंट करते हैं, तो वे बताते हैं, ''पहले मैं अपने दिमाग को सभी छवियों से खाली कर देता हूं। वे आदिकालीन स्थान में विलीन हो जाते हैं। केवल खालीपन जो मुझे लगता है कि कैनवास के खालीपन के साथ संवाद करना चाहिए।''

एक हिंदू-सिख परिवार में जन्मे, कादरी की कला एक आध्यात्मिक यात्रा से बहुत प्रभावित थी जो कम उम्र में शुरू हुई थी। उन्हें सात साल की उम्र में योग अभ्यास में शुरू किया गया था। एक किशोर के रूप में, वह उच्च सत्य की तलाश में एक तिब्बती बौद्ध मठ में भाग गया। उन्होंने अंत में हिमालय और तिब्बत के सुदूर मंदिरों में दिन बिताए। उस समय उन्होंने जिस अलगाव का अनुभव किया, वह पेंट करने के लिए उनके प्रभावों में से एक था। बाद में जीवन में, वह सूफीवाद और वज्रयान बौद्ध धर्म से मोहित हो गए, जो बाद के कार्यों के लिए प्रेरणा के प्रबल स्रोत बन गए।

## आज़ादी की खोज

**नेशनल गैलरी ऑफ़ मॉडर्न आर्ट, नई दिल्ली ने कला कुंभ कलाकार कार्यशालाओं के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया।**

नेशनल गैलरी ऑफ़ मॉडर्न आर्ट, नई दिल्ली ने कला कुंभ के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया - भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों की वीरता की कहानियों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 750 मीटर मापने वाले स्क्रॉल के लिए कलाकार कार्यशालाएँ।

ये स्क्रॉल देश के विविध भौगोलिक स्थानों से कला के विभिन्न रूपों के साथ राष्ट्रीय गौरव और उत्कृष्टता को व्यक्त करने के साधन के रूप में कला की क्षमता का विश्लेषण करते हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत के सच्चे सार का उत्सव इन कार्यशालाओं में दिखाई देता था जहां भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों के वीर जीवन और संघर्षों को चित्रित करते हुए हमारे देश की सांस्कृतिक पहलुओं में समृद्ध विविधता देखी गई थी। इन पर दो स्थानों, ओडिशा और चंडीगढ़ में फैले 500 से अधिक कलाकारों द्वारा परिश्रमपूर्वक शोध किया गया है और उत्साहपूर्वक चित्रित किया गया है। संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम के अनुरूप इन कार्यशालाओं में सहयोग और सामूहिक कार्य के पहलू को रेखांकित किया गया है। ओडिशा में, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, नई दिल्ली ने 11 से 17 दिसंबर के बीच भुवनेश्वर में कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और सिलिकॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ सहयोग किया और चंडीगढ़ में 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक चितकारा विश्वविद्यालय के साथ सहयोग किया गया।

कला कुंभ-आजादी का अमृत महोत्सव भारत के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और इसकी उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए विविधता में एकता के सार को दर्शाता है। इन कार्यशालाओं में चित्रित स्क्रॉल को भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान के बारे में प्रगतिशील सभी के एक अवतार के रूप में देखा जा सकता है, जिसे एनजीएमए के महानिदेशक, प्रख्यात वरिष्ठ कलाकार अद्वैत गरनायक की कलात्मक दृष्टि के अनुसार बड़े पैमाने पर स्क्रॉल पर प्रमुखता प्रदान की गई है।

लगभग 750 मीटर के दस विशाल स्क्रॉल वीरता की कहानियों और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की विरासत को चित्रित करते हैं। प्रेरणा भारत के संविधान में रचनात्मक दृष्टांतों से भी ली गई है जिसमें नंदलाल बोस और उनकी टीम द्वारा चित्रित कलात्मक तत्वों ने भारत की







स्वदेशी कलाओं के कई अभ्यावेदन के साथ एक विशिष्ट अपील प्रदान की है। ये भारत की स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए गुमनाम नायकों द्वारा किए गए संघर्षों की अंतर्दृष्टि के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व और प्रदर्शन करते हैं। भुवनेश्वर में, आख्यानों ने ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, भारत के उत्तरपूर्वी हिस्सों और आंध्र प्रदेश पर केंद्रित स्वतंत्रता संग्राम के भारत के आंदोलन की वीरता और ऐतिहासिक तत्वों की कहानियों को कलात्मक अभिव्यक्तियों के साथ दर्शाया है, जो कला के स्वदेशी रूपों को दर्शाती हैं जैसे कि पट्टाचित्र, तलपत्र चित्र, मंजुसा, मधुबनी और जादू पटुआ कुछ नाम हैं।

चंडीगढ़ में, कथाएं लद्दाख, जम्मू, कश्मीर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान के गुमनाम नायकों की वीरता की कहानियों का प्रतिबिंब रही हैं, जिसमें कलात्मक अभिव्यक्तियां कला के स्वदेशी रूपों जैसे फड़, को दर्शाती हैं। पिचवई, लघु, कलमकारी, मंदाना, थंगका और वारली। छात्रों ने दोनों जगहों का दौरा किया। एनसीसी कैडेटों ने चंडीगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के भारत के गुमनाम नायकों के रचनात्मक प्रतिनिधित्व को भी देखा है। लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, एसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय पश्चिमी कमान, लेफ्टिनेंट कर्नल अभिनव नवनीत, पीआरओ (रक्षा), डीपीआर, मेजर डीपी सिंह (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारियों ने भी चंडीगढ़ में कार्यशाला का दौरा किया। चंडीगढ़ में कलाकुंभ-आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह में पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित और भुवनेश्वर में सांसद डॉ अच्युत्य सामंत, जो केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक भी हैं, ने शिरकत की। इन कार्यशालाओं के दौरान शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जो पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र और उत्तरी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से भारत की लोक और स्वदेशी प्रदर्शन कलाओं की समृद्ध परंपराओं को दर्शाती है। अगले चरण में, इन स्क्रॉलों को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजपथ पर कलात्मक रूप से रखा जाएगा। इन स्क्रॉलों का रणनीतिक स्थान सभी नागरिकों के लिए एक खुली गैलरी के रूप में काम करेगा और इसका उद्देश्य लोगों को समृद्ध राष्ट्रीय विरासत और भारत की विरासत के बारे में सही मायने में प्रेरित करना है।

# द. अफ्रीका ने पहले वनडे में भारत को हराया

## वान डेर डूसेन और बावुमा ने जड़े शतक

**भाषा**। पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)


शतक पूरा करने के बाद रेसी वान डेर डुसेन

**रेसी** वान डेर डुसेन और कप्तान तेंबा बावुमा के विपरीत अंदाज में जड़े शतक और दोनों के बीच दोहरी शतकीय साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 31 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। वान डेर डुसेन (96 गेंद में नाबाद 129, नौ चौके, चार छक्के) और बावुमा (143 गेंद में 110 रन, आठ चौके) के बीच चौथे विकेट की 204 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 296 रन बनाए।

भारतीय टीम इसके जवाब में शिखर धवन (79), विराट कोहली (51) और शारदुल ठाकुर (नाबाद 50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 265 रन ही बना सकी। धवन और कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन भी जोड़े। दोनों जब तक क्रीज पर थे तब तक भारत का पलड़ा भारी नजर आ रहा था लेकिन इन दोनों के जल्दी जल्दी आउट होने के बाद शारदुल ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। शारदुल ने जसप्रीत बुमराह (नाबाद 14) के साथ 51 रन की अटूट साझेदारी करके हार के अंतर को कम किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एंडिले फेहलुकवायो ने 26, तबरेज शम्सी ने 52 और लुंगी एनगिडी ने 64 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। केशव महाराज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 42 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने कप्तान लोकेश राहुल (12) का विकेट जल्द गंवा दिया जो गेंदबाजी का आगाज करने वाले कामचलाऊ स्पिनर ऐडन मार्कराम की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। धवन शुरुआत से ही अच्छी लय में दिखे। उन्होंने मार्को जेनसन को निशाने पर रखा और उनके पहले चार ओवर में पांच चौके मारे। कोहली ने मार्कराम पर चौके के साथ खाता खोला और नौवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। धवन ने बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 51 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। धवन और कोहली ने 25वें ओवर में टीम का स्कोर 137 रन तक पहुंचाया। धवन 26वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर बोल्ड हो गए। बाएं हाथ के इस स्पिनर की आफ साइड में पिच हुई गेंद काफी अधिक स्पिन हुई और धवन को छकाते हुए विकेटों में समा गई। धवन ने 84 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे।

कोहली ने महाराज की गेंद पर एक रन के साथ 60 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में शम्सी की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में बावुमा को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 63 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। पंत और अय्यर ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पंत छह रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब शम्सी की गेंद पर शॉर्ट कवर पर बावुमा ने उनका कैच टपका दिया।

अय्यर हालांकि एनगिडी की उछाल लेती गेंद पर डिकॉक को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 17 रन बनाए। एक गेंद बाद पंत भी फेहलुकवायो की गेंद पर स्टंप हो गए जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 182 रन हो गया।

पंत ने 16 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर (02) भी एनगिडी की उछाल लेती गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वान डेर डुसेन को कैच दे बैठे। फेहलुकवायो ने रविचंद्रन अश्विन (07) को बोल्ड किया। भारत के 200 रन 39वें ओवर में पूरे हुए। भारत को अंतिम 10 ओवर में 94 रन की दरकार थी और टीम के लिए यह लक्ष्य पहाड़ जैसा साबित हुआ। शारदुल ने मैच की अंतिम गेंद पर एक रन के साथ अपना पहला अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 43 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। इससे पहले धीमी शुरुआत के बाद वान डेर डुसेन और बावुमा ने भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी करके टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। भारत के लिए सबसे सफल गेंदबाज बुमराह रहे जिन्होंने 48 रन देकर दो विकेट चटकाए। अश्विन ने 53 रन देकर एक विकेट चटकाया। बोलैंड पार्क की धीमी पिच पर दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बुमराह ने पांचवें ओवर में आउटस्विंगर पर सलामी बल्लेबाज यानेमन मलान (06) को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। भारतीय गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाए रखा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 10 ओवर में एक विकेट पर 39 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद पहला मैच खेल रहे क्विंटन डिकॉक (41 गेंद में 27 रन) और बावुमा को रन बनाने के लिए जूझना पड़ रहा था। डिकॉक जून 2017 के बाद पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे अश्विन की सीधी गेंद को कट करने की कोशिश में बोल्ड हो गए।

वेंकटेश अय्यर ने सटीक निशाने पर मार्कराम (04) को रन आउट करके दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका दिया। डुसेन और बावुमा ने इसके बाद पारी को संवारा।

दोनों ने नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगाई। वान डेर डुसेन ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने युजवेंद्र चहल पर रिवर्स स्वीप से चौका जड़कर खाता खोला और फिर स्वीप से इस लेग स्पिनर पर दो और चौके जड़े। वान डेर डुसेन ने शारदुल ठाकुर की फ्री हिट पर पारी का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में कुल नौ चौके और चार छक्के लगाए।

बावुमा ने 45वें ओवर जबकि वान डेर डुसेन ने 48वें ओवर में शतक जड़ा। दोनों ही बल्लेबाजों का यह दूसरा शतक है। शारदुल के पारी के अंतिम ओवर में 17 रन बने जिससे मेजबान टीम 300 रन के स्कोर के करीब पहुंची।


अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के लिए भेजते विराट कोहली

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका**: क्विंटन डिकॉक बो अश्विन 27, यानेमन मलान का पंत बो बुमराह 06, तेंबा बावुमा का राहुल बो बुमराह 110, ऐडन मार्कराम रन आउट 04, रेसी वान डेर डुसेन नाबाद 129, डेविड मिलर नाबाद 02
अतिरिक्त: 18
कुल: 50 ओवर में चार विकेट पर: 296 रन
विकेट पतन:1-19, 2-58, 3-68, 4-272
गेंदबाजी: बुमराह 10-0-48-2, भुवनेश्वर 10-0-64-0, शारदुल 10-1-72-0, अश्विन 10-0-531, चहल 10-0-53-0
**भारत**: लोकेश राहुल का डिकॉक बो मार्कराम 12, शिखर धवन बो महाराज 79, विराट कोहली का बावुमा बो शम्सी 51, ऋषभ पंत स्टं डिकॉक बो फेहलुकवायो 16, श्रेयस अय्यर का डिकॉक बो एनगिडी 17, वेंकटेश अय्यर का वान डेर डुसेन बो एनगिडी 02, रविचंद्रन अश्विन बो फेहलुकवायो 07, शारदुल ठाकुर नाबाद 50, भुवनेश्वर कुमार का बावुमा बो शम्सी 04, जसप्रीत बुमराह नाबाद 14
अतिरिक्त: 13
कुल: 50 ओवर में आठ विकेट पर: 265 रन
विकेट पतन: 1-46, 2-138, 3-152, 4-181, 5-182, 6-188, 7-199, 8-214
गेंदबाजी:
मार्कराम 6-0-30-1, जेनसन 9-0-49-0, महाराज 10-0-42-1, एनगिडी 10-0-64-2, शम्सी 10-1-52-2, फेहलुकवायो 5-0-26-2

# पीवी सिंधु हमवतन खिलाड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंचीं

**सैयद मोदी बैडमिंटन**

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**शीर्ष** वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन में आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बना ली है। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेले गए महिला एकल मैच में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने हमवतन तान्या हेमंत को 27 मिनट चले मैच में 21-9, 21-9 से हराया। पहले गेम में तान्या ने कुछ अंक जुटाए लेकिन सिंधु ने उम्दा कोर्ट कवरेज के सहारे अंक जुटाने शुरू किए और पहले 8-3 और फिर 14-5 की बढ़त बनाई।

इसके बाद तान्या 4 अंक और जुटा सकीं। सिंधु ने उम्दा स्मैश और ड्राप शॉट के सहारे तान्या को खासा छकाया और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधु तान्या से 2-1 पिछड़ गयीं। हालांकि सिंधु ने कुछ उम्दा ड्राप शॉट खेलकर अंक जुटाए। दोनों के बीच एक-एक अंक के लिए संघर्ष हुआ लेकिन सिंधु ने 8-4 से बढ़त के बाद 16-8 के स्कोर से लगातार अंक जुटाते हुए 20-8 स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया लेकिन अगली ही सर्विस पर तान्या ने गेम प्वाइंट बचाया। हालांकि कुछ पल बाद सिंधु ने अंक जुटाते हुए 21-9 से मैच अपने नाम कर लिया।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु की अब अगले दौर में अमेरिका की लॉरेन लैम से टक्कर होगी, जिन्होने ईरा शर्मा को 15-21, 21-16, 21-16 से मात दी थी। सिंधु ने पिछला खिताब दो साल पहले जीता था।

उन्हें इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में हार मिल थी। महिला एकल में भारत की कनिका कंवल ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-15, 16-21, 21-6 से मात दी। पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया ने भारत की वैदेही चौधरी को 21-16, 21-10 से मात दी। अन्य मैचों में छठीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग ने भारत की श्रीकृष्णा कुद्रावल्ली को 21-13, 21-13 से हराया। एक अन्य मैच में फ्रांस की येले होयॉक्स ने भारत की अनुरा प्रभुदेसाई को 21-17, 21-18 से हराया।

बुल्गारियन इंटरनेशनल की चैंपियन भारत की सामिया इमाद फारूकी ने श्रुति मुंदादा को तीन गेम तक चले मुकाबले में 17-21, 21-11, 21-10 से हराया। सामिया का अगले दौर में हमवतन कनिका कंवल से मुकाबला हागा। वहीं भारत की छठीं वरीय रिया मुखर्जी का अभियान हार से खत्म हो गया। उनको अमेरिका की इशिका जायसवाल ने 21-8, 21-15 से जीत दर्ज की। साई उत्तेजिता राव चुका ने अंजना कुमारी को 21-9 21-12 से मात दी। साई उत्तेजिता की अब आकर्षी कश्यप से टक्कर होगी। मिश्रित युगल में चौथी वरीय भारत के वेंकट गौरव प्रसाद व जूहील देवानगर ने हमवतन क्षितिज त्यागी व मेनी बोरा को करीबी मुकाबले में 21-18, 21-17 से हराया।

दूसरी वरीय मलेशिया के चेन तांग जेई व पेइक येन वेई ने भारत के प्रतीक रानाडे व कनिका कंवल को 21-14, 21-12 से हराया। पुरुष एकल में भारत के 10वीं वरीय चिराग सेन ने भारत में नंबर टू अंसल यादव को आसानी से 21-9, 21-6 से मात दी। पुरुष एकल में कौशल व मिथुन मंजूनाथ ने भी जीत दर्ज की। महिला डबल्स में सातवीं वरीय टी. जॉली व गायत्री गोपीचंद ने भारत की महक नायक व सौम्या सिंह को 21-1, 21-4 से हराया।



## आठ खिलाड़ियों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव

**लखनऊ**। चैंपियनशिप में दूसरे दिन आठ खिलाड़ियों की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव मिली। इसमें ऋद्धि कौर तूर, लिखिता श्रीवास्तव, सतेंद्र मलिक, अपूर्व जावेडकर, दीपक खत्री, कुशल राज और गर्व साहनी व एक अन्य खिलाड़ी की रिपोर्ट पाजिटिव मिली। मिश्रित युगल में मयंक राणा की पार्टनर ऋद्धि कौर तूर की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव रही, जिसके चलते ये जोड़ी भी बाहर हो गयी। महिला युगल में भारत की नवधा मंगलम व लिखिता श्रीवास्तव और आफरीन विश्नोई व चितवन खत्री का मैच था लेकिन लिखिता की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव थी जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी में से भी एक खिलाड़ी की रिपोर्ट पाजिटिव थी जिसके चलते यह मैच कैंसिल हो गया। पुरुष डबल्स में सतेंद्र मलिक व पंकज नैथानी की जोड़ी में से सतेंद्र की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव होने से ये जोड़ी भी बाहर हो गयी। पुरुष डबल्स में ऋत्विक अंबेकर व अपूर्व जावेडकर का भारत की ही केतन चहल व दीपक खत्री से मैच था, लेकिन अपूर्व जावेडकर व दीपक खत्री की रिपोर्ट पाजिटिव होने से ये जोड़ी भी बाहर हो गई। पुरुष डबल्स में भारत के कुशल राज व प्रकाश राज की जोड़ी भी मैच से बाहर हो गई। भारत के ही गर्व साहनी की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव होने से बाहर हो गई।

# राफेल नडाल, ऐश बार्टी और ओसाका आसान जीत के साथ तीसरे दौर में

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी**। मेलबर्न

**अपने** रिकार्ड 21वें ग्रैंडस्लैम की कवायद में लगे राफेल नडाल और महिलाओं के वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी और गत चैम्पियन नाओमी ओसाका ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आसान जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। बार्टी ने रॉड लेवर एरिना पर विश्व में 142वीं रैंकिंग की लूसिया ब्रोनजेटी को आसानी से 6-1, 6-1 से पराजित किया। वह लगातार छठे वर्ष इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। बार्टी ने पिछले 48 गेम से अपनी सर्विस नहीं गंवाई है।

पहले दौर में केवल एक गेम गंवाने वाली बार्टी का अगला मुकाबला इटली की एक अन्य खिलाड़ी और 30वीं वरीयता प्राप्त कैमिला जियोर्गी से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा मार्टिनकोवा को 6-2, 7-6 से हराया। वहीं पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका ने मेडिसन ब्रेंगल को आसानी से 6-0, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना 20 वर्षीय अमेरिकी अमांडा एनीसिमोवा से होगा जिन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच को 6-2 7-5 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त नडाल ने जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हांफमैन को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। नडाल के पास तीसरे सेट के नौवें गेम में हांफमैन की सर्विस पर दो मैच प्वाइंट थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। इसके बाद अगले गेम में भी अपनी सर्विस पर उनके पास दो मैच प्वाइंट थे। हांफमैन के फोरहैंड बाहर मार देने से नडाल ने दो घंटे 42 मिनट तक चला यह मैच अपने नाम किया। सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच भी अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-6 (7), 7-5, 7-6 (8) से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गए है। केसमानोविच को शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार पहले दौर में हमवतन जोकोविच से भिड़ना था। दूसरे दौर के अन्य मैचों में 23वीं वरीयता प्राप्त रेली ओपेल्का ने डोमिनिक कोएफर पर 6-4, 6-3, 7-6 (4) से, 19वीं वरीयता प्राप्त पाब्लो कारेनो बुस्टा ने टैलन ग्रिक्सपुर को 6-3, 6-7 (6), 7-6 (3), 3-6, 6-4 से और 31वें नंबर के कार्लोस अल्कराज ने डुसान लाजोविच को 6-2, 6-1, 7-5 से हराया।

कनाडा के 14वीं वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव को दक्षिण कोरिया के सुन वू क्वान के खिलाफ 7-6 (6), 6-7 (3), 6-7 (6), 7-5, 6-2 से जीत दर्ज करने में पांच सेट तक जूझना पड़ा। यह मैच चार घंटे 25 मिनट तक चला। इस बीच महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा ने भी इटालियन क्वालीफायर मार्टिना ट्रेविसान को 6-0, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका भी जिल टिचमान को 6-1, 6-2 से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। अमेरिका की मेडिसन कीज ने रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टीन को 6-2, 7-6 से पराजित किया।


जीत के बाद राफेल नडाल


लूसिया ब्रोनजेटी के खिलाफ खेलतीं ऐश बार्टी

## रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा बाहर

**मेलबर्न**। भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा बुधवार को यहां अपने पहले दौर के मैच गंवाने के कारण क्रमश: पुरुष और महिला युगल के पहले दौर से बाहर हो गए। बोपन्ना और फ्रांस के उनके जोड़ीदार एडुआर्ड रोजर वेसलिन ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले क्रिस्टोफर रंगकाट और ट्रीट हुए के खिलाफ अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और आखिर में उन्हें पहले दौर के इस मैच में 6-3, 6-7(2), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटा 48 मिनट तक चला। दूसरी तरफ सानिया और यूक्रेन की उनकी जोड़ीदार नादिया किचनोक स्लावानिया की तमारा जिदानसेक और काजा जुवान की जोड़ी से एक घंटे 37 मिनट में 4-6, 6-7(5) से हार गई। किचनोक आज लय में नहीं थी और उन्होंने कई सहज गलतियां की। बोपन्ना और सानिया अब मिश्रित युगल में अपना भाग्य आजमाएंगे। बोपन्ना ने क्रोएशिया की दारिया जुराक श्राइबर जबकि सानिया ने अमेरिका के राजीव राम के साथ जोड़ी बनाई है। भारत के चार खिलाड़ियों ने एकल क्वालीफायर्स में हिस्सा लिया था लेकिन उनमें से कोई भी मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना पाया।

## सानिया मिर्जा 2022 सत्र के बाद संन्यास लेंगी

**मेलबर्न**। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने बुधवार को घोषणा की कि 2022 उनका अंतिम सत्र होगा क्योंकि उनका शरीर थक रहा है और उनके अंदर प्रत्येक दिन के दबाव के लिए ऊर्जा और प्रेरणा अब पहले जैसी नहीं है। सानिया (35 वर्ष) ने छह ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए हैं जिसमें तीन मिश्रित युगल ट्राफियां शामिल हैं। वह भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी के तौर पर संन्यास लेंगी।

सानिया ने अपनी जोड़ीदार नादिया किचनोक के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के महिला युगल के पहले दौर में हारने के बाद संन्यास की यह घोषणा की।

## न्यूजीलैंड का आस्ट्रेलिया दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एपी**। क्राइस्टचर्च

**न्यूजीलैंड** का सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए 30 जनवरी से शुरू होने वाला आस्ट्रेलिया का दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

क्योंकि न्यूजीलैंड की सरकार ने कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण खिलाड़ियों को स्वदेश वापसी पर अनिवार्य कड़े पृथकवास से छूट देने से इन्कार कर दिया।

न्यूजीलैंड को इस दौरे में 30 जनवरी से आठ फरवरी के बीच तीन एकदिवसीय और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना था लेकिन इसे अब अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है क्योंकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि खिलाड़ी वापस न्यूजीलैंड लौट सकते हैं। कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रान की लहर को देखते हुए न्यूजीलैंड सरकार ने 10 दिन के कड़े पृथकवास नियम को लागू किया है।

## भारतीय महिला टीम की दो सदस्यों को कोरोना

**भाषा**। मुंबई

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों को एएफसी एशियाई कप से पहले कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया जिससे आयोजकों ने उन्हें पृथकवास के लिए एक चिकित्सा सुविधा में रख दिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने ट्वीट किया, एएफसी महिला एशियाई कप भारत के लिए भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम की दो सदस्यों को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है और उन्हें इस समय चिकित्सा सुविधा में पृथकवास में रखा गया है। महासंघ ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि एआईएफएफ अपने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) द्वारा जारी जरूरी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है। एआईएफएफ ने कहा कि इन दोनों में से एक खिलाड़ी ईरान के खिलाफ मैच में शुरूआती एकादश में खेली होती।

# चेल्सी की खिताब जीतने की उम्मीदों को लगा झटका

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

**एपी**। ब्राइटन

**चेल्सी** को शुरुआती बढ़त के बावजूद मंगलवार की रात को यहां ब्राइटन के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा जिससे उसकी इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीतने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा।

चेल्सी लीग में पिछले चार मैच से जीत दर्ज नहीं कर पाया है। उसे हाकिम जिएक ने 29वें मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन ब्राइटन के डिफेंडर एडम वेबस्टर ने 60वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

चेल्सी अब भी पहले की तरह तीसरे स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से 12 अंक पीछे है। सिटी के 22 मैचों में 56 और चेल्सी के 23 मैचों में 44 अंक हैं। लिवरपूल 21 मैचों में 45 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

**रीयल बेटिस बड़ी जीत से स्पेनिश लीग में तीसरे स्थान पर बरकरार**

**मैड्रिड**। स्ट्राइकर बोर्जा इगलेसियास के दो गोल की मदद से रीयल बेटिस ने अलावेस को 4-0 गोल से करारी शिकस्त देकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने तीसरे स्थान को मजबूत किया। इस जीत से रीयल बेटिस चौथे नंबर पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज रीयाल मैड्रिड से 12 अंक पीछे है।

बेटिस ने इगलेसियास के दो गोल और सर्जियो कनालेस के एक गोल से पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। जुआनमी जिमीनेज ने दूसरे हाफ के शुरू में टीम की तरफ से चौथा गोल करके उसकी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

# कप्तान यश धुल सहित छह खिलाड़ियों को कोरोना

## अंडर-19 विश्व कप में भारतीय अभियान को लगा झटका

**भाषा**। तारोबा (त्रिनिदाद)

**भारत** की अंडर-19 टीम के कप्तान यश धुल, उप कप्तान शेख रशीद और टीम के उनके चार साथी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं जिसके कारण उन्हें बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप के ग्रुप बी मैच में बाहर रहने को बाध्य होना पड़ा। इससे भारत के अभियान को बड़ा झटका लगा है। धुल और रशीद के अलावा बल्लेबाज आराध्य यादव, वासु वत्स, मानव परख और सिद्धार्थ यादव भी इस वायरस से संक्रमित पाए गए हैं जिसके कारण भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बामुश्किल 11 खिलाड़ियों को उतार पाई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि भारत के तीन खिलाड़ी कल पॉजिटिव पाए गए और उन्हें पहले ही पृथकवास में भेज दिया गया था। सुबह मैच से पहले हमारे कप्तान और उप कप्तान भी रेपिड एंटीजेन परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए जो निर्णायक नहीं था। उन्होंने कहा कि इसलिए एहतियात के तौर पर उन्हें मुकाबले से हटा दिया गया। इन खिलाड़ियों में कप्तान यश धुल और उप कप्तान शेख रशीद भी शामिल हैं। हमारे पास सिर्फ 11 खिलाड़ी उपलब्ध हैं और छह खिलाड़ी पृथकवास में हैं। धुल और रशीद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मुकाबले में खेले थे लेकिन अराध्य उस मैच का हिस्सा नहीं थे। धुल की गैरमौजूदगी में निशांत सिंधू बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ टीम की अगुआई कर रहे हैं। भारत ने अपना पहला मैच ज्ञाना में खेला और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए त्रिनिदाद आई। संदेह है कि ज्ञाना में रहने के दौरान खिलाड़ी संक्रमित हुए। भारत को शनिवार को युगांडा से भिड़ना है ।

## कप्तान प्रेस्ट के आलराउंड प्रदर्शन के चलते इंग्लैंड की आसान जीत

बासेटेरे **( सेंट कीट्स )**। कप्तान टॉम प्रेस्ट ने पहले 93 रन की लाजवाब पारी खेली और बाद में तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए लीग मैच में कनाडा पर 106 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 320 रन बनाए। प्रेस्ट ने अपनी पारी में 93 गेंद का सामना किया और 10 चौके लगाए। उनके अलावा जार्ज बेल (57), जार्ज थामस (51) और विलियम लक्सटन (41) ने उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोशुआ बोडेन (44 रन देकर चार विकेट) तथा स्पिनर जैकब बाथेल (45 रन देकर तीन) और प्रेस्ट (38 रन देकर तीन) ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे इंग्लैंड ने कनाडा को 48.1 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी के मैच में युगांडा पर 121 रन से आसान जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी करते हुए डेवाल्ड ब्रेविस के 104 रन की मदद से नौ विकेट पर 231 रन बनाए। इसके जवाब में युगांडा 33.4 ओवर में 110 रन बनाकर आउट हो गया। उधर ग्रुप सी में अफगानिस्तान ने पापुआ न्यूगिनी (पीएनजी) को 135 रन से करारी शिकस्त देकर जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.2 ओवर में 200 रन पर आउट हो गई लेकिन उसने पीएनजी को केवल 20.5 ओवर में 65 रन पर ढेर कर दिया।